चौवीसवें तीर्थपति। शासनके सिरमोर। नाथके भव २७ माने जाते हैं। सम्यक्त्व प्रगट हो जाय उस समय से। पहले भवमे 'नयसार' नाम था। अुनके कर्तव्य बडे अच्छे। अुनके वहाँ भूखो को अन्न मिलता था। अुनका व्रत था अतिथिसत्कारका। गुरुजनोंका विवेक और विनय बहुत। प्रतिदिन मातापिताकी भक्ति करे। राजाके विश्वस्त मित्र और सारे शहरकी देखभाल रखते थे। राजाके लिए लकडियाँ लेनेके लिए जगलमे भी जाते। उसके साथ खान-पान नौकर भी बहुत रहते थे। दुपहरी ढली साढे बारह बजे होंगे। भोजनकी तैयारियाँ हुअी। क्या अतिथि है? किसे दिया जाय? भयकर जगलमे अतिथि भी कहाँ मिल जाय। परन्तु अन्यको दिए बिना स्वयम् नही खाते थे। डेरेके बाहर जाकर तलाश करते थे। अगर कोई भूला भटका मानव या सन्यासी मिल जाय। पवित्र भावना जगलमै भी मंगल खडा कर देती है। दूर सुदूर

महात्मा देखे गये। वे बहुत श्रमित और पसीनेसे तरबतर थे। तुरन्त ही धूपमें भी स्वयम् सामने चले। नमस्कार करके कुशल पूछी। आपश्री ऐसे भयंकर जंगलमें कहाँ आ गये।

सार्थको कह कर 'गोचरीके लिए गए। सार्थ चला गया। रास्तेमें भूले पड़े। सार्थपति पर नयसार को क्रोध आ गया। परन्तु 'शान्त पापम्' कह कर मनको शान्त कर दिया। बहुमान पूर्वक डेरे की ओर ले चले। साधु निर्दोष भिक्षा लेते हैं। वृक्षके नीचे जाकर अपनी क्रिया विधि करते हैं। बादमें आहार पानीका उपयोग करते हैं। नयसारको यह प्रक्रिया देखकर बड़ा आनंद आता है। स्वयम् रास्ता दिखलानेके लिए जाते हैं। साधुओंको नयसारका आत्मा बड़ा अच्छा लगता है। पूछते हैं क्या हम दो शब्द कह सकते हैं। खुश होकर कहो, अपना शिष्य समझकर फरमाइये। वृक्षके नीचे बैठना है। सुदेव-सुगुरु सुधर्म का स्वरूप समझाता है। संसारकी भयंकरताका ख्याल कराता है। पुण्यके सुन्दर परिणाम। पापके घातक दुःख। क्षणभंगुरता जीवनकी, लक्ष्मीकी चंचलता, इत्यादि समझाते है। आत्माका शुद्ध स्वरूप और मुक्तिका ध्येय हृदयमें स्थापित करते है।

गद्गद् कंठसे विनति करता है और पैरोंमें शीश झुकाता है। महाभाग अर्ज करता हूं। परमोपकार हुआ। मेरा उध्धार हुआ अपूर्व खजाना दिया। आप मेरे गाँव पधारे। मेरी सर्वस्व धन दौलतका आप स्वीकार कर लें। 'हम हैं जैन साधु, हमें कुछ न चाहिये' धर्ममें कुशल बनो। दानके भाव बढ़ाते रहो। 'धर्मलाभ' साधुओंने रास्ता लिया। नयसार दृष्टि पहुँच सके वहाँ तक देखता है। हृदय आनंदकी हिलोरें ले रहा है।

समाधिमरणसे स्वर्ग सिधारे । वहाँसे भगवन्त ऋषभदेवका पौत्र मरिचि बनता है । स्वामीकी एक ही देशना सुनकर दीक्षा लेता है । उच्चकोटिका संयम पालन । परन्तु किसी भी भवका पापोदय रुकावट करता है । दुःख सहा नही जा सकता है । त्रिदंडीका वेष पहनता है । पैरोमें पादुका । गेरुए रंगके वस्त्र । सिर पर छत्र इत्यादि । अपनेको निर्बल, कषाय-युक्त मानता है । अपितु चलता है, प्रभुजीके साथ । उपदेश मार्गका ही देता है । और साधु बननेके लिए स्वामी के पास भेज देता है। परन्तु भावी विचित्र है । बीमार पड गए । सवेगी साधु सेवा न करे यह बात-समझता जानता है। शिष्य बनानेका मन होता है । 'अड़ियल प्रकृतिका' कपिल मिल जाता है । प्रभुके मार्गमें ही धर्म है । परन्तु यहाँ भी है । उत्सुत्र बोलता है, भवभ्रमण बढता है । बाद कितन ही भवोमे मनुष्य और देव भी बनता है । मनुष्यमें त्रिदडी बनकर तापस बनता है ।

अतमें विश्वभूति राजकुमारके रूपमे जन्म लेकर दीक्षा लेता है। फिरसे सम्यकत्व प्रकट होता है । परन्तु मानसे क्रोध उत्पन्न होता है, नियाणा करता है । किए हुए महाधर्मकी बिक्री करके विनिमय करता है । ऊंची आराधनामे उग्र पुण्य पैदा हुआ है । विनिमय फल देता है । त्रिपृष्ट वासुदेव त्रिखडका मालिक महाराजा बनता है । शक्तिके केफ में शेर को फाड डालता है । सत्ताके गर्वमे शय्या पालकके कानमे गर्म सीसेका रस डालता है । मरकर नरकमे सिधारे । नरकसे शेर और फिर नारकी ।

महाविदेहकी मुका नगरीमें चक्रवर्ती राजा बनता है । साधुताका पालन करके स्वर्गमे । नदन राजा राजर्षि बनता है ।

बीस पूज्य स्थानोकी आराधना करता है। लक्ष वर्षके संयममें एकादश लक्षसे भी अधिक, मास मासके उपवास करता है।

'सवि जीव करु शासनरसी'की उच्च भावना। आत्माके प्रत्येक प्रदेशमे। तीर्थंकर बननेका निश्चित हो गया। देवलोकमे सिधारे। वहाँसे बयासी दिन ब्राह्मणकुलमे देवानंदा माताकी कुक्षिमे रहे। हीनगोत्र कर्मका भुगवटा पूरा हुआ। यह भी क्या ?

मरिचिके भवमे भरत चक्रवर्ती महाराजाके स्वयम् पुत्र था न ? त्रिदंडी बने भी न ? श्री ऋषभदेव भगवानके मुखसे सुनने मिला, भरत महाराजाको। मरिचि त्रिदंडी चौवीसवाँ तीर्थंकर भगवान महावीर बनेगे। भरत प्रसन्न हुए। वंदन करते हुए, कहते है। त्रिदंडीत्वको मैं नही नमन करता हूँ। भावी तीर्थंकरत्वको प्रणाम करता हूँ। प्रथम वासुदेव आप ही होंगे। मुका नगरमे चक्रवर्ती भी। बस। कुल अभिमान हुआ। मेरा दादा प्रथम तीर्थंकर। पिता प्रथम चक्रवर्ती। मैं प्रथम वासुदेव—फिरसे चक्रवर्ती और बादमे तीर्थंकर अहा धन्य मेरा कुल। नाचे, कूदे और अधिकाधिक प्रसन्न भी हुए। हीन गोत्रकर्मका आत्माको बंधन हुआ (आत्मा, कर्म, असका बंधन आगे विचार करेंगे) व्यवहारमे ब्राह्मण कुल क्षत्रिय-वणिक आदिके आगे जिस तरह अच्छा माना जाता परन्तु भिक्षुक वृत्तिके कारण सूक्ष्म दृष्टिमे हीन माना जाता है।

पहले देवलोकमे (देवलोकादि विश्वव्यवस्थामे समझाऐंगे) देवेन्द्रने आज्ञा दी। सेनापति हरिणैगमेषीने गर्भ पलटा किया। माता त्रिशलाकी कुक्षिमे स्थापित किया राजवी सिद्धार्थके

वहाँ। गर्भ पल्टा साइन्टिफिक क्रिया है। उसमें विशेष आश्चर्य भी नहीं है और यह तो देवशक्तिकृत। बिलकुल तकलीफ नही। ज्ञात भी न हो। कुदरतकी कला ज्ञानी ही समजे।

नाथका जन्म हुआ। ५६ दिक्‌कुमारिकाएँ शुचिकर्म करें। ६४ इन्द्र मेरु पर अभिसिंचन करें। सब युक्ति गम्य। विज्ञान भी मंजूर रखे। मेरु कपनमें बीलकुल आश्चर्य नहीं। ये तो है, अतुलित बलके पुण्यबलके मालिक तीर्थंकर देव। देवेन्द्रोंसे पूजित अवधिज्ञानसे युक्त। जन्मसे वैराग्य सम्पन्न बचपनमें अधिक बल। स्वर्गमें इन्द्र प्रशंसा करें। न समझनेवाला देव परीक्षा करने के लिए आता है। साँप बना। फेक दिया। पिशाच बना। एक ही मुष्ठि प्रहारसे सीधा कर दिया। क्षमा याचना करके लौट गया। मातापिताने वर्धमान नाम रक्खा। इन्द्रने महावीर नाम रक्खा। अपितु विनय–नम्रताका कोई अंत नहीं।

मातापिता मोहसे पाठशाला भेजनेके लिए जाते है। यह तो है अवधिज्ञानी। अध्यापकके प्रश्नोके उत्तर कर डाले इन्द्रके पूछनेसे। यौवन खिल उठा। वैराग्य भी। त्रिशला माता व्याह करवा देना चाहती है।

परन्तु वैरागीके पास कौन बात कहेगा ? मित्रोंकी ताकतके बाहरकी बात है। उनका बूता नहीं कि ऐसी बात कह सके। अंतमें माताकी प्रेम भरी लगन से लाचार बनता है। भोग कर्मका अस्तित्व संसारमें खींच जाता है। पत्नी यशोदा भी अितनी उच्च समझवाली आदर्श स्त्री पात्र।

मातापिता स्वर्ग सिधारे। अट्ठाओस वर्षकी आयुमे संयम लेनेके लिए तैयार। क्योंकि अभिग्रह पूरा हुआ। यह भी क्या चाल गर्भमे मातृभक्ति से स्थिरता की थी। माता अत्यंत शोक मग्न हो जाती है। आक्रंद करती है। हलनचलनके साथ प्रतिज्ञा करना है। 'मातापिताकी उपस्थितिमे 'साधु' न बनना। याद रक्खो। मोहनीय कर्मका भी अंत किया जा सकता है। तोडते समय भी बहुत उलकापात मचने वाले थे। तीर्थंकर का औचित्य अपमानित होने वाला था। अिसलिए अभिग्रहकी आड रख ली थी। बडोंके आशय भी बडे और पर उपकारके लिए। माता पिताके अवमान के बाद दीक्षा ले ली जाय। ऐसी प्रतिज्ञा लेने के लिए कितने तैयार हो सकते हैं। महाज्ञानिओंकी प्रतिस्पर्धा न करे। अुनकी आज्ञाका पालन ही हमारा धर्म।

बडे भाओी नन्दिवर्धनकी आज्ञासे दो वर्ष अधिक रह गये अपितु जीवन भावसाधुत्वका था। उनतीस वर्ष पूर्ण होने पर वर्षीदान। तीस वर्ष समाप्ति के बाद संयम। बहुतसे परिसहो-दु:ख सहन किये। उपसर्ग देव-मनुष्य-तिर्यंचोंके किये हुए सह लिए। राग-द्वेषको नष्ट भ्रष्ट कर डाला। चंडकोशियेने दंश दिया परंतु उसको आठवें देवलोकमे भेजा गया। पापी संगमने बीस उपसर्ग एक रातमे किये तो भी उस पर करुणासे आंख गीली हुई। कटपूतना व्यंतरी शीतमे ठंडा पानी छिडकती है। उसको भी सम्यक धर्ममे मग्न कर दी। और वह गोशाला भयंकर आग छोडकती तेजोलेश्या प्रभुजी पर रखे। उसको भी साधु द्वारा समकितकी सामग्री दे दी। कानमे कीले लगा दिये गोपालने। वणिक पुत्र अ र वैद्यने सुश्रुषा की। दोनों पर समभाव दिखाये। धन्य है स्वामीकी समताको और धैर्यको।

स्वामी कैवल्यज्ञान प्राप्त करके चराचर विश्वके संपूर्ण ज्ञानी प्रवुद्ध वने। समवसरणमे बैठकर देशना दी। साधु वनने योग्य कोओी आत्मा नही। विना साधु गणधर भी कहाँ ? विना गणधर शासनकी अनुज्ञा भी किसको दी जाय ? पहुँचे अपापापुरी। गौतम इन्द्रभूति चर्चा करनेके लिए आये। उसके सभी सशय तोड डाले। पॉच सौ शिष्य वृन्दके साथ स्वामीके चरणोंमें साधु वने। अन्य दस भी वडे के पीछे उसके ३६०० मिलकर ४४०० वने।

नाथने तत्त्वज्ञान दिया। 'उपन्नेइ वा विगमेइ वा धुवेइ वा' त्रिपदी मिल गई। बीज वुद्धिके नाथ ग्यारह महानुभाव पुण्य-पुरुषोने बारह अगकी रचना की। स्वामिने शासनके तीर्थकी अनुज्ञा दी, लब्धिनिधान गणधर भगवत गौतम स्वामिको। बहुतसे देशोके राजा राजकुमार-सेठ-लक्ष्मीनदन इत्यादिने बोध प्राप्त किया। साधु, श्रावक और उच्चकोटीके मार्गानुसारी सद्गृहस्थ वने। चदनबाला-मृगावती अैसी राजकन्याएँ-राज रानियॉ भी सयम ग्रहण करके मुक्ति पा गई।

भगवत पावापुरी सिधारे सोलह प्रहर अडतालीस घटे भरकी सतत देशना दी। बहुतसे पूछे गये या नहीं पूछे गए प्रश्नोके भी उत्तर दिये गये। भारतवर्षका धर्म-भावी भी कहा। अयोगी वने। अदेही भी बने। अजन्मा वनकर अव्या-बाध अनत मुक्तिसुख प्राप्त किया। अनतशः वंदनाएँ नाथके श्री चरणोंमें।

२४. गणधर भगवंतोंकी गीति

प्रथम गणधर गुरु गौतम नमु। नाथ पर स्नेह बहुत। स्वामीके पास नम्र सेवक बने। मानो छोटे बालक। पूछे प्रश्न

पर्षदामे । उत्तर प्राप्त करके बहुत हर्षित बने। स्वलब्धिसे गिरि अष्टापद पहुँचे । लौटते समय पद्रह सौ तापसो को प्रतिबोध किया । पद्रह सौ भी ज्ञानी बने । गौतमजी रहे छद्मस्थ । विषाद होता था । स्वामी सुनाते ये "आपण होशु तुल्ला बने । देवशर्मा को प्रतिबोध करता है। लौटते समय जाना, नाथ मुझको अकेला रखकर चले गये । विलाप करते हैं। कैवल्य ज्ञान प्राप्त होता है। प्रतिबोधी बहुतसे, पहुँचे मुक्तिमे ।

नौ तो सिद्ध बन चुके । स्वामी सुधर्मा रह गये थे । आजके सभी साधु स्वामी सुधर्माके । पाटोत्सव किया । जबु स्वामी इस काल का अतिम कैवल्य ज्ञानी और मुक्ति गामी ।

प्रभवस्वामी था चोर भी पक्का । दर्शन-ज्ञान-चारित्र तीनो तत्त्वोकी चोरी की । साथवाले चोर पाँचसोको भी साधु बना दिया । शय्यभव स्वामिको स्थापित किया । जिसकी पसदगी की थी यज्ञके समय पर 'महता कापि चातुरी' महापुरुषोकी दीर्घद्रष्टि और पारखनका शक्ति भी अजब होती है । नमस्कार हो शय्यभव स्वामीको । अपने पुत्र मनक को भी थोडे समयमे बोध प्राप्त करा दिया । सद्गतिमे स्थापित किया दशवैकालिक सूत्रकी रचना करके । उनके शिष्य महान यशोभद्र विजयजी हुए। जिनके शिष्य आर्य सभूतिविजय और आर्य भद्रबाहुस्वामी हुए ।

२५ आर्य श्री भद्रबाहुस्वामी १४ पूर्वधर" ।

वराहमिहिरके सघ परके उपद्रव शान्त किये। शासनकी प्रभावना की। व्यतर होने पर उपद्रवोको दूर करनके लिय उवसग्गहर महास्तवन की रचना की। कल्पसूत्र की रचना करते करते आनन्द विभोर

बन गये। जिससे स्वप्नवर्णन में भक्ति रस प्रकट हो गया।
आगम पर निर्युक्तिकार श्री भद्रबाहु स्वामी को नमस्कार हो।
महा प्राणायमके ध्यानके स्वामी थे। चौदह पूर्वो का दो ही
मुहूर्तोमें पाठ करने की शक्ति इस तरह पैदा कर ली।

२६ आर्य स्थूलभद्र स्वामी १० + ४ पूर्वधर।

श्री संभूति विजयके शिष्य। गणिकाकी प्रीत छांडी दीक्षा ली।
मन्त्री मुद्रा को लौटा दिया और सच्चे साधु बने।
गुरु आज्ञा प्राप्त की। उसी प्रीति पात्र कोशाके वहाँ
चातुर्मास किया। वड़ा ऊंचा मनका संयम। रोंगटे भी न खडे
हो। चाहे नृत्य गान भी क्यों न करे। वोध दिया और
श्राविका वना दी। लौटते समय गुरुने सत्कार किया। अति
दुष्कर किया अति दुष्कर किया। ८४ चौरासी चौवीसी तक
गूंजता रहेगा गान जिसका। चरणोंमें हों नमस्कार हमारा।

उनके दो शिष्य। आर्य महागिरि, आर्य सुहस्ति। आर्य
सुहस्तिने भिक्षुकको दीक्षा दी। कालान्ते 'सप्रति' राजा।
जिन-मन्दिरोसे पृथ्वी मंडित की। राजा अशोकका पौत्र राजा
संप्रति। धर्मी माताकी उसीमें महान प्रेरणा थी। सवा क्रोड जिन
प्रतिमाएँ। सवा लक्ष जिनमंदिर, छत्तीस हजार जिर्णोद्धार। और
वहुतसी दान पुण्यकी संस्थाअें। जिसमें बिलकुल अतिशयोक्ति
नहीं।" उस समयकी जन संख्या वहुत जैनोंकी भी थी।
अनार्यदेशमें भी धर्मका फैलावा किया। धन्य है।

७. 'आर्य वज्रस्वामी—आखिरी दशपूर्वधर।

महान शासन प्रभावक पूर्वधर। जन्मके समय पिताकी
दीक्षाकी वात सुनी, रो रोकर माताको भी श्रमित कर दिया।

माताने गाँवमे आए हुए पति-साधु धनगिरिको सौप दिया बहुत जनोकी साक्षीमे। आचार्य गुरुके आदेशसे स्वीकार हुआ। साध्वीके उपाश्रयमे साध्वीओके द्वारा लालनपालन होने लगा। पारणेमे सोये। साध्वी मुखसे ग्यारह अग पढे। माता सुनदाको पुत्रकी लिप्सा जाग उठी। राजभुवनमे बात पहुँची। जिसके पास बालक पहुंच जाय उसीका ही समज लो। मिठाइयाँ-मेवे और खिलौनेसे भी न ललचाया। माँ नाखुश हुई। गुरुने धर्म-ध्वजका झडा लहराया। हपसे लेकर नाचने कूदने लगा। माता भी साध्वी बन गई। देवोने आठ वर्षीय वज्र-स्वामीकी शास्त्रीय परीक्षा की। आकाशगामिनी आदि विद्याएँ दी। जिस विद्यासे श्री सघका रक्षण किया। बौद्ध राजाको भी जैन बना दिया। बहुतोका शीश नमे ऐसी शासन प्रभावना की। सूरिजी स्वर्ग सिधारे। इन्द्रने आकर 'रथावत' तीर्थकी स्थापना की। दशवा पूर्वका लोप हुआ।

२८ शासन प्रभावक श्री श्रुतधर सूरिपुरदरो।

विक्रमसवत-प्रवर्तक राजा विक्रमको जैन बनानेवाले **पू सिद्धसेन दिवाकर सूरीश्वरजी**। अवती पार्श्वनाथ का तीर्थ प्रकट किया। कल्याणमदिर स्तोत्र बनाकर प्रसिद्धि प्राप्त की। महान तार्किक और न्याय शास्त्र के बडे दिग्गज थे। १४४४ ग्रथके रचयिता याकिनीसूनु **पू श्री हरिभद्र सूरि महाराजश्री** जिनकी कृपासे आज पूर्वगत शास्त्रोका प्रवाह और उकेल भी पाया जाता है। **पू. देवर्द्धिगणिक्षमाश्रमणजी.म** जिन्होने आगमोका एकीकरण करके वल्लभी मे पुस्तकारूढ किया। जो पूर्व भवमे भगवत महावीर का गर्भपल्टा करने वाले

हरिणैगमेषी देव थे । कलिकाल सर्वज्ञ **श्री हेमचंद्र सूरीश्वर** म. कुमारपाल प्रतिबोधक । लक्ष प्रमाण श्लोकोंके रचयिता । विविध साहित्य शाखाओंमें प्राण फूंकनेवाले । अकबर बादशाह प्रतिबोधक **जगत् गुरु पू. श्री हीरसूरीश्वरजी** म. संयम, तप और आचारमें पक्के । संयम आचारकी प्रतिभा अकबरके दरबारमें ज्वलंत हो उठी । शासन खातर कष्टोंका वर्णन दिल हिला देने वाला है और हमारे प्राण प्यारे महोपाध्याय **श्री यशोविजयजी वाचक** सच्चे न्यायविशारद बहुतसे संस्कृत प्राकृत ग्रंथोंके रचयिता गुर्जरगिरामें १२५-१५०-३५० गाथाओंके स्तवन तथा रासादिके रचयिता श्वे०दिगबर सर्वमें जिसकी ज्ञान प्रभा अनमोल मानी जाती है । वे सत्रहवीं शताब्दीमें हुए । बहुत से उपद्रव शांतिसे सह लिये । रे ! द्वेषी उपाश्रयमें घुसकर साहित्य नष्ट कर देते थे, जला देते थे । बनारसमें सर्व पंडितोंके अगुआ बने । प्रतिवादियोंको हरा कर जैनधर्मकी महा प्रभावना की ।

वीसवीं शताब्दीके **पू. आत्मारामजी. म. श्री विजयानंद सूरीश्वरीजीको** किस तरह भूले ? बडे अन्धकार युगमें शासनकी बडी रक्षा की । साधु संख्या कम थी । वैसे समय सर्वतोमुखी जैनधर्मका डंका बजाया । अशास्त्रीयता को चुनौती दी । सारे पंजाब को मूर्तिमंडित बनाने वाले, उल्टा पुल्टा मत बतलाने वालेकों परास्त करनेवाले पूंज्य श्री १९५२ की ज्येष्ठ सुद ७ की संध्याके समय स्वर्गवासी बने ।

यह है, सिर्फ, अति अल्प झांकी, रूपरेखाऐं पूज्योंके जीवनकी । शासन वाहक महापुरुषोंकी' समर्पितभाव, सत्यकी

खोज, और उसके पीछे जीवन न्योछावर करने वाले । सिद्धात समाचारीका कडक शिस्त पालन । बहुत धर्मात्माओने सद्धर्मकी स्थापनाके साथ सहिष्णुता । इत्यादि बहुत गुणनिधियोंमे परिपूर्ण थे । एक अलग ग्रन्थ बहुलसे भागोंमे बाट दिया जाता है । रचना की जाती है न ।

२८ श्री पचपरमेष्ठिके मुख्य गुण'

अरिहंत-अनत गुण के स्वामी' बारह गुण अरिहन 'देव' अतिशय चौत्तीस वानीके गुण पेंतीस । तीर्थकी स्थापना करे इस लिए तीर्थंकर । शक्रस्तव' नमुत्थुण' मे अरिहंतके अद्भुत गुणोंका वर्णन है । ललित विस्तर' टिपणीमे इसकी विशद चर्चा है ।

सिद्धगुण-८ सिद्धके स्मरणसे मोक्षकी अवस्थाका सादि अनन्त सुखका खयाल आता है । भव्यात्माओका आदश आलेम्बन है । सिद्धि सुख अनुभव गम्य है

आचार्य गुण ३६ पंचिदियके पाठ के लिए ही स्थापना स्थापित करते है । तीर्थंकरके महा प्रतिनिधि हैं । शास्त्रोंमे उन गुणोका अद्भुत वर्णन पढनेमे आता है । आदि पर्वमे तीर्थंकरमीगाद्राक्षीत् धर्मघोष मुनि धन धना सार्थवाहने साक्षात् तीर्थंकर जैसे धर्मघोष (सूरीश्वर) म को देखा ।

उपाध्याय गुण २५ पढे और पढावे शास्त्रोंको 'उपाध्याय ही आत्मा' आचार्य म शासनके राजाके स्थान पर तो उपाध्याय मत्रीके स्थान पर 'आगमदीप कभी भी न बुझ पावे । यह है उसका ध्येय । आगम शास्त्र उनका प्राण, प्राय सब कठस्थ।

साधु-गुण-२७ पाँच महाव्रतोंके पालक । सदा जागृत ५ समिति ३ गुप्तिके पालक । तप-जप स्वाध्यायमे लीन । गुरु आज्ञाधारी । गोचरीके दोष निवारक निर्दोष भिक्षाके खपी । वड़ीलोकी सेवामें तत्पर । ग्लान-बालकी वैयावच्चमें उत्साही । शास्त्रोका अध्ययन उनका व्यसन । समता उनकी साथिनी । मायाको मारे । मोहको विदारे । कायाको डरावे । आत्माकी याद करे । हास्य विनोद से पर । धर्मकार्यमे कुशल । जयना-यतना उनका मंत्र । मुक्ति ध्येय । ८वलोक विश्राम-रेस्टहाउस, मनुष्य गति मुक्ति साधनाके लिए । वेष-गणवेष वीरोंका । पालन धैर्यके साथ । जिनके भक्त उनको रुचे । हमेशा मनमें रत । देश विदेश घूमे । जिनकी वानीका विस्तरण करे । सब भवाब्धि पार करे ।

३० श्रावक किसे कहा जाय ?

जिनेश्वरकी आज्ञा मान्य रखे । सदेहे शक्य अमल करे । सुदेव सुगुरु सुधर्ममें श्रद्धा करे । जीव-अजीव-पुण्य-पाप-आश्रव संवर-निर्जरा बध-मोक्ष नव तत्त्वोमें समझ पूर्वक श्रद्धा करे । तमेव सच्चं निःसक जंजिणेहिं पवेइय' । वह सच है, और शंका रहित है, जो जिनेश्वर भगवानने कहा है । ऐसी अडिग श्रद्धा के साथ सम्यक्त्व पैदा करे । मिथ्या मान्यता को कान भी न दे । प्रतिदिन सामायिक-चतुर्विंशतिस्तव-गुरुवंदना-प्रतिक्रमण कायोत्सर्ग पच्चक्खाण रूप छ आवश्यक आराधे ।

पर्व तिथि पर पौषध करे । दान-शील-तप भाव चारों को यथाशक्ति आराधे । परोपकार रत बने रहे । अष्ट प्रकारी पूजा त्रिकाल जैन मंदिरमे भाव पूर्वक करे । गुरुवन्दन

गुरुवदन-प्रतिक्रमण-कायोत्सर्ग-पच्चक्खाण रूप छ आवश्यक आराधे।

पर्व तिथि पर पौषध करे। दान-शील-तप-भाव चारोंको यथाशक्ति आराधे। परोपकार रत बने रहे। अष्ट प्रकारी पूजा त्रिकाल जिन मदिर मे भावपूर्वक करे। गुरु वदन मे आदर भक्ति तो रहे ही। साधर्मिकों की भक्ति। (उसके प्रकार आगे देखेंगे) दुनिया मे भी व्यवहार शुद्ध हो। लिया उसको देना। व्यापार नौकरी मे प्रामाणिकता, गलत लेख भी नहीं। पर की निन्दा नही। किसी की भी निंदा नही। सच्चे गुणों के गान किये बीना चैन भी न आवे। सरल-नम्र-उदार-है हमारे श्रावक।

रथयात्रा-तीर्थयात्रा मे शक्ति न गोपवे। षट्काय के प्रति करुणा, पृथ्वी-जल अग्नि वायु-वनस्पति-त्रसकाय (हलन-चलन करने वाले जीव) छ मे पक्की श्रद्धा। कल्याण मित्रों की दोस्ती, धर्मी आत्माओं का ससर्ग। क्योंकि वह इंद्रियो का दमन करनेवाला होता है। चारित्र-साधु धर्म-दीक्षा लेने के लिए-उसका जी तडपना है। इसलिये श्री सघ (प्रभु आज्ञाधारी) पर बहुमान होता है। शक्ति हो तो आगम शास्त्र-लिखावे। साधु-महात्माओं का सहायक बने। बहु प्रकार से शासन की प्रभावना करे। ऐसे परिणत आत्मा मे-उपशम विवेक और सवर का जन्म होता ही है, होता ही है, और मुक्ति उसके हाथवेंत मे। धन्य जैन शासन।

३१ ॥ 'श्राविका का स्थान" ॥

मर्यादा से थोडा भी कम नही। वह भी मुक्ति की अधिकारीनी। साध्वी बने या गुरुजी के स्थान पर। वंदन-

व्यवहार शास्त्र मर्यादा के अनुसार, भक्ति में थोडी भी कसूर न होने पावे। श्रावक हो या श्राविका, भरहेसर की सज्जाय। सतियों की याद। साधुओं भी प्रतिदिन याद करे, मयणासुन्दरी और श्रीपाल को। देवी मदनरेखा ने पति को बोध देकर स्वर्ग में भेजा। सती द्रौपदी अति सम्यक्त्व धारिणी। असंयती नारदजी का सत्कार न किया। महा श्राविका सुलसा बडी वड भागी। भगवन्त महावीर धर्मलाभ कहलाते थे। तापस अंबड चलित न कर सका, सार्धमिक की तरह वह सन्मान प्राप्त करे। 'वत्स' देश की राजकुमारी "जयती" कैसे सुन्दर प्रश्न और विनति करती है भगवन्त महावीर को एकबार वत्स देश पधारिये। जयंती को चरणों की वंदना दीजिये। दूरी और अदूरी से वन्दना करे जयती लडकी... जिणंदजी।

श्राविका है शासन की सुनहली दीपिका। संस्कार झेलनेवाली ज्योत्सना। शासन के बालक बालिकाओं की माधुरी। उसकी वानी में धर्म की सुवास। उसके स्मितमें सन्मान और आतिथ्य सत्कार, स्तवन सज्जाय में आत्म रमणता। संसार में रहे तो भी औचित्य दाखवे बल्कि मन मोक्ष में। लडकियों को शासन के लिये भेट सुसस्कारों से भरे। सुशील, चालाक, गृहीणी, अप्रमादी, शासन की श्राविका। उसका स्थान गौरव से पूर्ण है। रेवती नाम सुप्रसिद्ध प्रभु के लिए भी औषधि दाता। घर बैठे भी प्रभुश्री की कितनी चिता। श्राविका माने स्त्री-सौरभ-शासन की सुलता।

३२. "क्या श्री साध्वीजी भूले गये हैं?"

बीलकुल नहीं। साधु संघ में अंतर्गत है ही। अपितु वह है दिव्य, मधुर साधन धर्म प्रचार का। भाषण या जाहिर

व्याख्यान द्वारा नही। मौन चारित्र्य की गहरी असर से। श्राविकाओ को शासन मे कार्यरत रखवा कर। साध्वी सघ को समृद्ध बनवा कर। सबल बनवाकर। और आज भी स्वाध्याय, सयम-तप उनको ही वृणित है। निम्न दृष्टि से विहार करे। आहार की लोलुपता नही। स्वाध्याय के बिना चैन नही। कवि नानालाल बोले थे, "नमणा नमन वदन तो है, तुम्हारे साध्वी आश्रम को। 'ससार से थकी हुई नारियो का आश्रम-घाट, वैराग्य की वेल का यह है लतामडप, सरस्वती की कुवारियो का शारदाश्रम, और सन्यस्त मठ। ससार परित्याग करे तो वह यह किनारे जा बैठे। हमारे ब्राह्मण धर्म मे भी था वह सन्यासी का आश्रम। देश काल के प्रहार से लुप्त हुआ। परन्तु अब जैन सघ मे है।"

देवरिया मुनिवर ध्यान मे रहना। साध्वी राजीमति का उपदेश भरा कठ। 'वीरा मोरा गज से उतरो।' ब्राह्मी सुन्दरी का स्वर सवान, कैसे वडे ऊँचे आदर्श ? सचमुच साध्वी सस्था आज की दुनिया की एक अडीखम अजायबी है।

३३ "तप का अितना वडा माहात्म्य क्यों ?"

तप सयम का कवच है। अभेद्य, अकाट्य, महारक्षक। तप अनाहारी पद का उत्तमोत्तम साधन है। इच्छानिरोध जैसा कोई तप नही। तप के बारह भेद। उनमे इच्छा का मन का और तन का भी निरोध है। बाह्य तप के छ भेद है।

(१) अनशन—

नोकारसी से लेकर उपवास अट्ठम मासखमणादि इसी मे। कषाय का नाश होता है। शरीर, इन्द्रियाँ काबू मे आ जाती हैं। वासना का अत और आत्मा की मुक्ति।

(२) उणोदरी—

सर्व रोग नाशक, संयम साधक, अनशन की सहायक। तप को आधार देनेवाली। यो मितं भुंक्ते स वहु भुंक्ते। मिताहारी पुष्टता प्राप्त करता है। पुष्टि से तुष्टि। तुष्टि से तप प्रेम का जन्म होता है।

(३) वृत्ति सक्षेप—

कम पदार्थों से चला लेना। पच्चीस वानगियोमें से पाँच ले कर चला लेना। खाना या पीना। जरुरिआते कम करे। चिता कम, मन भी वश में आ जाय। "मनको मारा, उसने सभी को जीता। यह अवश्य होना चाहिये या इतना होना जरुरी है, ऐसा कभी भी नही।"

(४) रसत्याग—

स्वाद पर कावू। जीभ पर कावू। इष्ट या अनिष्ट दोनों भी समान। इष्ट मे राग नही। अनिष्ट में द्वेप नहीं। खट्टा या निमकीन स्वाद की पचात नही। मिष्ट में लोलुपता नही। छः विगय में से पॉच का, दो का, या एक का त्याग। १. दूध, २. दही, ३. घी, ४. तेल, ५ कढाकृत, ६. गुड।

(५) कायक्लेश—

लोचादि-(हाथ से मस्तक के, दाढी–मुछो के बाल उखेडने की प्रक्रिया। कायोत्सर्ग- खडे रहकर अमुक समय नक काया की सभाल का भी त्याग। धूप–ठड सह लेना। खुले पैर चलना, इत्यादि।

(६) संलीनता—

अंगोपांग सीकुडना। इन्द्रियों पर कावू। "वाह्य तप,

ऐसी है वीतराग की वानी। यह तो सिर्फ हकीकत की ओर ऊँगली निर्देश है। नही, कि टिप्पण। अंत मे जहाँ है, वहाँ है, वहाँ अनुमोदन करना पडे ऐसा सुन्दर। यह तो सिर्फ ध्यान खींचनेकी वात है। श्रावक गण में भी सार्धमिक भाव जागृत होता रहे, तो यह गुण खील उठेगा। परस्पर जिनेश्वर के भक्त मददरूप क्या न वनें ? साधु–साध्वीओ की वैयावच्च यह तो है श्रावक श्राविकाओ का अपूर्व लाभ। तन-मन और धन से, समय का भोग देकर वडे उत्साहपूर्वक।

(१०) स्वाध्याय—

साधु–साध्वीओं का सच्चा प्राण। जो करेंगे वह तिरेंगे। मन को वश में कर ले। निंदा का समय नही। विकथा का भी समय नही। आत्मा की मस्ती खिल उठे। रात हो या दिन काल की मर्यादा ध्यान मे रखकर। गुरुगमसे समझकर।

(११) ध्यान—

यह एक महान प्रक्रिया है। मन-वचन काया की एक एकाग्रता की नींव है। जिनकथित क्रिया मे एकाग्रता रखने से ध्यान ओतप्रोत वन जाता है। सिर्फ नौक सिकुडकर, पद्मासन लगाकर, वैठ रहने से नहीं। वूरे विचारो की परास्ती, अच्छे विचारो की याद, यह है वुनियाद के साधन। ऐहिक लालसा नही। उत्तम साधन हैं यह, मन का अनुसधान करने का। क्षपक श्रेणि पर चढने का, परन्तु मोह को मारे विना यह न वन सके। रागद्वेप को पतले वनाये विना ध्यान होवे कैसे ? वाहुवलीजी ध्यान में वारह मास अडिग खडे रहे। परन्तु अति सूक्ष्म रूप से स्पर्श किया हुआ मान कषाय ? वह गया और कैवल्यज्ञान प्रकट हुआ। ध्यान विना, मिले नहि शान सच्ची आत्मा की।

(१२) कायोत्सर्ग—

जिसमें जिस तरह देह का त्याग है, वैसे ही ध्यान की उच्च कक्षा भी है। सगम असफल हुआ न ? ध्यान से हटाने में या कायोत्सर्ग का त्याग कराने में भगवत महावीर को। महावीर अिम तरह बने हैं। हमारे लिए ऐसा बनने के लिए यह तप-त्याग का माग रखकर मोक्ष मे चल बसे हैं अनमोल विरोहत खजाना।

३४ 'नौ पदों की महिमा'

पाँच प‍रम परमेष्ठि—

श्री अरिहत-सिद्ध-आचार्य-उपाध्याय और साधु। सर्वोत्तम रत्नत्रयी-दशन-ज्ञान-चारित्र और य आठो के उत्थान मे बुनियाद के रूप मे या शृ गार के रूप मे तप ये नौओ का एकी-चक्र राज्य, वही है शासन का साराश—

इन नवो मे पूर्ण श्रद्धा माने सम्यक्त्व। पहले पाँच गुणी हैं। पीछले चार गुण है। गुणी के बिना गुण भी नही। गुणी मे गुण का दर्शन होता है। जिस नवपद का दूसरा नाम है श्री सिद्धचक्र भगवान। गोलाकार-वर्तुल मे स्थापना। यही स्थापना सिद्ध। उसकी सिद्धि सिद्ध न करनी पडे। अनादि सिद्ध तत्त्वो का सुरम्य चक्र। उसकी आराधना करे वह भी सिद्ध बने, प्रतिदिन अनत सुख मे विलसे। अरिहत महात्यागी। सिद्ध तो श्रेष्ठ त्यागी बन चूके हैं। आचाय भी ससार व्यवहार का त्यागी। चाहे वह ससार अवस्था मे क्यो न हो। उपाध्याय या साधु ससार के त्याग बिना हो ही न सके। सम्यक् दशन याने ससार का त्याग और जिन आज्ञा एकमात्र की दृढ मान्यता। सम्यक् ज्ञान तो ससार त्याग की प्रेरणा प्रत्येक क्षण

क्षण में करता रहता है। सम्यक् चारित्र याने त्याग भावना का अमल-पालन और रक्षण। सम्यक् तप सिर्फ शरीर को ही तपाता नहीं है। सिर्फ इन्द्रियों को शिथिल वनावें ऐसा ही नही, अपितु कर्मो को जला कर खाक वना दे और रत्नत्रयी के तेज को प्रकट करता है। तप का तेज महान है, कहते कहते उसका अंत भी नही आता। 'तप से चिकने कर्म भी नष्ट हो जाते है। ऐसा जिनेश्वर देव कहते हैं।

यद् दूरं यद् दुराराध्यं, यच्च दूरं व्यवस्थितम् ।
तत् सर्वं तपसा साध्यं, तपो हि दूर् तिक्रमम् ॥

सुयोग्य दूर की चीज को प्राप्त करा दे, अशक्य को भी शक्य वना दे। जो प्राप्न करना अति दुर्लभ हो, उन सव को सुलभ वना दे। सचमुच तप की सत्ता अनुल्लघनीय है। आराधन करे, वह सव कुछ प्राप्त करे।

३५. "श्री शाश्वती नवपद्जीकी ओलीजी महिमा।

चैत्र सुद ७ से पुनम तक। अश्विन सप्तमी से पूर्णिमा तक। दो शाश्वती-चिरकाल से जिस का महिमा था है, और होगा भी। देव देवेन्द्र भी नंदीश्वर द्वीप में जाकर अठ्ठाई महोत्सव करता है। विद्याधर भी वहाँ जाते है या वैताढ्य पर्वत पर अपने स्थान पर आराधन करते है, मनुष्य भी नौ दिन तक आयविल तप करे। पडिलेहण-वस्त्रादिका शाम-सुवह दूपहर का देव-वंदन। नौ चैत्यवंदना। शक्य हो तो नौ देरासर में उक्त पद के गुणानुसार स्वस्तिक, खमासमणा। प्रनिदिन वीस नौकार मंत्र की माला। उभय समय प्रतिक्रमण प्रतिदिन स्नात्र महोत्सव। आखिर के दिन में महापूजा, प्रभावना

और पारणें पर उद्यापन, स्वामिवात्सल्य, अनुकपा दान, जीवदया आदि के कार्य करे। यह है सामान्य विधि।

३६ "चातुर्मासिक तीन अट्ठाइयाँ"।

कार्तिक चातुर्मास की सुद सप्तमी से पूर्णिमा तक, फाल्गुन की, आषाढ मास की। आखरी विशेष कर ध्यान मे रहनी है। क्योकि साधु साध्वियाँ स्थिर चातुर्मास रहते हैं। विहार बद होता है। श्रावको का आरभ-समारभ बद होता है। आरभ-समारभ याने सासारिक कार्यों मे छोटी-बडी हिंसा को स्थान रहता ही है। धर्म आराधन मे विशेष ध्यान रहता है। पचास, पचहत्तर वर्षों पहले का विचार कर के सोचो। सुखी और सतोषी आत्माओ का, चातुर्मास मे व्यापार-धधा बद किया जाय। शस्य इतना धर्म करने मे ही रत। क्योकि धर्म समाज का प्राण था। धर्म आत्मा का सरक्षक था उनके मन और हमारे मन ?

३७. "श्री पर्युषणा महापर्व"।

यह महा पर्व चातुर्मास मे ही आता है। श्रावण वद द्वादशी से भाद्रपद सुद चतुर्थी तक। आठ दिनो तक धर्म की झलक रहती है। इस महापर्व का नाम है "सावत्सरिक महा पर्व" बारह मासो का महा पर्वदिन और वह है भाद्रपद सुद चतुर्थी, एक दूसरे की क्षमापन का महापर्व। कलह और वैर शान्त कर, दूर करने का महा पवित्र दिन। अत्र अवशिष्ट निर्बलताए दूर करने का। मगल दिन। इसलिए सातो दिन तपपूर्वक आत्मा की खोज करना। गुरु के श्री मुख से महा शास्त्र "कल्पसूत्र" इकठ्ठा होकर सुनना। उनमे साधुओं के

आचरण की बातें भी आवे। श्री नागकेतु जैसे तपस्वी श्रावक-वर्य का वर्णन भी मिले। शासनपति श्री महावीर देव का सुविस्तृत सर्वश्रेष्ठ जीवन भी सुनने में आवे। देह-मन-आत्मा पावन बन जाय। श्री आदीश्वर दादा आदि का चरित्र आश्चर्यचकित बना दे। गणधर भगवन्तों की गुणगीति बहुत से गुणों का प्राकट्य करे। स्थविर महा शास प्रभावक, रक्षक, सूरि पुरंदरों की यशगाथाएं सात्त्विकता पैदा करती है। सामाचारी सुनते ही साधु महात्माओं की उत्कृष्ट चर्या के प्रति शीर झूके।

३८. "दानादि धर्म"।

'पर्युषणा' याने चारो ओरसे आत्मा के पास ही खीसकना। दान-शील-तप भावना। धर्म का प्रवाह बाढ से चलता रहे। बहुत सी धार्मिक संस्थाअे बारह मासों तक अपने पैर पर खडी रहने के लिए तैयार हो जाय। लगडे-अपाहीज भी आनंद विभोर बन पावे। पशु-पक्षी भी आशीर्वाद दे। तेली-तंबोली मोचिओं के पेशे बद हो जाय, प्रेम से और धन से। साधर्मिको का उद्धार हो जाय। उपाधियों से मुक्त कर दिये जाय। दानेश्वरिओं के दान, राजा-महाराजाओ के भी मान छूडा दे। चंचल लक्ष्मी स्थिर हो जाती है। पागल धन शानदार बन जाय। दुनिया देखे और आनद विभोर बन जाय। आत्मा मे अनोखा आनद उत्पन्न करे।

शील-अर्थात् आत्मा का स्वभाव परमात्मा में रमण करना, परमात्मा बनने के लिए यत्नशील बनना। ब्रह्मचर्य का पालन उसका एक अग। परब्रह्म लीनता मे मददरूप। तन की तदुरस्ती ब्रह्मचर्य से, कुदरती रीति से मन को मजबूत बनाता

है। मजबूत आत्मा ध्यानारूढ हो सकता है। आत्मा का स्वरूप का विचार करे। ससार असार और क्षणभगुर लगता है। वीतराग की वानी दिल में लग जाय। छ अठ्ठाईयाँ और बारह तिथियाँ ब्रह्मचर्य के नियमवाली जैन कुल मे अवश्य होनी चाहिये। प्राचीन युग मे थी, और आज के युग मे ? अतिम कक्षा मे, कम से कम पाच तिथियो का भी अवश्य नियम होना जरुरी।

तप—अर्थात् आत्मा का प्रकाश प्रकट करने का उत्तम साधन। अनादि की आहार सज्ञा पर का काबू। अनाहारी पद। मुक्ति की मगल माला। इधर-उधर बढनी हुई इच्छाओं पर का काबू। एक सुन्दर उदाहरण का विचार करेगे। पद्रह चीजें सुखी व्यक्ति के थाल मे परोस जाती हैं। उनको कोई सुन्दर क्षण पर विचार आता है, कि अब सोलहवी नही होनी चाहिये। जरूरत पडने पर भी पद्रहोमे से। पडोस से मिठाईयाँ आई, बहन-भाभी को मन भाती। अपितु मानसिक सकल्प उसी क्षण ना कहेगा। यह भी है, बाह्य तप और मन भी ना कहेगा। रस भी न लगेगा। आत्मा भी अनादि की कुटेव पर विचार करने लगेगा। यह है, अभ्यतर तप।

भाव—आत्मा का स्वरूप तारक सुन्दर विचार। उन विचारो को भी व्यवस्थित करन के लिए बारह प्रकार की भावनाएँ होती है। और उनको भी पुष्ट करने के लिए है और चार।

३९ "बारह भावनाओ का स्वरूप"।

(१) अनित्य भावना—

कोई भी चीज कायम नही है। जो है वह भी जायगी। अत मे हम भी जायेंगे। नाशवत चीज पर ममता क्यो ?

(२) अशरण भावना—

मनुष्य बीमार पडा। सुविख्यात डॉकटरने भी आशा छोड दी। अब शरण किस की ? सगे सबंधी भी क्या करें ? सिर्फ धर्म ही शरणभूत रहेगा। सद्भाव ही शरण। अरिहंत सिद्ध साधु और जिन द्वारा भाषित धर्म, यही ४ सिर्फ "शरण" है। वही गति, वहि मति—और सब असत्य—निरर्थक।

(३) संसार भावना—

संसार विचित्र है। पूर्व भव की माता यहां पत्नी बन जाय। स्वयम् मर जाय। अपनी ही स्त्री के उदर से पुत्री के रूपसें जन्म लेकर वैर लेता है। कम्पारी कम्पन करा देनेवाला है यह संसार ! आधि, व्याधि और उपाधियोंसे पूर्ण। एक धारके समान सतत दावाग्नि, कब उसीसे छूटकारा पाऊँगा।

(४) एकत्व भावना—

आत्मा अकेला जन्म लेता है। यहाँ से मर कर भी अकेला जाता है। दुर्गति के दुःख स्वयम् अकेला ही भुगता है। उस में कोई भी हिस्सेदार बनता नही। क्योंकि अपने ही किये हुए कर्मो का फल है।

(५) अन्यत्व भावना—

शरीर आत्मा नही है। आत्मा शाश्वत तत्त्व है। शरीर है नाशवंत। माता के उदर मे उत्पन्न हुआ, तैयार हुआ। अग्नि में जल जायगा या पृथ्वी में गाड दिया जायगा। या नदी, समुद्रमें फेंक दिया जायगा। या किसी वन्य पशु-पक्षी का भोजन बन जायगा। ऐसा शरीर के लिए ही मैं ऐसे भयंकर पाप करूँ ? उसके पीछे ही पगला

बन जाऊँ ? और अपना स्वार्थ स्वयम् नष्ट कर दूं। नहीं-नही नही

(६) अशुचित्व भावना—

शरीर, लहू-माँस-हड्डियाँ-मेद-मलमूत्र-चर्म-नसे-ये सब का सग्रहस्थान है। मल-मूत्र-दूर्गंध का यह कोश-भडार घर है। उसी ही शरीर मे प्रसन्न रहने का क्या प्रयोजन? स्नान सुगधि द्रव्योसे करो, सुगधि तेल का उपयोग करो। सुदर महान कपडोसे सुसज्ज बनाओ, अपितु थोडे ही समय के बाद पसीना बहने पर तुरन्त ही वह वस्त्रो को मलीन कर देगा। नीद-मेसे उठने पर मुँह को साफ किये बिना, क्या आप बहार जा सकेंगे ? चाहे कितना भी सौन्दर्य क्यो न हो ? शरीर को पुष्ट करने के लिए जी चाहे इतनी कीमति चीजोका उपयोग करो, उत्तम पीना पीओ। परन्तु आखिर म शरीर टेढा ही टेटा रह जायगा। किसी भी रोग की आपत्ति आने पर मन की मन मे ही रह जायगी, जैसे कि वात या उदर मे शूल होने पर। शूल लकवा-या पेरेनेसीस-ऐसे समय मे बिस्तरे मे ही पडा रहना पडे। कोई इलाज भी न चले। चिन्ता कोई काम की नही। चौवीस घटो की हमेश की शुश्रूषा निष्फल! यह शरीर! इसे देखकर मन मे फूले नही समाते हो, तो, यह सिर्फ अज्ञान ही अज्ञान है।

(७) आश्रव भावना—

सासारिक कर्मों की परमाणु रजकण आत्मा पर आ कर लग जाती हैं। आत्मा को वजनदार बनाता है। चारो ओर से आता है। बिन्दु छोटे परमाणुओ के रूपमे। यह है

द्रव्य आश्रव उसीमें से पैदा होते हैं, रागद्वेष, क्रोधादि कषाय। पांचों इन्द्रियों की विषय वासना दूर करूँ। यह मलिनता दूर करूँ।

(८) संवर भावना—

आए हुए कर्मों के प्रवाह को रुकावट करनेवाली है प्रक्रिया संवर। पाँच समिति,—तीन गुप्तियाँ, दस प्रकार का यति धर्म इत्यादि, मुख्यतः साधन हैं। दौडकर आते हुए कर्मों को मारकर यह दूर करे। मैं भी प्रबल बनता हूँ। बहुत सी युक्तियो की अजमायिश करूँ। आगम शास्त्र विधि के अनुसार सुदूर फेंक दूँ कर्मो की दौड को।

(९) निर्जरा भावना—

सचित कर्म पूर्व भवों का, उनका नाश ही निर्जरा है। नाश का भी समता से उकेल है बारह प्रकार के तप। तप कर्मो को तपाकर नष्ट करें। चिकने कर्मो का नाश करता है। निकाचित भी नष्ट हो गया ध्यान के समय और वह भी क्षपकश्रेणिका। ध्यान भी एक प्रकार का तप है।

(१०) लोक स्वभाव भावना—

उत्पत्ति–नाश–और स्थिरता ये तीनों की चक्र माला चलती ही रहती है। हर चीज अस्थिर है। आत्मा भी। मनुष्य जन्मता है और मनुष्य रूप से मर जाता है। देव रूपसे उत्पन्न होता है–यही उत्पत्ति। बल्कि आत्मा तो वही है। इसलिए स्थिरता। इस तरह आत्मा की भ्रमण गति–कहाँ तक? जन्म–मरण के दु:ख कहाँ तक? सुगन्धी पुदगल, दुर्गंधी पुद्गलों में परिणाम पाएं। खाया हुआ अन्न विष्टा के रूप में बदल जाता है। इसमें से खाद होती है। उसी में से ही अन्न

ह्राता है । उसमे से मिष्टान बनता है और उसमे ही रुचि होती है ।

(११) बोधि दुर्लभ भावना—

सद्बोध या सम्यक्त्व की समझ, पहचान लेना । दिल मे बैठाना कठिन है। प्रथम तो मनुष्य जन्म, इस भव मे सद्गुरु का योग । वीतराग की वानी का श्रवण, यह मिलने पर भी उसी मे श्रद्धा । उनको आत्मा मे स्थिर करना । नवो तत्त्वो मे समझ पूवक की सुन्दर श्रद्धा । सचमुच अति दुर्लभ । पूरे पुण्यशालिओ को ये सब सजोग मिल जाते हैं और सयोग के मिलने पर भी शुद्ध क्षयोपशमभाव प्रकट करना प्रायः अल्प भवी के लिए सुशक्य । ये सब मुझे क्यो न मिले ?

(१२) धर्म भावना—

धम और सर्वज्ञ वीतराग भगवन्त ने कहा हुआ, जिसे प्राप्त हो वह महाभाग्यशाली । आत्मा के स्वरूप की समझ, सच्चे तत्त्वो का सुज्ञान । कर्मो के उत्पात और भयकर प्रकारादि । मोहनीय कर्मो का मारक मोह । ये सब तो जिन धर्म के बिना कहा से मिले ? इसलिए अरिहन्तादि की उपकारी गुरु भगवन्तो की, कल्याणमयी सार्धमिको की द्रव्य और भाव दोनो भक्ति, वही हा मेरे लिए सुधर्म प्राप्त करने का पक्का उपाय ।

४०. मैत्री आदि ४ भावनाएँ

(१) मैत्री भावना—

सब जीवो के साथ मैत्री । किसी के साथ दुश्मनावट नही । हमारे दुश्मनो के प्रति भी सद्भावना । बूरा नही किया

जाय इतना ही नही उसकी इच्छा भी नहीं करनी । "सर्वे जना: सुखिनो भवन्तु" । सद् विचारो द्वारा ही विश्व में सुख-शांति हो सकती है न ? हम अच्छी इच्छा करते हैं । परन्तु स्वयम् उस मार्ग पर न चले तो ?

(२) प्रमोद भावना—

प्रकर्ष और आनन्द किस में ? सामनेवाली व्यक्ति मे गुणदर्शन करते-सुनते, अनुभव करते । माया और विना कि्ति का दान, विना लालच का शील । दुनिया की चीज की लिप्सा बिना का तप । विना दम्भ का भाव । ये है सर्व-सामान्य गुण । सामनेवाली व्यक्ति को देखकर उनके गुणो पर आत्मा की प्रसन्नता । मन आनन्द से विभोर वने । दिल का आनन्द अपार । वही है 'प्रमोद भावना' । साधु साधु को देखकर क्या आनन्द विभोर नही वन जाता है ? सार्धमिक सार्धमिकों को देखकर क्या उसके दिल में आनन्द नही प्रकटता है ? पेथड शा. महामन्त्री के लिये कहा जाता है —घोडे पर वैठ कर जाता है । रास्ते में नये सार्धमिक को देखते है । नीचे उतर कर प्रणाम करते है । भेटते भी है । ऐसे आत्मा क्या क्या न करें ? मुझमें यह आ जाय । संसार सागर पार किया जाय ।

(३) कारुण्य भावना—

दीन-दु:खी, अपाहीज पर दया। पशु-पक्षीओं की देखभाल मरण से वचाकर सुरक्षित स्थान पर पहूँचाना । भूखों को अन्न, तृपित को पानी, वस्त्रहीन को वस्त्र देना ये सब सव सामान्य द्रव्य दया है । उक्त जरुरतें विवेकपुर.सर पहुँचाना । बाद में उनकी लाचारी का मूल कारण समझना ।

यह है भाव दया। मैं सुखी तू दुखी, मैं देनेवाला हूँ, तू लेनेवाला है। किसलिए? परम प्रभुने बतलाया हुआ धर्म पूर्वभव मे भी नही किया है। अब भी उन्हे समझकर उसका आचरण कर ले। शक्तिशाली अगर इच्छा करे तो उनको सुमार्ग पर न चला सके!।

(४) माध्यस्थ भावना—

थोडी सी कठिन है। किसी को सुधारने के लिए बहुत महेनत की। सुधार नही किया, अपितु सुधार करने की आशा भी न बतला सका। ऊपर से सामना भी करता है। क्रोध आवे या समता रखे!। विचारे के कर्म कठिन है। "सव्वे जीवा कम्मवस", सब जीव कर्माधीन है। मेरा प्रयत्न निस्वार्थ था, सिर्फ वही आनद।

ये भावनाएँ सिर्फ पचमहाव्रतधारी महात्मा ही सेवते है? नही, गृहस्थ श्रावक श्राविकाएँ भी, विशेष कर के मार्गानुसारी आत्माएँ भी। परन्तु ये है सोलह अनुपम धर्म कलाएँ।

४१. "पाँच महाव्रत अमूल्य क्यों?"

पाँचो महाव्रत, कामदेव के पाँच धनुष्यो के विनाशक है। इनके आगे 'क्रिमिनल पिनलकोड' निष्फल बन जाता है। दुनिया की आधियो का शमन करनेवाला महौषध है। विश्व शाति का सर्व श्रेष्ठ मार्ग है। अनत अव्याबाध सुख का सोपान मार्ग है। मुक्ति महल की सिढी है।

(१) हिंसा विरमण महाव्रत—

स्वय हिंसा करे नही दूसरे मे करवाते भी नही और

करनेवाले को भी अच्छा न समझे, मन-वचन-काया से भी। चलता है साढे तीन गज की दूरी से, नीचे मुख रख कर। रात में दंडासन-जीवों को बचाने का महीन साधन, (नर्म साधन का) उपयोग करे। बैठते-ऊठते रात-दिन धर्मध्वजका प्रमार्जन करने में उपयोग करे। गोचरी भिक्षा अपने के लिए भी बनाई हुई नही लेना। अपवाद मार्ग की सूझ, गहरे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखता है।

(२) मृषावाद विरमण महाव्रत—

स्वयं झूठ न बोले, बुलावे भी नही। बोलने वाले को अच्छा न समझे मन-वचन कायासे। ये बातें समझ लेना आवश्यक है। २ से ४ चारों व्रत पहेले महाव्रत के पोषक है, संरक्षक और सवर्धक भी है। झूठ से खून-हिंसा मारामारी हो जाती भी हैं न। वैसे ही, चोरी, परस्त्री पर की आँख और धन,-"जर-जमीन और जोरु" कलह के ये तीन बच्चे है। शास्त्रविरुद्ध आगम से दूर हो कर बोलना-यह महा भयकर झूठ है। जान लेनेवाला द्रव्य-दश प्राणों का नाश करता है। वह भी सिर्फ एक ही भव के लिए। जब सूत्र-सिद्धांत के विरुद्ध बोलनेवाला समझानेवाला घातक या खूनी से भी महाघातक है। उलट पुलट समझ दे कर उलटे मार्ग पर चलाता है। जिनाज्ञा के विरुद्ध वर्ताव करावे। फलतः भयंकर कर्म पैदा करावे। नरक-निगोद में ले चले। अनंत काल तक भवभ्रमण करावे और धर्म के श्रवण को भी दुर्लभ बना दे। सहस्रो को महान और अनंत दुःखों के गर्त में ढकेल दे। इसलिए ही महामहोपाध्यायजी न्यायाचार्य, न्यायविशारद, श्री यशोविजयजी महाराजश्रीने घोषणा की है "उत्सूत्र सम पाप न किश्युं।

(३) अदत्त-आदान विरमण महाव्रत—

स्वय चोरी करे नही, करवाते भी नही। करनेवालो को भी अच्छा न समझे। मन-वचन काया से। किसी से पूछे बिना किसी भी चीज को न ले। किसी के मकान में उसकी अनुमति बिना प्रवेश भी न करे। गुरु से कुछ भी गुप्त न रखे। धन्य आचरण! धन्य जीवन!

(४) मैथुन विमरण महाव्रत—

स्वय स्त्री सग करे नही, करवाते नही। करनेवाले को अच्छा न माने। मन-वचन-काया से भी। एक माह की छोटी बच्ची का भी स्पर्श न करे। अगर भूल मे स्पर्श होने पर गुरु द्वारा दड पाने के लिए तैयार। पाँचो इन्द्रियो पर काबू, उसका नाम है ब्रह्मचर्य। रसगृद्धि बिलकुल नही। जिह्वा पर सपूर्ण काबू। मन भटकता हुआ नही। विषयविपाक मे कटु फल का सदैव विचार। आत्म गुण मे सदैव रमणता। परब्रह्म मे-परमात्मा मे एक ध्यान।

(५) परिग्रह-विरमण महाव्रत—

स्वय पैसे का स्पर्श भी नही करें। रखावे भी नही। रखनेवालो को भी अच्छा न माने मन-वचन-कायासे। परिग्रह-महापाप। सारे जगत का वडा तूफान। साधु, धनका स्पर्श भी न करेगा। अरे, पुस्तको या ज्ञानभडार पर भी ममत्व नही रखेगा। मूर्च्छा भी नही। जरूरत के बिना उपधि न रखेगा। उपधि याने वस्त्र पात्रादि। सर्व श्रेष्ठ प्रक्रिया जैन शासन की। शासन याने विश्वरक्षक स्वाभाविक सचालन।

(६) रात्रिभोजन-विरमणव्रत—

यह छट्ठा, वडा उपयोगी व्रत है।-यह है, महाव्रतों से

अलग; परन्तु प्रथम व्रत का रक्षक है। जीव दया का झरना है। स्वास्थ्य का रक्षक है, वर्धक भी है। दुर्गति की अर्गला रूप है। आज कल गृहस्थों में इस व्रत के प्रति वडी भारी उपेक्षा है, अतः भावि वूरा दिखाई दे रहा है। और रोगादि प्रत्यक्ष वढते जाते है, और वे भी असाध्य कोटि के। इसलिए ज्ञानी के कहने का आदर करो। शक्य पालन भी करो। अव पाँच समिति। तीन गुप्ति। अष्ट प्रवचन माता की अद्‌भुत ताकत का विचार करो।

४२. "पाँच समिति तीन गुप्तियाँ"

अष्ट प्रवचन माता, कैसा मधुर वात्सल्यपूर्ण उच्चार है। प्रवचन शासन—आचारधर्म—साधुधर्म की माता। "मेरा रक्षण करेगी माता।" साधु को साधुता में स्थिर करनेवाली है "माता" आठ। राजा महाराजाओ के वहाँ पांच धावमाताएँ। साधुओं को तो दुनिया की माँ से भी अधिक स्नेहभरी आठ आठ माताएँ। उनकी गोद में खेलने वाले दुनिया में न खेलेगे और न खेले। वह संसार में परिभ्रमण न करे। वह ज्ञानिओं को अच्छा लगे। उनका स्थान तुरन्त ही मुक्ति में लगे।

(१) इर्या समिति—

रास्ते में चलते अहिंसा का पालन। जीवों की पूरी रक्षा करने की इन्तेजारी। आंख नीची, चाल धीमी। दृष्टि साढे तीन हाथ दूर। वह कभी भी न वनेगा क्रूर। वह है सच्चा शूर।

(२) भापा समिति—

बोलने में पूरा विवेकी। बिना काम न वोलेगा। वह भी इष्ट—मिष्ट—हितकारी। असंवद्ध प्रलाप न करेगा। शास्त्र वचन से विलकुल दूर नही।

(३) एषणा समिति –

गोचरी के ब्यालीस दोषो से रहित। आहार-पानी लेने मे विवेक। सामनेवाली व्यक्ति के भाव मे वृद्धि हो, इस तरह। आधाकर्मी की पूरी भडक-सावधानी।

(४) आदान-भड मत्त निक्खेवणा-समिति—

वस्तु लेना-रखना। भाड-पात्र लेना, रखना-दूर करना उपधि लेना-रखना-देना-प्रत्येक मे उपयोग पुर सर की जयणा। यतना जीवदया की सपूर्ण सावधानता। स्वपर और संयम को पोषक प्रवृत्ति।

(५) पारिष्ठापनिका समिति—

कफ-खाँसी आदि सिर्फ निर्दोष भूमि मे त्यागना चाहिये। हर कोई विसर्जन करने योग्य वस्तु का सावधानीसे यथास्थान मे त्याग करना चाहिये। इधर उधर इच्छा के अनुसार बैठा नही जाय, वैसे ही किसी स्थान पर डाल देना नही चाहिये। शासन की धर्मकी– साधुता की अपकीर्ति दुनिया मे न होने पाये, उसीका खयाल रखना आवश्यक है।

सम्यग्-प्रवृत्ति-समिति। – प्राय प्रवृत्ति नही कर के आत्मा का रक्षण, वह है गुप्ति।

(१) मन-गुप्ति—

विचारो पर का कावू। मगज शक्ति पर भी कावू। गलत तरगो मे नहीं पडना, समभाव मे स्थिरता करना।

(२) वचन गुप्ति—

प्राय मौन्ड रहना।

(३) काय गुप्ति—

पाप प्रवृत्तिसे दूर रहना, अगोपाग की मलीनता। कूर्म की तरह इन्द्रियो पर कावू।

यहाँ तक प्रथम, चौथा-पाँचवा-छट्ठा गुणस्थानक अंतर्गत आ जाता है। इस तरह सर्व सामान्य स्वरूप विधि-हेय-उपादेय साधन संक्षिप्त विवरण से कहा गया। अव प्रथमसे चौदह गुणस्थानक की ओर अँगुलीनिर्देश करेंगे। जैनशासन का यह है क्रमारोह। थोडा सा गहन भी है। तुरन्त ही समझ में आ जाना थोडा सा कठिन, फिर भी है आह्लादक।

४३ "चौदह गुण स्थानकों का स्वरूप"

(१) मिथ्यात्व गुणस्थानक—

सरल समझ के लिए दो विभाग में :—

(१) अखाडे या उसरभूमि जैसा नाम मात्र गुणस्थानक। गुण नही सिर्फ गुणाभास ही है। बुद्धि उलटी। आत्मा के गुणो को प्रकट न करनेवाली महा अज्ञानदशा। मोह का गुलाम। रागद्वेष का शिकार आसानीसे वननेवाला। सत्य अच्छा न लगे। विपरीत मे स्वीकृति तुरन्त दे दे। दूसरे भेद में-मंद मिथ्यात्व की स्थिति मालूम होती है, संसार ठीक नहीं है। ऐसी ही सामान्यतः विचार धारा होने पावे। देव गुरु धर्म की वात जंचे। अपितु सुक या कुक दोनों का विभाग तुरन्त न कर सके। यद्यपि सत्य, न्याय नीति प्रामाणिकता की पक्षपात वुद्धि रहे। शास्त्रीयभाषा में, 'अपुर्नवंधक' कोटिमें रखा जा सकता है। मार्गानुसारिता में उसका प्रवेश हो सकता है। धर्म-अर्थ-काम में धर्म को ही मुख्य स्थान दे।

इस स्टेजमें श्रावक जैसी करणी मालुम होवे। साधु प्रत्ये बहुमान होवे, मोक्ष की इच्छा से धर्मक्रिया करे, किन्तु शुध्ध यथाप्रवृत्ति करण तक गीनती हो शके। चतुर्थ गुणस्थानक के योन्य स्टेज पसार करना अधुरा है सम्यक्त्वाभिमुस व्यवहारसे कह शके.

(२) सास्वादन—

चौथे आदि विशिष्ठ स्थानसे निम्न कोटिका है। वमन किये हुए मीठे आहार की डकार जैसा है।

(३) मिश्र—

तत्त्व मे रुचि भी नहीं अरुचि भी नही। जिस तरह नारियल के द्वीप मे रहनेवाले को अन्न के प्रति रुचि भी नहीं अरुचि भी नही।

(४) सम्यक्त्व या अविरत सम्यग्दृष्टि—

अति महत्त्व के लाभ की बात है। इस गुणस्थान मे आनेवाला जीव लाभ प्राप्त कर लेता है। इसमे दूर, वह प्राय, स्व-आत्मा से दूर क्रूर भी। निर्मल श्रद्धा सर्वज्ञ वीतराग के वचनो मे। वस्तु को उसका स्वभाव पहचान करे-जाने और माने भी। सद्दहे, शक्य अमलीकरण भी। अमल न करनेसे ही अविरत। उक्त प्रवृत्तिसे रुकावट न भी होने पावे। अपितु हेय को हेय ही माने और बोले। उपादेय की प्रशसा करे। प्रचार भी करे। कडक अगर कुदरत के सयोगसे महा सप्त व्यसन सेवी आत्मा भी अत करण से इस गुणस्थान को प्राप्त कर चुका भी हो। यह है जैनशासन की अनोखी-अपितु नेचरल युक्तिवद्ध विचारणा। पतितपावनी वीतराग वाणी का यह एक अद्भुत चमत्कार है। यह अगर आत्मसात् न हो, तो, बाह्य प्रवृत्ति की बहुत कीमत भी नहीं। पांच महाव्रत व्रत भी नही। बारह अणुव्रत भी विना कीमत के। सम्यक्त्व सच्ची दृष्टि-स्वरूप श्रद्धा तत्त्व श्रद्धा-यह है नींव।

चाहे इस स्टेज पर व्यक्ति मे विरति-व्रत-नियम-पच्चक्खाण न भी हो। अपि तु स्पेशयल विशिष्ठ कर्तव्य है ही।

सुदेव-सुधर्म सुगुरु की उपासना, भक्ति, प्रभावना, प्रचार, उसके दिल में। भगवान के आज्ञाकी ओर उसका अथाह प्रेम है। सत्य का सुदृढ पक्ष। सिद्धांत के लिए कुर्बानी भी दे दें। सर्वस्व कुर्बान कर दे। दानरुचि शील के प्रति सद्भाव और पालन भी यथाशक्ति। तप उसको अच्छा लगे। श्री कृष्ण महाराज को मौन एकादशी जंच गई। इस तरह दिल साधुत्वके लिए इच्छा करे। व्याकुल भी बन जाय।

(५) देशविरति—

यह गुणस्थान आत्मा की परिणति है। सिर्फ बाहर की प्रवृत्ति नहीं है। भावना का अमली करण करने की तैयारीयाँ, यह है उसीका फल। ऐसा करना चाहिये वह है. उसकी भावना। कब उसका अमलीकरण करूं—कब करूं। ऐसा तीव्र हार्दिक अभिलाष —आत्मिक— यह है परिणाम।

देशविरत पांच अणुव्रत, तीन गुण व्रत, चार शिक्षा व्रतादि में दत्तचित्त रहता है। प्रतिक्रमण पौषध आदि में उद्यमवंत रहे। स्थूल से, अंशसे व्रतों का पालन करे। सर्व विरति का अभिलाषी होता है। व्यवहार शुद्धि की सम्पूर्ण जागृति।

(६) प्रमत्त संयत—

प्रमाद करता है ऐसा नहीं, अपितु प्रमाद हो जाता है। साधुत्व का पालन करता है। अपितु छोटी छोटी बातों में स्खलन हो जाता है। मन—वचन—काया के योग उपयोग से बाहर भी चले जाय। ऊठते-बैठते, हलन-चलन घूमने में जयणा भूल भी जाय। मतलब यह है, कि अतिचार का सेवन हो जाय। परन्तु उसके प्रति जागृत रहे। न होने पावे इसके

लिए सम्पूर्ण सावचेत बना रहे। बहुत से पोइन्टस पर ख्याल रखकर जागृत बने रहना, यह है, एक गुणस्थानक।

(७) अप्रमत्त सयत—

यह दशा आती है और जाती है, झूले की गति के समान। षष्ठ स्थानकसे सप्तम स्थानक तक-बडा आनदजनक यह गुणस्थानक है। उस काल-मे आत्मा, परम आनन्द मे ही रमण करता है और ऐसे ही करते करते परिणति—परिणाम ऊर्ध्व चढते चढते आठवे गुणस्थानक मे पहुँच जाता है।

(८) अपूर्वकरण—

भव भ्रमण मे यह एक अपूर्व परिस्थित का अनुभव है। क्षपकश्रेणि में चढता जाय, तो कैवल्य ज्ञान प्राप्ति तक पहुँच जाता है और उपशम श्रेणि तक पहुँचे तो ग्यारहवें गुण स्थानक से गिरता है। यह विषय बहुत सूक्ष्म विचारणा, अभ्यास और गहरी सूझ की अपेक्षा रखता है।

(९) अनिवृत्ति बादर—

यहाँ पर आत्मा बलिष्ठ बनता है। आगे बढने का वेग भी बढता है। बादर बडे कषायो को हटा देता है। आत्मा परने कषायादि का वेग कम बनता जाता है।

(१०) सूक्ष्म सपराय—

अति सूक्ष्म लोभ के बिना अन्य कषाय विचारे मरण के समान परिस्थिति मे आ जाते हैं। सीधा बारहवे स्थान तक पहुँचने वाला "मोह विजेता" बनता है। इसके बाद थोडे समय के बाद तेरहवें स्थान पर पहुँच ने पर "सयोगी" केवली क्या न बन पावे?

(११) उपशान्त मोह—

बडा विचित्र—उक्त शान्त पडा हुआ मोह, सत्ता में से जागृत हो जाता है। ऋद्धि, शाता या रसगारव आदि द्वारा आकृष्ट होता है और बडी महेनत से चोटी तक पहुँचनेवाले का पैर खींचता है। गिरा! गिर गया। बिलकूल गिर पाया। गेवी लात-भयंकर पात। कोई छठे, कोई चौथे—कोई प्रथम। रे, कोई तो ठीक नीचे निगादे में भी। मोह तेरा उल्कापात भयंकर। सर्वथा क्रूर-निष्ठुर।

(१२) क्षीण मोह—

कैसा सुन्दर नाम है। अनादि कालसे आत्मा पर काबू रखकर बैठा था। उक्त मोह-महा मायावी-पर को अपना मनाकर पाताल में ढकेल दे। उस मोह का सर्वथा नाश हंमेशा के लिए। अंश भी उसका अस्तित्व नहीं। उक्त समय पर हँसता, खेलता, कूदता, नाचता, ऐसा जो दुनिया का नाटक है उसे देखने का ज्ञान आया समझे। आवरण गया। रात गई। मुक्ति की उषा प्रगटी।

(१३) सयोगी केवली—

चराचर विश्व को देखे उसका ज्ञान करे। भूत-भविष्य-वर्तमान के सभी पर्यायों को—फेरफारों को उत्पत्ति-स्थिति-विनाश-को आत्मा की आँखोसे देखे। कैवल्य ज्ञान-आत्मज्ञान ही समझ लो। बाह्यचक्षु की भी जरूरत नहीं। गह्वर में, पेडो, गिरि पर चढो, कान में बात करो, संज्ञा से या हाथों के इशारोसे समझाओ। ज्ञानसे सब कुछ देखे, समझे भी। इसलिये ही कहावत है कि "ईश्वर का परमात्मा का तो डर रखो।" उतने बडे स्टेज पर अब भी शरीर की बात तो रहती

ही है। मन का चाहे उपयोग न हो, अपितु वचन तो बैठा है ही। मन का चाहे उपयोग न हो फिर भी द्रव्य मन तो है ही सही। तीनो योग है। इसलिये सयोगी। कर्मबन्ध नहीं ऐसा कहने पर भी अपेक्षित। पहले समय मे बधन, दूसरे समय में वेदन अर्थात् अनुभव और तीसरे समय मे निर्जरा अर्थात कुछ भी सबन्ध नही।

(१४) अयोगी केवली—

सूक्ष्म मन का रुधन। सूक्ष्म वचन का रुधन। अत मे सूक्ष्म काया का भी रुधन। एक समय मे सिद्ध शीलासे भी ऊपर अनत काल तक। अनन्त ज्ञान मे रमते। अनन्त शक्ति के स्वामी। अनत सुख मे विलसे। "दुनिया नाटक देखे, मांझी बैठे महलाते।" सिद्ध–बुद्ध निरजन बने। आत्मा।" अजन्मा को उपाधि किस प्रकार की ? यह है महा शासन की क्रम बद्ध पद्धति। प्रस्थान और उत्थान। कोई भी प्रकार का पक्ष नही। किसी के लिए भी द्वार बन्द नही। हर कोई आत्मा भाव पूर्वक आवे। शक्ति के अनुसार सोपान पढे। उत्साह से धीरजसे, प्रेमसे भक्तिसे कोई पहले या कोई पीछे से पहुँचेगा अवश्य ही। शिखर जीत लेगा अवश्य। गीर ने पर प्रयास जारी रखे, तो अवश्य चढ जायेगा और ऊपर पहुँचेगा। यह **निर्मल, निर्बाध सार्वजनिक राजमार्ग है मानव उन्नति का।** सच्ची और आत्यतिक शाति समाधि का।

यह मार्ग मानव भव मे ही मिलता है। देवभव मे ऐसा अरे, विरति गत-प्रवृत्ति रुप छोटा-सा भी गुणस्थानक गत, उत्थान अशक्य है, इसलिए ही मानव भव महँगा है। इस समझ की व्यापकता, वही है सम्यक्त्व। इस समझ का

सपूर्ण अमल वही ही छट्ठा । उसका वेग आठ से बारह तक। उसका प्रत्यक्ष फल तेरहवां । उसका सपूर्ण अनंत फल चौदहवाँ । इस सर्वतोमुखी उन्नति के पथ में सभी का कल्याण हो, कल्याण हो ।

४४. घाति अघाति कर्म

गुणस्थान क्रमारोह में कर्म विक्षेप करेंगे । घाति याने भयकर । घाति के नाश हो जाने पर "अघाति" बेचारे । परन्तु जाति तो कर्म की ही । कोई लोखंडी सोनगढी तो कोई नम्र—मुलायम पत्थर के समान । अपितु पत्थर ही तो पत्थर । लगने पर लहू निकालेगा । इसलिए उनसे सावचेत बने रहना । उसका नाश ही कल्याणप्रद है ।

(१) घाति ४: प्रथम ज्ञानावरणीय—

ज्ञान, ज्ञानी की निदा, अवज्ञा और नाशसे बन्धन प्राप्त करेगा वह तो स्वाभाविक है । उसका फल है, बुद्धि की कमजोरी, गूंगापन, अन्धकार में डूबे रहना । ज्ञानपंचमी की "वरदत्त गुणमंजरी" की कथा बहुत कुछ कह देती है ।

(२) दर्शनावरणीय—

सम्यक्त्वी ज्ञानी–आदि का सामना करने से या वितंडा-वाद से बन्धन में पडता है । फलतः परभव में अन्ध, रतांध बनते है और पाई हुई शक्तियाँ आतर शक्तियाँ, निद्रा पचक से आवरण में आ जाती है । दब जाती है । नष्ट–भ्रष्ट हो जाती है । जो आत्म विकास के घातकत्व में परिणमती हैं ।

(३) मोहनीय–

महा भयकर । भव भव का काला सांप भावप्राण लेने में

ही खुशी । वैर-कलह-ईर्षा आदि से बन्धाता रहे । राग-द्वेष उनके संतान । तिर्यंच नारक के झहरीले भवो मे ले जाता है । परन्तु यह तो सामान्य विपाक है । परन्तु सत्य को सत्य न ठहरा देना वही है उसका स्वाभाविक दुगुण । यही दुर्गुण ही मिथ्यात्व मोहनीय । आनेवाले सम्यक्त्व को रुकावट करना वही है उसकी कमनीय कला । अगर आत्मा बलिष्ठ बने, तो शुद्ध यथाप्रवृत्तिकरण मे अपने को ले जाय । अपूर्वकरण द्वारा अनिवृत्ति करण मे निवेश करता है । अंतरकरण द्वारा सम्यक्त्व को प्राप्त कर ले, तो उसका सगा भाई चारित्र मोहनीय आकर खडा रहे । न देशविरत होने दे । न सर्व विरत होने दे । साधुत्व का कडा दुश्मन । ये दोनो को नष्ट करने दे तो धर्मराजा की महेरबानी समझो ।

(४) अंतराय—

यह भी पाँच रुपोसे रुकावट करता है । गत-भव मे जिस वस्तु मे किसीको रुकावट की होगी, उक्त वस्तु यह भव मे न मिलने दे । दान देने मे भी अंतराय करे और धर्म में वीर्य का स्फुरण न करने दे । ये दे । उसकी खास घातक प्रकृतियाँ सुविख्यात हैं । इसलिये बलात्कारसे मन के ना कहने पर भी अवश्य दान देना । इच्छा के बिना भी धर्म की प्रवृत्ति करनेसे इच्छा का जन्म होगा ।

अब (४) अघाति—(५) नामकर्म

शरीर, अंगोपांग, यश, अपयश, सुरूप, कुरूप, इत्यादि उनके खेल हैं । बहुत समझने योग्य भी है ।

(६) गोत्र—

ऊँच-नीच कुल की चावी इस गोत्र के पास रहती है ।

इसलिए ऊँच या नीचता की प्राप्ति-यह किये हुए कर्मों का ही फल है। यह लोक स्थिति है। इत्यादि बहुत सी बातें समझने योग्य भी है। जमाने के नाम पर अंध बने रहने से कोई फायदा नहीं।

(७) आयुष—

परभव का आयुष निश्चित करनेवाला। बहुत निश्चयात्मक और गाणितिक है। देव-मनुष्य-तिर्यंच या नरक, किधर जीव ले को जाना ? यह निश्चय कर के उसकी प्राप्ति करानेवाला है। देव, मनुष्य में, या तिर्यंच में जा सके। नारक-मनुष्य या तिर्यंच में जा सके। मनुष्य और तिर्यंच चारों गतियों में जा सके। यह सामान्य नियम उसके उपनियम भी समझने योग्य है।

(८) वेदनीय—

शाता-अशाता, इसके दो विभाग। शाता में सुख की ऊपज, शरीर की तंदुरस्ती बनी रहे। अशाता से रोगादि पीडा करते हैं। स्वास्थ्य भी शिथिल बने और मन को पीडा होती रहे।

४५. "कर्म साहित्य और आज का विज्ञान"

ये आठों कर्म और उनके उपविभाग १५८। यह भी बडा विज्ञान है। गहरा विज्ञान है। कर्म के परमाणु किस तरह आत्मा को आकर लग जाते हैं। आत्मा की शुभ अशुभ विचार श्रेणी लोहचुंबकत्व का काम किस तरह करती है। रागद्वेष और मोह की जंझीर कैसे भयंकर दुःख मे डालती हैं। इत्यादि संपूर्ण चर्चा जैन शास्त्रों में ही मिलेगी।

परमाणुओ की ताकत और परिवर्तन स्थिति इत्यादि बातें अभ्यास करने योग्य हैं। आज का सायन्स उसके आगे अति वामन मालूम होगा। एक मे आत्म कल्याण-लोककल्याण की भावना है तो दूसरेमें सहार की सब शक्यताएँ और सामग्री भी भरी पडी है।

४६ "श्री सघ और कर्तव्य दिशा"।

ये सब ज्ञान की श्रेणियाँ भविष्य मे ज्ञान के लिए सुरक्षित ही रहनी चाहिये न। यह कर्तव्य श्री सघ का है, श्री सघ का अर्थ है साधु-साध्वी श्रावक-श्राविकाअें। दो उपास्य। श्री सघ श्रमण प्रधान है। पू सुविहित शासन समर्पित आचार्य देव उक्त सघ के केन्द्रस्थान मे है। शास्त्र की आज्ञा के अनुसार उपदेश, प्रेरणा-प्रभावना-प्रचार करना है। श्री सघ सभी बात मे उनका मार्गदर्शन लेता है और बर्ताव भी ठीक उनके अनुसार करता है। यह है श्री सघ की सविधान प्रक्रिया। साध्वी सस्था भी एक सौम्य बल है। तप त्याग-और स्वाध्याय का भी एक अनूठा प्रतीक है। मातृसस्कार का भी एक केन्द्र है। श्राविकाओ का उद्‌भव स्थान है। भविष्य मे मातृस्थान लेनेवाले को भी जन सस्कार वही प्राप्त होने हैं। वानीमें मृदुता, दिल मे सरलता, विवेक वर्तन ने-ये सब सस्कार वहा प्राप्त होते हैं।

जीवविचार नवतत्त्व आदि प्रकरण ग्रंथो की जीवित और जागृत अध्ययन शाला वह है। सस्कार सुरभि का पुष्प-बाग ही रहो।

'श्रावक तो साध्वाचार के पालन में सहायक'। शासन के कार्यमे खडा रहनेवाला। साधु का माता-पिता ही कहो श्रावक-श्राविका है। परन्तु कब ? भक्तिपूर्ण हृदय से सभी प्रकार का वहु मान से देदिप्यमान भरा हो तब। श्रावक श्राविकाओं को सदैव चिन्ता। साधु-साध्वीओं को थोडा सा भी कष्ट न होने पाव। उनकी चिन्ता रखनेवाले। उनके भाव प्राण का रक्षण हो आत्मा के परिणाम ऊँचे बने रहे उसकी सदैव सावधानी रहती है।

इन चारो अगों को क्या आगमज्ञान की ओर जागृत नही बनना चाहिये ? महा मूल्यवान आगम शास्त्रों को लिपि बद्ध करना चाहिये। श्रावक द्रव्य का खर्च करते है। अरे ज्ञान द्रव्य की जमा की हुई रकम उसी ही प्रवृत्ति में व्यय करे, वह है हितावह। विद्वान साधु, विदुषी साध्वियाँ अपने अपने अधिकार के अनुसार आगमादि लिखे, तो निर्जरा ज्ञान का रक्षण और सयम की रक्षा भी होगी। उनके कागज ही अनोखे। उनकी स्याही घट्ट और ऊँची। यह तो है दिशासूचन सिर्फ।

आज के युग मे तो राजकीय आक्रमण का अन्त नहीं। कोई सीधा और कोइ छल से। धर्मध्वसक प्रवृत्तियाँ भी धर्म के नाम पर अतिभयकर रीति से आयोजनपूर्वक। उसी में वीर के गणवेषधारी भी शामिल होते है। उस वक्त रक्षण करना कठिन ही नही, अपितु बहुत आवश्यक भी वन जाता है। यह एक अंधकारपूर्ण युग है, जागृति के लेवास में। समझकर सावधानी से चलेगा वही फायदा ऊठा सकेगा। उपेक्षा करनेवाले का प्रायः आत्मधन नष्ट हो जायगा।

अति कीमती, अनमोल खजाना प्राप्त हुआ है श्री सघ को। सिद्धात स्थापत्य-ज्ञानकोष-तीर्थस्थान-उपाश्रय-देव मदिर-धर्मशालाएँ, ये सब एक या दूसरे प्रकार से रक्षण माँगते है। जजीर, बहुत फैल गई है। फिसल से छूटने के लिए, श्री सघ को सदैव सतर्क-सावधानी रखनी चाहिये।

४७ ॥ हमारे महा प्रभावक तीर्थ स्थान ॥

जैन शासन मे तीथ स्थान आनद-प्रमोद के स्थान नही हैं। ये हैं मुक्ति मार्ग के उन्नत शिखर। पार करे, वह तीर्थ। किससे पार होना है ! जो मानता है, मैं ससार म डूब रहा हूँ उससे। जो समझता है कि 'दुख की खान है, "ससार" बडा कष्टदायक"। ससार के सुख वे है अपने दुख के कारण। पापो से दुख और सुख के लिए ही बहुत जघन्य पाप। ऐसी समझ प्राप्त करनेवाले तीथ मे जाते है। और ससार के पार भी पहुँचते है। दूसरे सब। तो घूमते फिरते रहे और ससार का भ्रमण किया करे। कोल्हूके बैल की तरह वही का वही।

राणकपुर का मनोरम्य प्रासाद—

खेलती बोलती कला है। एक एक स्तभ मे बहुत से रुपयो का खर्च हुआ है। वह खर्च मुक्त हाथो से धन्य जीव ही करते है। यह देखने के लिए—अमेरिकन-युरोपियन प्रवासी आते हैं। जैनी लोग भी आत्म दशन करने के लिए जाते हैं। परमात्मा के दशन से आत्मदशन होता है, कला और स्थापत्य से आत्मा के गुण खिल उठते हैं। उदार दानवृत्ति अगर न हो, तो ऐसी झलक कैसे आवे। जैन धम की विश्व धर्म की घटा,

बजती है। सब का परम सत्य की ओर ध्यान खीचने की दृष्टि से। कीर्ति के कंगूरे उनके मन कंकड के समान हैं।

आबू की विमल वसही—

वस्तुपाल-तेजपाल निर्मित जिनालय। यह है परम भक्ति का आदर्श। देरानी-जेठानी के आदर्श गोंख! उन सब के पीछे सिर्फ उदार दिलसे धन का व्यय ही नही है अनोखा आत्म भोग भी है। इस निर्माण में उदारता की अवधि भी नहीं है। कलाकारों को ऋतु के अनुसार खुराक, ठण्ड हटाने के लिए गरम कपडे और जलते हुए चूल्हे। मजदूरी के रूप में स्थापत्य की भूकी के वजन के बराबर चाँदी दी गई थी। इसी तरह तैयार हुई है आबू की अद्‌भुत कला भारत की सौरभ।

देलवाडे के पित्तलिया देव:

आत्मा का चमकीला (प्रभावित) सुवर्ण।

'आबू-अचलगढ अति सुन्दर मनोहर रे लोल!

गर्व लेने योग्य 'गिरनार'—

शामला-मनोहर-नेमिनाथ भगवान के दर्शन करो और पापको दूर करो। आँखों को शीतल बनाओ और काम को मारो। ब्रह्मचर्य का महा रूपक—'राजीमति का त्याग किया सुनकर पशुओं के चित्कार।' यह एक सकेत था। संकेत मुक्ति गमन का, संयम की तैयारी का, जिसका नाम है 'प्रीति'।

'अष्टापद महातीर्थ'—

अब तो अदृश्य है। रशिया से भी अति दूर पर। हिमाच्छादित प्रदेश में अगर हो तो ज्ञानी को मालूम। चौबीस तीर्थंकरो के स्व-स्व देह-प्रमाण मूर्तियाँ। जिस की रक्षा और पूजन करते थे देव।

शिखरजी—

वीस तीर्थंकरो की निर्वाण भूमि—यात्रा अठारह मील तक की लबी है। शामळाजी का पूजन करो और पाप को दूर करो पापो से धूजो। पारसनाथ की पहाडी—भव्यात्माओ को सदैव मगल करने वाली यह पहाडी भूमि है। प्रकृति की रम्यता कश्मीर के सौन्दर्य को भी भुला दे वैसी है। वनस्पतियाँ की रमणीयता आत्म सौन्दर्य की याद करा दे।

तारगा की पहाडी—

हमे पार करे। प्रत्येक नसमे धर्म ही धर्म, जैसे वडे श्री अजितनाथ भगवान। सीडी पर चढो और भगवन्त श्री का पूजन करो। कुमारपाल महाराजा का बनवाया हुआ स्थापत्य। वडा चौक। प्रभुजी से बातें करो और पापो को हटावो। ध्यान धरो और मुक्ति पाओ।

शत्रुजय —

प्राण प्यारा-पवित्रतम पुण्यगिरि। प्रदक्षिणा करो शत्रुजय की। जहाँ आदीश्वर दादा का स्थान है। बाबा की महिमा बहुत है। ससार से पार करा दे। सद्गति अवश्य होवे। भाव से गिरिराज की प्रदक्षिणा करो। ससार बडा भयानक ! मुक्ति ही सुखकारी। ससारके सुख लुभावने है आत्मा का विस्मरण कराते हैं। साधुता आत्मा की तारक है। श्रावकपन साधुता की प्राप्ति करा देता है। उसमे सहायक है तारक तीर्थ। भक्ति से उनकी भेट करूँ और दादा के अग मे लेटू आज तो मेरा अहो भाग्य हुआ। ऐसे भावो से वदना करूँ। जयणा से विकसित मन। तन भी थकना नही। चरणो मे धन की प्राप्ति होती है। दान देने का मन हो जाता है। मुक्ति के लिए अब भव की गणना कर नही।

मंदिरोंकी पंक्तियां—सिटी ऑफ टेम्पल्स—

"उज्ज्वल जिन गृह मंडली जहाँ दीपे उत्तंगा ।
मानो हिमगिरि विभ्रमे आई अंबर गंगा ॥
बिमलाचल नितु वंदिये ।

पद पद पर निर्जरा, प्रति सोपान में जयला। बहती हुई भावना। यह आनंद और उल्लास "रोप रोड में" आता है ? ये पुण्यवंध टेकसी सर्वीस में भी कहा से मिले ? वहुत से सार्वमिक मिलते है, और पाप भी नष्ट होते हैं।

करुण कहानी है, आज के युग की या जवानों की ? आज के ऐज्युकेशन की या मावाप की वेफिक्री की। क्या जैनों का नैतृत्व इस तरह स्थिर रह सकेगा ? क्या तिरने के स्थान पर आकर अपना नव युवक डूव जायगा ? देखो, एक हाथ मे ट्रान्जीस्टर; सीनेमा की तर्ज और दूसरे हाथ में सगिनी का हाथ—मर्यादा मिर मिटी। भावना लुप्त हुई। महापुण्य के स्थान पर जघन्य पाप। अज्ञान समझो या उद्धताई मान लो। सत्य तो यह है कि 'पुण्य स्थाने कृत पाप वज्रलेपो भविष्यति।' पापों का महावध और वह भी तीर्थ स्थानों मे।

और दूसरी तो वहुत सी कल्याणक भूमिकाएँ है। काशी-चंपापुरी इत्यादि। झगडिया-भीलडीया, मांडूकजी, कुल्पाकजी, अंतरीक्षजी, नांदीपा, मुच्छाला महावीर, ब्राह्मणवाड़ा-दियाणा, इत्यादि। जिन्हें स्पर्श करने से भी पुण्य प्राप्ति। पूजने वाले पुण्यशील। प्राप्त करेगे वे पार हो जायेगे।

४८. यह 'आशातना" क्या है ?

जिस वेफिक्री के कारण भविष्य में वहुत सी 'आशाता'

बहुत से आत्माओ को प्राप्त होवे। उसी में अज्ञान मुख्य होता है। प्रत्येक कार्य को अनुष्ठान की शास्त्रीय विधि है। जैसे कोर्ट मे भी-वकीलो को भी रूल्स, और रेग्युलेशन्स के साथ रहना पडता है।

जिस तरह राजसभा या धारा सभा मे स्पीकर की मर्यादा रखनी पडती है। जो घाघल करनेवाले हैं उन की बात छोडो। यह है इस युग का व्यापक जहर। जो आज विद्यार्थी आलम तक पहुंच चुका है। जिनालय की चोरासी आशातनाएँ, गुरुदेव की तेंतीस आशातनाएँ। समझ कर दूर करनी चाहिये। वैसे ही तीर्थ स्थानो की, यात्रासघ-यात्रा की, आशातनाएँ दुर करनी चाहिये। मर्यादा के उल्लघन का अर्थ है, जान बूझकर आशातना का पापका स्वीकार करना। पाप मोल लेना। यह बात बडी गहरी और विचारणीय है। वैसे ही माता पिता की बुर्जुगो की, मर्यादा भी आर्यसस्कृति मे प्राधान्य रखती है।

४६ 'ज्ञान और ज्ञानके भेद''

ज्ञान आत्माका गुण है। आत्मा अनत ज्ञान का मालिक है। आत्मा मे शक्ति का अमर्यादित खजाना भरा पडा है। कर्मो के द्रव्य बहुत लगे हैं। जिस तरह बादलो से ढका हुआ सूर्य, धुधला प्रकाश फेंकता है और मालुम होता है कि 'दिन' है। वैसे ही सामान्य ज्ञानसे घमडी नही बनना चाहिये। आजका (एम ए पी एच. डी) उसकी गिनती मे कुछ भी नही। बेरीस्टरी भी, कुछ नही। सिर्फ घमडी बने रहने मे कुछ भी नही होगा। ज्ञान असीमित है। पूर्व मो का या चौदह पूर्व का ज्ञान, अति विशाल है। अपितु कैवल्य ज्ञान के आगे, तो वह है बिलकुल छोटे बिन्दु के समान। ऐसे जो नवपूर्वी भी आत्म-

ध्येय के बिना अज्ञानी माने जाते हैं। तो अब चाहे जैसा विद्वान क्यों न हो। ज्ञान आत्मा के उत्थान के लिए है। प्रगति के लिए है। अधःपतन के लिए नहीं। स्वपर का भेद समझने के लिए है। जड-चेतन के विवेक के लिए है। जड देह के साथ चेतन आत्मा क्यों संलग्न हुआ। कब से? बीच में मीडीयेटर कौन है। और ऊँच नीच के भेद क्यों है। गरीब और धनवान! न्यायाधीश और चपरासी। राजा और कंगाल पडित और गँवार। विद्वान और मूर्ख। सुखी और दुःखी। तंदुरस्त और नादुरस्त। इत्यादि विविध प्रकार के प्रश्नो के हल करने के लिए ज्ञान आवश्यक है।

वस्तु की वस्तु के स्वरूप में पहचान करा दे वही है ज्ञान। ज्ञानी सत्य को सत्य रूप से और झूठे को झूठा ठहरा देता है। सोना तो सोना। पीतल तो पीतल ही रह जाता है। उसमें समभाव रखना, यह एक अलग बात है। अपितु पहचानने की समझ आवश्यक है। जो जैसी स्थिति में हो वैसा ही इसको कहा जाय न! हाथी और गधा एक नहीं कहा जायगा। कोई कहे तो उसे मूर्ख माना जायगा।

सिर्फ भाषा ज्ञान या अक्षर ज्ञान किस काम का है। उद्धत या ईर्षालु न बनावे तो अच्छा होगा। इस लिए कहा गया है,

"विनय बिना विद्या नहीं"
नाहीं विनय बिना विवेक।

सर्वज्ञ शास्त्रों में ज्ञान के पाँच भेद हैं। उपभेद अकावन प्रकार के है। और तो नयभेद बहुत से प्रकार के हैं। आगम ज्ञान सचमुच पराकोटि का है। गुरुगम बिना फलदाता नहीं बनेगा। फुटेगा जरुर। आत्म दृष्टि से और व्यवहार दृष्टि से भी।

(१) मति ज्ञान—

बुद्धि का विषय है। महनत के साथ पूर्व भव का क्षयोपशम भी चाहिये। विचार पुर सर पद्धति भी मतिज्ञान है।

(२) श्रुत ज्ञान—

शास्त्र सुनने से, पढने से, गुरु मुख से उसका तात्पर्य समझने से होता है।

(३) अवधि ज्ञान—

इन्द्रियों की सहायता बिना आत्मा स्वयम् द्रष्टा बने। स्वर्ग के देवों को खास कर के होता है। मनुष्यों मे बहुत अल्प संख्या में। उस की मर्यादा होती है। अष्टांग निमित्त आदि तो मति ज्ञान मे आ जायेंगे' ज्योतिष आदि भी।

(४) मन पर्यव ज्ञान—

मन मे चिन्तन द्वारा, मनन की हुई वस्तुओं को पहचाने पर्यायों के साथ। जिनेश्वरदेव दीक्षा लेते ही तुरत उस ज्ञान को प्रकट करे।

(५) केवलज्ञान—

सिर्फ प्रकाश ही प्रकाश। चराचर विश्व को, सभी पर्यायों के साथ पहचान ले। भूत-भविष्य वर्तमान कुछ भी शेष नहीं। आने के बाद कुछ भी कम नहीं होता है। यद्यपि अनंत काल में बाद भी नष्ट नहीं होता है। मुक्ति में ले जाकर अजन्मा बना दे। आत्मा अनंत सुख में विलसे, अनंत समय तक।

इन सभी प्रकार के ज्ञानो की कोटि गुरु गम से—जैन महात्माओं से जानने से उनकी महत्ता समझ में आ सकेगी।

५०. "क्या ज्ञानी को क्रिया की आवश्यकता नहीं ?"

ज्ञानी और क्रिया में रस नही ऐसा कभी नहीं होगा। न कर सके यह संजोग से बनेगा। करने में पूर्ण रस। सच्चा ज्ञान, क्रिया की प्रेरणा करता ही रहेगा। कोई भी, पेशा बडा मुनाफा प्राप्त करानेवाला है, ऐसा मालूम होने पर उस पेशे को किये विना चैन न पडेगा। अगर धन न हो, तो किसी से कर्ज लेकर भी पेशा करेगा। तज्ज्ञ-अनुभवी की सलाह मशविरा लेगा। परंतु येनकेन प्रकारेन "मुनाफा" प्राप्त कर, कही विश्रांति करेगा।

क्रिया प्रेकटिकल ज्ञान है। बिज्ञान के विद्यार्थी को प्रयोगशाला। वैसे ही ज्ञानी के द्वारा बताए हुए सब अनुष्ठान में बड़ी दिलचस्पी होती है। सामायिक बिना उसको चैन नही। क्योंकि सामायिक ही आत्मा। समता व प्रशम की सर्वोच्च चोटी, वही है। आत्मस्वरूप। सामायिक करनेवालो को पौषध प्यारा होता है। अवश्य बारह या चौबीस घंटे का सामायिक। आरंभ-समारंभ से पर। व्यापार धंधे से मुक्त। कुटुम्ब झंझट से मुक्त। उपाश्रय में गुरु के सानिध्य में सारा दिन जप-तप-क्रिया और ध्यान में लगा रहता है। वाह ! कैसी लगाई है आत्मा की मस्ती। मोह राजा के साथ मुठभेड। मोह पतला-क्षीण होता जाय संसार में रहे परंतु मन मोक्ष में।

पौषध-सामायिक के लिए सप्रमाण गर्म आसन-मुहपत्ति-मुखवस्त्रिका चाहिये। निश्चित नियम के अनुसार और अति आवश्यक साधन। जीवदया का जागरूक प्रतीक प्रत्येक क्षण, प्रमार्जन में उपयोगी होगा। उसका नाम है "चरवला"। ऊनकी मुलायम दशीओं का बना हुआ। साधुजी के ओघे का

छोटा प्रतीक । यह आत्मा साधु बनने की इच्छा करता है, उसका वह प्रतीक है । जीवजतु को बचाकर काजा लेने के लिए, कुडा-कचरा दूर करने के लिए, 'दडासन' । उसकी लकडी की डडी लम्बी होती है ।

साथ मे स्थापनाचार्य भी होता है । पाँच अक्ष कोडा । स्थापना का निक्षेप होता है गुरु स्थान मे जिस तरह पर्वत-पूजा, प्रिया का निवास स्थान, प्रिया की याद दिलाता है । उक्त स्थापना पर आँख गडाकर, सभी क्रियाएँ करते रहना । पुस्तकादि ज्ञानादिक और क्रियादिक के ज्ञान के ही साधन मात्र हैं ।

उसी तरह "उपधान" श्रावक श्राविका के लिए । "योगोद्वहन" साधु-साध्वीयो के लिए । ४७-३५-२८ दिनो की तीन हफ्तों से उपधान की क्रिया । सुबह मे साढे चार बजे उठना । प्रतिक्रमण करना । एक सौ पूरा "लोगस्स" "चौवीस-जिनो का सुन्दर स्तवन) का कायोत्सर्ग खडे खडे करना । बीस नोकारवाली, सौ खमासमणा (पचाग प्रणिपात) तीन बार देव वदना । एक दिन उपवास । दूसरे दिन नीवी-एक समय भोजन उसमे भी वृत्ति सक्षेप और रसत्याग और वह उणोदरी । वृद्ध भी करे, बाल, जवान और प्रौढ भी करे । सब आराधना करते हैं । भक्ति करनेवाले भक्ति करते है कैसी है भव्य योजना ।

योगोद्वहन मे उपधान मे गुरु सब आराधना कराते हैं । पाठ पढावे -सूत्रो के अर्थ भी सुलझाते हैं । सब आराधक झिलते हैं ज्ञान उपासना का विधि मार्ग । योगोद्वहन मे आंतरे आयबिल और नीवी -एकासन । और महानिशीथ के योग मे ,तो पूर्ण सतत आयबिल । उसने

(४) उपानह—

एक या दो परे-युगल अधिक नहीं।

(५) तंबोल—

पान-सुपारी-मुखवास की चीज का प्रमाण।

(६) वस्त्र—

दस-पद्रहसे अधिक नहीं। नियम मुजब धारण करना।

(७) कुसुम—

पुष्पादि सूंघने के पदार्थों का भी प्रमाण।

(८) वाहन—

तांगा-मोटर-ट्रेन-प्लेन इत्यादि का प्रमाण से उपयोग।

(९) शयन—

बेडीग-पलग-गद्दे आदि का प्रमाण रखे।

(१०) विलेपन—

अंगराग-तेल-अत्तर-साबुन इत्यादि शरीर मालिस करने की चीजें।

(११) ब्रह्मचर्य—

दिन का नियम तो होता है। धारणा के अनुसार रात्रि के नियम।

(१२) दिशि—

अमुक दिशा में निश्चित मैल से अधिक न जाना, उसका प्रमाण।

(१३) न्हाण—

स्नान एक या दो बार से ज्यादा नहीं

(१४) भत—

खुराक का भी समतोल प्रमाण-चाय-दूध-फ्रुट-सब उनके प्रमाण में।

सुवह मे नियम ले शाम को याद कर ले। धारणा से कम चीजे यदि उपयोग मे ली गई हो, तो आनद। रात के लिए नियम की फिर से धारणा कर ले। सुवह मे याद कर के दिन के लिए सुवह में धारणा कर ले। श्रावक के वारह व्रतो मे सातवाँ व्रत। "भोगोपभोग विरमण" आता है। वह सारी जिन्दगी का होता है। उसीमे से हमेशा का सक्षेप होता है।

जिसके उपरात छ काय और असि–मसि और कृषि के बारे मे भी नियम करना पडता है। यह सारा प्रयोग-विधि गुरु महाराज के पास से या जाननेवाले श्रावक से समझकर जीवन मे आचरण मे रखने-योग्य है।

५३ "श्रावक के बारह व्रत।"

सयम लेने की शक्ति नही है। साधुता बहुत पसद है। इस लिए उन मार्गो का अभ्यास करने के लिए 'श्रावक' अणुव्रत लेता है। क्योकि ससार की जजीर मे फँसा हुआ है। बहुत से कार्य मन मे दु ज रहने पर भी करने पडते है इस लिए मर्यादा मे पालन हो सके। बारह व्रतो का सक्षेप मे विचार कर ल।

(१) स्थूल प्राणातिपात विरमण व्रत—

किसी भी चलते फिरते जीव को जान बुझकर बिना

कारण मारने की बुद्धि से मारूँगा नहीं। इस तरह "सवा वसो" दया का पालन होता है। एक अन्नी।

(२) स्थूलमृषावाद विरमण व्रत—

पाँच बड़े झूठ नहीं वोलेगे। कन्या, गाय और भूमि के लिए झूठ न वोले दूसरे की धरोहर न दबा देना। गलत गवाही न देना।

(३) स्थूल अदत्तादान विरमण व्रत—

मालिक की विना आज्ञा कोई भी चीज न लेना। राजा दंड करे या लोग अपयश फैलावे ऐसा कभी न करे। ताला तोडना या जेब काटना इत्यादि।

(४) स्वदारा संतोष परस्त्री गमन विरमण व्रत—

परिणीत अपनी स्त्री के सिवा और बड़ी स्त्रियाँ हमारी माता है। समवयस्क हमारी बहनो और छोटी लडकियाँ समान। यह थी भावना व्यापक हमारे आर्यावर्त की।

(५) परिग्रह परिमाण व्रत—

धन, धान्य, हवेली, मकान, दुकानों का, भीं संख्या से या तोल से प्रमाण। जैसे कि सब मिलाकर लाख या दो लाख से ज्यादा न रखना। विशेष होने पर अच्छे कार्यो में व्यय कर देना। उससे विशेष इस नियम के मर्म को जानने के लिए आय के दस-पंद्रह या बीस प्रतिशत प्रत्येक साल धर्मादा-सात क्षेत्र और अनुकंपा के कार्यों में व्यय करे ऐसा नियम। या गृह-कुटुंब का खर्च हो जाने पर वेन्क वेलेन्स का एक चौथाई अच्छे कार्यों में।

(६) दिक परिमाण व्रत—

अमुक दिशा मे अमुक मील, विदेश मे बिना धर्म के कार्य न जाना।

(७) भोगोपभोग विरमण व्रत—

प्रथम तो महा आरभ और हिंसामय व्यापार का त्याग इस व्रत मे आता है। बाद मे कर्मादान का त्याग। भोग एक वस्तु एक वार भोग्य-आहार-पानी-इत्यादि। वैसे ही जिस वस्तु का उपयोग वार वार होता है वह उपभोग जैसे वस्त्रादि उसका का नियमन।

(८) अनर्थदंड विरमण व्रत—

यह एक मजेसे पालन करने योग्य व्रत है जैसे कि नाटक, सीनेमा न देखना। इससे विना कारण पाप का बोझ न बढने पावे। ईसमे (१) आर्तध्यान (२) हिंसक या दूसरे को विना मागी सलाह (३) हिंसक उपकरण देना (४) जुआ, नाटक सीनेमा-इत्यादि कार्यो से दूर रहने से महा पापोसे बचा जा सकता है। बच जाते हैं, क्यो बचना न चाहिये ?

(९) सामायिक व्रत—

साल भारमें अमुक सख्यामे सामायिक अवश्य करना। सामायिक की महत्ता पहले आ चुकी हैं।

(१०) देशावकासिक व्रत—

दस सामायिक एक ही दिन मे करना। व्यापार-सैरो का त्याग। विशिष्ट नियम लेना। यह एक वार कम से कम वर्ष मे करना चाहिये। तदुपरात सातवें व्रत मे लिए हुए नियमो का प्रतिदिन सक्षेप मे अर्थात् चौदह नियम धारण करना यह भी है एक 'देशावकासिक'।

(११) पौषधोपवास व्रत—

साधु न बने अपितु भावना हो तो भी पौषध प्रतिदिन किया जाय। परन्तु वह न कर सके उन सब के लिए पर्व तिथियों पर अवश्य करने का विधान है। जिनेश्वर भगवान के कल्याणकारी पर्व भी उसी तरह आराधते है। धर्म और आत्मा का पोषण करे उसी का नाम है "पौषध"। उसीमें 'आहार त्याग' सर्व से या देशसे। (२) शरीर सत्कार। (३) गृह व्यापार (४) अब्रह्म-इन चारो का त्याग होता है। बारह घंटो का दिन और रात्रि मिलाकर, चौवीस घंटा का त्याग होता है। पर्युषणा में आठ दिन के पौषध की सुन्दर आराधना बालक बालिकायें भी करते हैं। सात दिनो तक एकाशन। शक्य हो तो आखरी दिन उपवास कर ले। यह है जैन शासन की गौरव की क्रिया।

(१२) अतिथि संविभाग—

मुख्यतः कम से कम वर्ष में एक बार अवश्य। अहोरात्रि के पौषध, उपवास के साथ करते है। पारणा में मुनिवर को प्रतिलाभते है। वे जो वस्तु भिक्षा में गोचरी में ले, उतनी ही चीजे प्रायः उपयोग में लेते है एकाशन में भी। यह तो सिर्फ सुपात्र दान का प्रतीक है। और ही और तो प्रतिदिन साधु-साध्वीयो को प्रतिलाभते हैं। श्रावक-श्राविकाओं का सार्धमिकवात्सल्य करना चाहिये। उनको मान से भोजन करवाना, कपडे पहनाये जाय उनको असल स्थिति पर स्थापित करना। इत्यादि कियाओ द्वारा धर्म में सुस्थिर बनाना। जिसके द्वारा धर्म की-शासन की और जिनेश्वरदेव की भक्ति होती है।

पहले पांच अणुव्रत और छ से आठ गुणव्रद होनेसे अणुव्रत कहा जाता है ? नौ से बारह तक आत्मा बहुत प्रकार की रीतियो से तालीम बद्ध होता है (शिक्षण प्राप्त करता है। जिसलिए उसे शिक्षाव्रत भी कहते हैं। यह है 'सोपान'। जिससे साधुरूपी सस्था की चोटी तक पहुँचने का मार्ग मिलता है।

५४ 'महापाप के स्थान सात व्यसन"।

विश्व की महा बुरी अवगुणदशा, वे हैं सात व्यसन। जैन मात्र उनसे परे रहेगे। १ द्युत-जुआ, २ मास भक्षण, ३ सुरा मदिरा पान, ४ परस्त्री गमन, ५ शिकार खेलना, ६ वेश्यागमन, ७ चोरी—ये सात व्यसन वडे भयानक और प्राणघातक भी हैं। आत्मघातक भी। इस लोक का निन्दा-पात्र और बहुत से कष्ट देनेवाले। परलोक मे दुर्गति के स्थान हैं। आज का वातावरण भयकर है। कुसग का रग लगे बिना न रह पायेगा। जिसलिए कुमारो को और छोटे बच्चों को बचा लेने की माता-पिता की नैतिक फर्ज है।

५५ "आठ प्रकार के मद"।

सात व्यसन हानिकारक है। वैसे आठ मद भी आगामी भव के लिए वडे भयकर है। जिस वस्तु मे मद होता है। वह चीज आगामी जन्म मे प्राप्त नही होगी। अगर मिले तो भी हीन कक्षा की-ज्ञातिमद कुलाभिमान से मद-बल के कारण मद, सौन्दय का मद-ऋद्धि मद-तप का मद-विद्या का मद-लाभ का मद-इत्यादि।

राजा का अभिमान-उसे कठोर और अभिमानी बनाता

है। आत्मा की सत्ता के आगे राज्य कोई विसात में नहीं। कोई सत्ता के कारण अभिमानी वन जाता है। लाखो के मालिक होनेसे अभिमान करते हैं। लेकिन सत्ता सुखे घास के बराबर हैं। खुद जलकर आपस में जला देती है। शाहआलम बादशाह के रिश्तेदार एक बार घर घर भिक्षा माँगते बाजार में दिख पाए हैं।

५६. "चार संज्ञाएँ"

अनादि काल से हेरान-परेशान करनेवाली। आहार-भय-मैथुन-परिग्रह। आहार संज्ञा से जन्म से ही पय.पान; थोडी सी आवाज से भयभित वन जाता है भय संज्ञा से। स्त्री का आकर्पण पुरुष की ओर और पुरुष का आकर्षण स्त्री की ओर अनादि काल से रहा है मैथुन संज्ञा से। परिग्रह संज्ञा-धन-वित्त-दुकान हवेली-गाडी-उद्यान-मोटर इत्यादि दुनिया का तूफान उसके लिए। मैथुन संज्ञा नष्ट हो जाने पर प्रायः परिग्रह संज्ञा शुष्क होती है। आहार संज्ञा बढाने पर वढती रहै, कम करने पर कम होती है। धन्य है। उग्र तपस्वियों को।

५७. "चारों के सामने चार"

चार संज्ञा का नाश के लिए, आत्मा पर का संज्ञा का काबू दूर करने के लिए। दानशील तप भाव धर्म बहुत आवश्यक है। ये चारों महारक्षक है। आतरिक और वाह्य रीति से। तप आहार संज्ञा को क्षीण करता है। आंतरिक अनाहारी पद-मोक्ष की लगन उत्पन्न कराता है। भाव-आत्म ,स्वरूप मे संलग्नता ला कर भय संज्ञा का नाश करता है। शील-ब्रह्मचर्य आत्मा के मूल स्वरूप को जागृत करता है। तन-मन की स्वस्थता से मन की इन्द्रियों पर काबू

लाता है। स्त्रीयो की ओर का आकर्षण कम होता है। पर-ब्रह्म मे एकत्व प्राप्त करने पर एक ध्यान होने पर आकर्षण कम होता है। उर्ध्वरेता बनने पर उग्र ध्यानस्थ योगी वन सकता है। दान-लक्ष्मी को तुच्छ बनवा देता है। हाथ का मैल के समान लगती है। सपत्ति की मूर्च्छा कम होती है। दान का प्रवाह शक्ति के अनुसार अस्खलित रीति से वहता रहता है। वहुतो का उपकार होता है। अपनी आत्मा प्रसन्न वनती है। प्रसन्नता वहुत से पूर्व भवो का विनाश करती है। मुक्ति थोडे काल मे प्रकट होती है। बीच के समय मे सद्गति और जहाँ जन्म होता है, वहाँ सपत्ति वैभव की कुछ भी कमीना नही रहती। अपने को कुछ परवाह नही। धर्म कार्य मे मुक्त हाथ से काम करता रहे। साप की काचली की तरह त्याग भावना। साधुत्व सयम-साधना और परपरा मे मुक्ति। शुद्ध सच्चिदानन्द पदकी मस्ती।

५८. "सात भय"।

ऐसे भव्य आत्माओ को भय होवे क्यासे ? सात भय हो या सातसो हो। (१) इह लोक भय-मनुष्य को मनुष्यादि से भय, (२) परलोक-भय देवो से भय, (३) आदान भय-चोरी का भय, (४) आकस्मिकता का भय, (५) आजीविका का भय क्या नौकरी जायगी तो ? या व्यापार मे घाटा आ जायगा तो ? (६) मृत्यु का भय ! आह ! क्या मृत्यु होगी ? क्या मैं मर जाऊँगा ? (७) अपकीर्ति का भय-क्या मेरी वेअदवी होगी या क्या लोग मेरे लिए कुछ बुरा कहेगे ?

५९ "पाँच दान"।

दान-आत्म कल्याण की बुद्धि से ही करना। पाँच दान देनेवालो को सात भय तो न रहेंगा।

(१) अभय दान—

जीव मात्र को बचाने की बुद्धि और उसका शक्य हों वहाँ तक अमलीकरण । ऐसा मानव स्पयं अभय न वन पाय ?

(२) सुपात्र दान—

पांच महा व्रतधारी पू. साधु-साध्वियों को साधुत्व प्राप्त करने की दृष्टि से दिया जाता दान। सार्घमिकों की भक्ति विविध रीतियों से । शालीभद्र ने क्षीर का दान दिया था। रो कर प्राप्त की थी क्षीर। पूर्ण पात्र क्षीर से भरा हुआ, मास उपवासी मुनि भगवंत को अर्पित कर दी। भाव विभोर वनकर और रोगट खडे होते। दूसरी है या नही मालूम नही । अर्पण करने पर आनद का कोई ठिकाना ही नही। सारे दिन-रात भर आनंद मे। मरकर शालीभद्र। राजा श्रेणिक मगध का मालिक। वहाँ भी नहीं है वैसी रिद्धि-सिद्धी ? कोई व्यापार पेरों की झंझट नही। तदुपरांत पिताजी निन्यानबे वक्स भेजे। आहार-वस्त्र और अलंकारो का। बत्तीस स्त्रीयाँ और स्वयम्. ३३ x ३ = ९९ निन्यानवे—इन सबों का त्याग किया। और साधु वन गये। ऐसा भाव कहाँ से ? दान देने पर तीव्र अनुमोदना ? तप भी कैसा किया ? अनुत्तर देव लोक में पहुंच पाये न ? आगामी भव में मुक्ति। यह है सुपात्र दान का श्रेष्ठ फल ?

(३) अनुकम्पादान—

दान और दया आत्मा का मुख्य लक्षण-दया. दीन-दुखियों को देखकर आत्मा मे कंपन नही ? बिना माँगे भी दान दें। इच्छा के विना भी मान मिले. कीर्ति की लालच न रखकर अनुकम्पा दान है मनुष्य का सही शान। उनमे अंध-अपाहिज

के प्रति अधिक ध्यान दे। दान जिसको कोई आधार नही उसका आधार बन जाय। भारत की भव्य भूमि से दान-दया क्यो चले गये ? इस आखरी साठ साल से। सिर्फ स्वार्थ वृत्ति पैदा हुई जिसलिए ही दिल कठोर बन गया न ? पाप-पुण्य के खेल भूले गये।

(४) कीर्ति दान—

पाच दानो के अतरगन उसका स्थान। परतु प्रचलित अर्थ ठीक नहीं। धर्मवृत्ति से और धर्म औचित्य से होना चाहिए। दान धर्म की भूरिभूरि प्रशसा होती है। उसके पीछे कीर्ति तो लगी ही रहती है। बल्कि वह उन्माद उत्पन्न न करे और धर्म कार्य मे बहुत उन्नत बनावे। बहुत उत्साही बनावे।

(५) उचित दान—

धर्म के शृगार के समान है। धर्म औचित्य का शास्त्र मे स्पष्ट उल्लेख है। मजदूर को धर्म या व्यवहार कार्य मे उसकी मजदूरी मे भी ज्यादा देना चाहिये। सगे सबधियो का उचित वृद्धि मे स्वागत करना। गाँव की मार्गानुसारी सस्थाओ का पालन करते रहना।

६० "सम्यक्त्व के पाँच लक्षण"

इन पाँच लक्षणो के अतरगत अनुकपा का भी अतरगत स्थान है। आत्मा की सचमुच शुद्ध धर्म श्रद्धा के पाँच लक्षण हैं। पहचानने के चिह्न भी हैं।

शाम, सवेग, निर्वेद, अनुकपा, आस्तिक्य, जिसे धर्म स्पर्श करे और ससार असार न भासे, महा भयकर न लगे, वहाँ तक मोक्ष की इच्छा कहाँ ? बंदी तो मैं बंदी हूँ उसकी सभावना होनी चाहिये और छुटकारा पाने के लिए उत्सुकता

प्रकट करे। अनुकम्पा ऐसे आत्मा में पडी होती है। अन्य को दुःखी देखकर उसको भी कहीं पर चैन नहीं। शक्य प्रयत्न द्वारा उसका दुःख दूर करे। आस्तिकता मूल कहो—उसका फल कहो आस्तिकता। है सर्वज्ञ मार्ग में संपूर्ण श्रद्धा। जिससे विकास होगा। वही ही सच्चा निःशंक जो जिनेश्वर देवने प्रकाशित किया ऐसी अडिग श्रद्धा **तमेव सच्चं निस्संकं जं जिणेहिं पवेइयं'** राग-द्वेष-मोह विना के वीतराग भगवंत के सर्वज्ञ वचन में शंका कहाँ से? शंका की निवृत्ति पर चालाक-निपुण बनेगा। निपुण मनुष्य की बढती-उन्नति होगी न? आस्तिक्य अनुकम्पा को प्रकट करे, पोषे और आगे बढावे।

६२. "बाईस अभक्ष्य और बत्तीस अनंतकाय"

जीवदया का पालन करने के लिए ज्ञान बहुत आवश्यक है। क्या खाना, क्या न खाना? कौन सी चीज बहुत हिंसात्मक और बुद्धिघातक है? मधु-मक्खन-मदिरा-माँस-उंबराफल वट के फल-कोठीवड़ा-पीपली की टेटी वर्फ़ सब प्रकार के ज़हर अफीम, ओले कच्ची मिट्टी-रात्रि भोजन-बहुबीज-अचार-द्विदल जिसकी दो फाड समान होती हो और जिसमें से तैल न निकले ऐसी चीजो के साथ अर्थात् कठोल के साथ विना गरम किये दूध-दही छाछ का उपयोग करना द्विदल-रिगन-अनजान फल तुच्छ फल और (जिसमे खानेका काम छोड देने का ज्यादा चलित रस (जिसका स्वाद स्वाद पूरा विगड गया हो) अनत-काय (जिसमें बहुत से अनत जीव होते है। वे सब देखे जाते हैं सिर्फ ज्ञानियो के द्वारा प्रत्यक्ष ज्ञान से। जिनमें से कई जीवो-पत्त्ति के कारण, कई शरीर बुद्धि और आत्मघातक होने से कई बहु बीजवाले होनेसे। रात्रि भोजन पर स्वतंत्र लेख

लिखने की आवश्यकता रहेगी। और बाईसवाँ अनतकाय निम्न लिखित — सुरण-हरगण-हरीहलदी-आलू-हली कचुहरी-सतावरी-हीरणी कद-कुवार पाठ-थोर गलो-सकरकद-गजर बाँस करेला-लुणी गरमर-पल्लव-पत्ते-सरसैया-हरमोथी-लुणी-छालगी लोडा-अमृत वेली-मूल के कद विलाडटोप नये अकुर-वथ्युल भाजी-मकरवेल-पाल्क कुणी-इमली-रताल्रू – पीडाल्रू इत्यादि। बहुत महीन रीति से धर्म का पालन करने- वाले ही श्रद्धान्वित समूह को 'सघ' कहा जाता है।

इतनी सूक्ष्मतासे धर्मका-पालन करनेवाला श्रद्धा युक्त समाज को हि 'सघ' कहा जाय न? यद्यपि सयोगवशात् पालन कम भी हो, परतु श्रध्धा लोहे को भी पीघला देती है। और इसके पाये मे सीसा का धातु ही समझो।

६२ "जीव विचार"

जीवदया पालन करने के लिए जीवो का परिचय आवश्यक है। यह ज्ञान स्पष्ट और गहरा होना चाहिये। ऐसा ज्ञान सिर्फ जैन धम मे ही मिलेगा। सख्या—इन्द्रियाँ—गति—आयुष्य शरीर की ऊँचाई लबाई—उनके स्थान उत्पत्ति स्थान आदो से प्रतीत होनेवाले और न होनेवाले। प्रत्येक प्रकार की रीत गहरी और बहुत स्पष्ट ममझ जैन परमर्थियो ने बतलाई है। बडा विज्ञान-जैन विज्ञान की अजायबी आत्मा और कर्म सयोग की विचारणा मे हूबहू मिलती है। प्रकरण—टीका—मूल ग्रन्थ और आगम शास्त्र ये सब बडे अद्भुत ग्रन्थ भडार ज्ञान का खजाना है। परतु ध्येय रहा ससार मे विरक्ति का और मुक्ति मे स्थापन करने का। इसलिये तो प्रेक्टिकल रासायणिक प्रक्रियाएँ गुप्तगम मे ही। ज्ञानी पूर्ण योग्य, पूर्ण योग्य को ही बतलावे। इधर-उधर उसका भाषण नही सुने जायेंगे। ऐसे वैसे को नही सुनावे। अरे! सुनाना भी नहीं चाहिये।

वैद्य भी मात्रा देते पहले पहले पथ्य की बड़ी सावधानी रखता है, नुकसान करे, तो जिम्मेदारी किसकी ?

और तो 'जीव विचार का' ज्ञान सभी लोगको सुनाया जाता है। जैन कुल में उत्पन्न हुए बालक-बालिकाएँ यह ज्ञान रखते हैं। गुरु या पाठशाला में अगर जाते हों तो अपण सामान्यत: दृष्टिपात कर लेवे और तो वह है नियमित अभ्यास का विषय। जीवों के मुख्य दो भेद—

(१) संसारी—

जन्म मरण के फँदे में फँसा हुआ। मुक्त अजन्मा मुक्ति निवासी अनंत अव्याबाध सुख में अनंत काल के लिए विलसते अदेहिरूप। संसारी के मुख्य दो विभाग हैं। त्रस हलन-चलन करनेवाले। एक जगह से दूसरी जगह जानेवाले। दो तीन चार-पाँच इन्द्रियवाले।

(२) स्थावर—

स्थिर स्वयम् न चल सके। एकेन्द्रिय पृथ्वी जल अग्नि वायु-वनस्पति वगैरह। बिना प्रयोगशाला और हजारों मण वनस्पतियों के विनाश के सिवा जीव एक शरीर में कितने ? किस ने ? उनका आयुष्य कम से कम और ज्यादा से ज्यादा। ये सब स्पष्ट हकीकत सर्वज्ञ भगवंतो के जैन शासन में प्राप्त होती है न ?

एकेन्द्रिय—

स्पर्शेन्द्रिय (शरीर) पृथ्वी जल आदि पाँच।

दो इन्द्रिय—

शरीर जीभ (रसनेन्द्रिय) शंख कोडा कुर्मी इत्यादि

तीन इन्द्रिय—

शरीर जीभ नाक (घ्राणेन्द्रिय) कानखजूरा, चीटी, मकोडा जूँ उधई इयळ इत्यादि ।

चार इन्द्रिय शरीर जीभ नाक आँख (चक्षुरिन्द्रिय) बिच्छु भ्रमर तीड तीतली मच्छर कसारी इत्यादि

पाँच इन्द्रिय—

शरीर जीभ नाक आँख कान (श्रवणेन्द्रिय) देव मनुष्य तीर्यंच नारक

देवगति—

उच्च कोटी के पुण्य का फल । भेद विभेद से पूर्ण।

मनुष्य—

दानगुण सरलता सच्चाई का फल ।

तिर्यंच—

पशु, पक्षी, वनस्पति, निगोद (अति सुक्ष्म, अनंत जीव का शरीर) माया, कपट इत्यादि करने से । उच्च कक्षा प्राप्त करनेवाले महर्षि भी रस शाता और ऋद्धिके मोह मे फंस जाय तो इस गतिमे जाते हैं ।

नरक—

सात दुःखो का दावानल । थोडी भी शांति नहीं । सात नरको का वर्णन । चतुर को भी कपारी करा दे । भयकर यातनाओ का केन्द्रस्थान । भयकर क्रोधादि भयकर हिंसा, चोरी, इत्यादि समस्त के साथ निकृष्ट हिंसा का यह निश्चित फल है । भारी पश्चाताप हृदय का कदाचित बचा सके तो ना नहीं । बचेगा वह भाग्यशाली ।

६३ "जीवों के मुख्यतः पाँचसौ तीरसठ भेद जानने योग्य हैं।

मनुष्य-भेद	३०३	इस तरह की जीवों के भेद की स्पष्टता, एक
तिर्यंच ,,	४८	ही श्री जिनेश्वदेवो के सर्वज्ञ शासन को
देवता ,,	१९८	छोडकर किसी भी मझहव मे प्राप्त होनेवाली
नारक ,,	१४	नहीं। इस समझ के साथ शक्य जयणा का
	——	पालन करके मन-वचन कायासे वे जीवो का
	५६३	रक्षण करना चाहिए।

६४ '८४ लाख जीवयोनि या चोरासी का चक्र"

दुनिया में 'चोरासी का चक्र' शब्द प्रचलित है। चतुरों को अच्छा नही लगता है, जन्म-मरण के अनादिकाल के चक्र का नाम है। परन्तु चोरासी के साथ संबंध किस तरह है ? ईस का स्पष्ट उत्तर समग्र जैनधर्म का विज्ञाण देता है, 'सात लाख' एक गाथा सूत्र है। शाम, सुबह जैन, प्रतिक्रमण के समय बोलते है। ऐ सब भी उसका मर्म समझते होंगे ? वैसे समझनेवाले भाग्यशाली होते है। बात थोडी सी वैज्ञानिक तरीके की है; लेकिन विज्ञान समझा न सकेगा। कोई भी जन्म स्थान को रूप-रस-गध-स्पर्श और संस्थान होते है। एक ही प्रकार के जो रूपआदि होते है, वे एक कक्षा में आते है। इसे एक योनिजन्म स्थान कहा जाता हैं। ऐसे एक ही स्वरूप के जन्म स्थान-योनि मनुष्यों के लिए चौदह लाख है। यह सर्वज्ञ कथित श्रद्धेय हकीकत है।

वाचक वृंद के लिए "चोरासी चक्र लिख डालें यद्यपि, जैन मात्र उसी के जानकार होते है। परन्तु इस अज्ञान

काल का ताडव अनोखा ही है। सात लाख पृथ्वीकाय-७ लाख अपकाप। सात लाख तेउकाय। सात लाख वायु काय। दस लाख प्रत्येक वनपति काय। चौदह लाख साधारण वनस्पति काय। दो लाख दो इन्दिया दो लाख तीन इनिद्रयवाले दो लाख चार इन्दिय। चार लाख देव योनी चारे लाख नारक योनी। चार लाख तीय च पचेन्द्रिय। चौदह लाख मनुष्य योनी। कुल चैराशी लाख योनि। जैनो की शाम सुबह की प्रक्रिया-प्रतिक्रमण मे चौराशी लाख जीव योनीम अपने अगर किसी भी जीवकी हत्या, की हो हत्या कराई हो तो, या हत्या की अनुमोदना की हो तो। मैं मन-वचन-काया से मिच्छामि दुक्कडम् इस तरह विश्व भरके जीवों के प्रति, किये हुए दोषो की क्षमापना मागता हूँ। वैसे ही अठारह पाप स्थानो की उन अठारह पाप-स्थानो मे जो कुछ पाप का सेवन किया हो तो या पाप कराया हो या अनुमोदन दिया हो तो, मैं मन-वचन कायासे रिच्छामि दुक्कडम् द्वारा अठारह पापो का पछतावा किया जाता है, प्राणातिपात-मृपावाद-अदत्तादान-मैथुन-परिग्रह-क्रोध-मान-माया-लोभ— राग-द्वप-कलह-अभ्यास्यान-पैशुन्य-रतिअरति-परपरिवाद मायामृपावाद-मिथ्यात्व शल्य-ये अठारह पापस्थान है।

अभ्याखान-दूसरे पर कलक लगा देना। पैशुन्य-चाडी-चुगली करना पर-परिवाद-दूसरो की निंदा-मायामृपावाद-युक्तिपूर्वक चतुराई से गलत बोलना।

यह प्रक्रिया की नव तत्त्वो के जानकार को अवश्य आचरण करने का मन हो जाय। नव तत्त्व सारे विश्व का गहरा और हृदय स्पर्शी ज्ञान-विज्ञान है बडी-गहरी तत्त्वज्ञान की फिलसोफी है। यह सरलतासे समझा जाता है। यह महा ज्ञान मानवो को स्थितप्रज्ञ

बना देता है। महामानव बनाकर परमर्षि बनाता है। परमर्षि विश्वकल्याण करते परमात्मा बनते हैं। १ जीव २ अजीव ३-४ पुण्य-पाप ५ आश्रव ६ संवर ७ निर्जरा ८ बंध ९ मोक्ष ये एक ही लाइन से अनरगत होने वाले नव तत्त्व है। आत्मा को आत्मा की मुक्ति की लाइन बता देता है। भेद प्रभेद और उनकी स्वपर की प्रक्रिया समझने योग्य है। उनका अभ्यास आनंद जनक और प्रतिबोधक है। जैनों को कमसे कम स्थूलमात्र से उन नौ तत्त्वोका अभ्यास कर लेना चाहिये।

जीव अनादिकाल से पुदगल परमाणुओं से घेरा हुआ है वह राग द्वेष के कारण पाप पुण्यका जमाव किया करता है। आश्रव तत्त्व द्वारा पाप पुण्य को कर्म का ढेर इकठा किया करता है। संवर तत्त्व जिस कर्म को रुकावट करनेवाला है, उनका प्राय. आत्मा को ख्याल नही है और पुराने कर्म की निर्जरा (नाश) नहीवत् करता हैं। नये चिकने कर्म इकट्ठे किया करता है। ऐसे अनंत कर्म के ढेरके ढेर जमे हुए हैं। अतिसूक्ष्म, केमिकल प्रक्रिया कैसी समझनी चाहिये। अपितु एक हजार मात्राएँ मिलाकर अगर पीसी जाय और बहुत महीम बनाकर, राईसे भी अगर छोटी गोली बनाई जाय तो भी कितनी दवाअे अिनमें ? हजार। या लाख मात्राएँ मिलाअी हो- इकठी की हो, उतनी मात्राएँ उसमें होगी। सूअीके अग्रभाग पर चालीशलाख स्पर्टमकी बात सायन्स भी करती हे न ? महा समर्थ अतिशय ज्ञानी पुरुष "अनंत" कहते है, उसमें बिलकुल गलती नहीं है। आत्मा के असख्य प्रदेश में प्रत्येक प्रदेशमे ढेर के ढेर लगे हुअे है। ये सब बातें श्रध्धासे समझी जाती है। अिस तरह आज का सायन्स भी स्वीकृति देता है।

उनमे से नव मे तत्त्व मे मुक्ति मे स्थान लगा देना है। इसलिए सवर-निर्जरा दो तत्त्वोमे धर्मतत्त्व अतरगत आ जाता है। सवर नये कर्मो की रुकावट करता है। निर्जरा पुराने कर्मो का नाश करती है। दोनो मिलकर कर्मरहित आत्मा बनता है। अिसलिऐ ही महामहोपाध्यायजी आदेश करते है—जिस जिस भावसे निरुपाधिकता, वे कहना ही धर्म। सायग दृष्टि-गुणस्थानसे, यावत् पाए शिवशर्म ॥

जिनापदिष्ट-मार्गानुसारी धम क्रियाओसे निर्जरासह पुण्यानुबधी पुण्य बना जाता है। विधि आदरपूर्वक करनी चाहिये। ऐसे पुण्य मे ससार की समाधिकारक सामग्री प्राय बिना मेहनत प्राप्त हा जाती है। उससे दानादि धर्मो म और आत्म प्रगति मे प्रेरणा मिलती है। और सिलसिलावार मुक्ति मे वास हाता है। पापकम ही दु खो का मूल है। पाप सुखकी अभिलाश करवाता है। जिसलिए ससार मे दु ख का मूल सुख—यह समझ सच्ची है।

६५ "छः द्रव्य"।

अिसके साथ छ द्रव्यो का ज्ञान और उसकी प्रक्रिया विश्व सचालन की प्रक्रिया का ज्ञान करवाता है। धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय, काल और जीवात्मा। चलन-हलन करनेवालो को इच्छा मे मददरूप है धर्मास्तिकाय। जसे मछली को तरने मे पानी। खडे रहने की-स्थगित होने की क्रिया मे मदद करना है, अधर्मास्तिकाय। चीज को अवकाश देता है—आकाश।

पुद्‌गल परमाणु जड है । अपितु चेतन को दवा देता है । चौदह राज लोक में दौडधूम करता है । जड कर्मो की सत्ता कितनी जोसीली । काल एक मर्यादा बाँधनेवाला द्रव्य माना जाता है । वर्तमान-भुत-भविष्य के भेदसे समझा जाता है । रात-दिन-घडी-पल-ये सब भेद अवांतर भेद है ।

आत्मा कर्मो से पीडित दुःखित होता हुआ अनादिकालसे भ्रमण करता है । जैनेन्द्रशासन की प्राप्ति के बाद भव्यात्मा हो, तो, कर्मो को पटककर मोह को मारकर मन-वचन-काया के योगों को दूर कर के, मोक्ष अवस्था में हमेश के लिए स्थिर बन जाता है । अिसलिए ही जैन शासन "जयवंत" बना रहे है ।

एये सब पदार्थो का-द्रव्य-तत्वोंका ज्ञान किसलिए १-

आत्मा की समझ पानेके लिए । स्वभाव को भूलकर परभाव में मस्त बनकर आत्मा आनंदित बना है । पुद्‌गल भाव-जड का आकर्षण-सुखदुःख की लहुर सब एक है । देह को अपना और स्वयम् भी देह है ऐसा मान लिया है । शानदार मनुष्यों को भी वडे हिर-से में देह के सुखःदुःखों को अपना मान लिया है । उसी में ही पागल-मस्त बन गया है । पीछो तो देह की निगरानी रखने वालो प्यारे माने जाते हैं । देह को अच्छा न लगनेवाले पराये । बाद में पराये प्यारे बन जाते है । प्यारे पर बन जाते हैं । स्वार्थ की मात्रा बढती जाती है । सत्कार्य अकार्य लगता है । सच्ची अच्छी सलाह भी

चे । स्वार्थकी आत्मघातक वातो मे उडडयन करना अच्छा
ा है । वाद मे तो धन ही मेरा परमात्मा है । स्वार्थ की
मे आनेवाले को दूर करने मे बिलकुल हिचकिचाहट
ो । अपने को भी मौत एक दिन हडप कर जायगा । यह
भूल जाता है । बिमारी के बिछोने पर पडे उधर उधर
ो बदले । आर्तरौद्रध्यान मे भी चड जाय । तिर्यच और
की के आयुष्य का बन्ध हो जाय । वाद मे तो पशु पछी या
क के असख्य वर्षो का दुख । दुख ही दुख-अकल्पनीय ।
न न होने पर भी क्या करे ? कोओ भी मददरूप नही ।
हत का भी कुछ नाम नही । वैद्य या डोकटर तो वहाँ
ता ही नही । पानी न मिले । पानी पिलानेवाला भी
मिले ।

उतनी समझ पानेसे ज्ञान का उदय हो जाय । समझ
ाने पर पापोंमे कपारी अनुभवे । पुण्यकार्यो मे चित्त स्थिर
ोता है । सत्य समझने के लिये जी लालायित होता है ।
जैनकुल मे अगर हो तो सद्गुरुका योग हो जाय । वीतराग
ानी समझ मे आ जाय । अच्छी लग जाय । श्रवण लाभ से
ग्रह सब कुछ होगा । श्रद्धा प्रकट हो जाय । शक्य अमलीकरण
करे । श्रावक के धर्म का, साधु धर्म का पालन करे । न करने
पर दिल तडपता रहे । कर्मों के ढेर बिखरने लगे । निर्जरा
का पार नही । नये नही वत् बन्ध । व्यवहार शुद्ध, दिल
दरियाव । सरलता उसीकी सिद्धि वने । समता उसकी भगीनी
बने । तप उसका बन्धु बने । मन-वचन-काया की शुद्धि रिध्घि
बने । सिद्धि उसकी गोद मे । मुक्ति उसको धन्यवाद दे ।
अिसलिए ज्ञान स्वाध्याय-मनन-चिंतन निदिध्यासन-ये सब
जरुरी । उच्च ध्यान की यह भूमिका है ।

ज्ञान दिपक है । पदार्थ जानने के लिए-देख ने
लिए । ससार-सागर में द्वीप है, आश्रयके लिए । द्वार
मुक्ति प्रवेश के लिए । आत्मा की ज्योति है; प्रकाश
मिथ्या तिमिर दूर करने के लिए । गुरुज्ञानवन्त होना चाहिये
सस्कारी मातापिता पुण्य से मिले ।

साधार्मिक सम्यक्दर्शनी कहा जाता है । सर्व में ज्ञान
महत्ता है । विना ज्ञान का मनुष्य पशु समान है । ज्ञ
महाधन है ।

ज्ञानी श्वासोश्वास मे कर्मका नाश करता है । व्याप
और व्यवहार मे भी ज्ञानी मालुम हो जाता है । खाते-पीते
चलते फिरते ज्ञानी शुभ विचारणा मे रहता है । ज्ञानी
ज्ञानी मिले करे ज्ञान कि वात । मिथ्या विचारो को ल
मार कर दूर कर दे । जिससे प्राप्त हो अखंड शांति । धर्म
वास होता है । मुक्ति उसकी हो चुकी ।

ज्ञान है तैरने के लिए और तिरवाने के लिए
भवसमुद्रमे से पार होने के लिए । धर्म शिवंकर लगता है
जिनेश्वर का किकर बने । जिनेश्वर उसको शंकर वनावे
कल्याण उसी का हो जाय । कल्याण सही है परमात्मा के
ध्यान मे । परमात्मपद की प्राप्ति में ।

卐

धन आवश्यक माना गया। इसके लिए सभी प्रकार समझ ली जाती है। समय प्राप्ति भी हो सके। अनुभवियो का सपर्क भी सधा जा सकता है। कठोर मेहनत भी हो। सकती है। घाटा पडने पर भी बाजार मे जाना पडता है। भाई ! आशा अमर है। धर्म आवश्यक मानना बद हुआ साथ ही ऐसी विश्व व्यवस्था का ख्याल नष्ट हुआ। पीछे जानने की बात ही कहाँ रही ? रस लुप्त हो गया। तत्व ज्ञानमे मे-अखूट खजाना ज्ञान का। विश्व मे खोजने पर प्राप्त न हो सके वैसा। हूबहू पडा है जैन शासन मे। विज्ञान को भी मोड ला दे वैसा। परन्तु घर मे दब गये रत्न भडार की उक्त दरिद्र को खबर थी न ? इसलिए गरीबी की बहुत सी यातनाएँ भुगतकर, जीवन समाप्त किया। वैसे ही हमने भी मौज-शौक और विलास मे जिंदगी समाप्त कर देनी। पर आज के मोजशोक मे कौन सा बल-कस है। बहुत कष्ट उठाते थोडा सा सुख प्राप्त होता है। उक्त थोडे मे भी शाति का तो कोई पता भी नही। फलत बहुत से रोगो मे और चिन्ता मे जलता जीवन अपितु कुर्बान होने पर भी।

जिज्ञासु के लिए सारी विश्वव्यवस्था यहाँ पेश कर रहे हैं, विश्व बडा विशाल है। उस मे अनत आत्माएँ चारो गति में भ्रमण किया करती हैं। बहुत सी सिद्ध आत्माएँ मुक्ति निलय म हैं। अजन्मा आत्माओ के लिए अब चार गति नही है। उनका कार्य सिद्ध हुआ। आत्मा के परमानद मे-सच्चिदानद दशा मे विलसते हैं।

६८ "निगोद"

संसारी जीवो में तिर्यंच् पशु-पक्षी की भी एक गति। वनस्पति उनका ही विभाग है। एक सूक्ष्म अनंतकाय वनस्पति-काय का विभाग है। "निगोद" उसका नाम। उनका एक विभाग अत्यंत सूक्ष्म है। न आँखों से देखा जाय न अग्नि जला सके। जन्म मरण भी अत्यन्त तीव्रता से। इन सभी बातों में बिलकुल अतिशयोकित नहीं है। सौ वर्ष पहले, मेग्नेट बम की वात व्यर्थ लगती। परन्तु है ठोस सत्य और अनुभवगत। रावण के पुष्पक विमान में न माने, परन्तु आज के जम्बोजेट एक हकीकत। ऐसे राक्षसो विमान में पूरी श्रद्धा। जो शास्त्र कहता है उस मे श्रद्धा नहीं। विज्ञान वही वात करता है। तुरन्त हृदय में वैठ जाती है। ऐसे प गलपन को कौन पहचान सके।

इस निगोद मे अनादिकाल से बसनेवाली अनंत आत्माएँ है, उस में तीन जातियाँ। जातिभव्य-भव्य-अभव्य। जातिभव्य निगोद से वाहर नही आती है। धर्म सामग्री पाती नहीं। मुक्ति को न पहुँचे। भीतर लियाक़त होने पर भी। कितना लोह पृथ्वी के भीतरी भाग में पडा है। जो वाहर नहीं आता है। शस्त्र भी वनाकर उस का उपयोग भी नहीं होता है। यद्यपि हथियार-शस्त्रो वनने की क्षमता होने पर भी। अभव्य :—बाहर व्यवहार में चार गतियों के चक्र शुरू करे। परन्तु मुक्ति कभी नहीं। क्यों कि मुक्ति जैसी वात को मानता ही नहीं। धर्म क्रिया भी करे। रे! साधु भी जैनशासन में हो। चौदह में से नौ तक का महापूर्वो का गहरा ज्ञान भी

प्राप्त हो सके । अपितु मुक्ति का ध्येय भी उत्पन्न नही होता है । इसलिए ही बडे ज्ञानी को अज्ञानी कहा-ऐसा कहा सर्वज्ञ भगवत के महागामनने । शासन शब्द मे आगम-शास्त्र-पचागी युक्त-सब अतरगत आ जाते है ।

६६ "भव्यात्मा"

भव्य का व्यहारिकराशि मे भ्रमण शुरु हो जाता है । बहुतग उत्थान क्रमिक शुरु होता है । सूक्ष्म वनस्पति मे से बादर मे आवे । पृथ्वी-आप तेज-वायु भी बने । २-३-४-५ इन्द्रियोवाले तिर्यच् बने । बैल-गाय-हाथी-घोडा सब पचेन्द्रि तिर्यच् हैं । सिंह-बाघ-भेडिया बने । वहाँ हिंसक बनकर । नीचे नारको की भी मुलाकात ले आवे । असख्यात काल के लिए-भयकर दुख सहे जाते हैं, क्षणभर आराम नही । रे वह तदुलिया जो बडे मत्स्य की आँख में उत्पन्न होने वाला । सहस्र जीव जलचर बडे मत्स्य के मुख मे पानी मे प्रवाह के साथ प्रवेश करता है । फिर बाहर निकल जाते है । उक्त मत्स्य आँख की पल को मे बैठा सोचता है अगर मेरा चले तो एक को भी न छोडूं । सब को खा जाऊँ । क्या वह भी जीव को मार सका है । परन्तु बेचारा दो क्षण का आयुष्य भोगकर सातवी नारकी मे पहुँच जाता है । मन और मानसिक विचारो की भयकरता समझने योग्य है ।

मन एव मनुष्याणां कारण बध मोक्षयो :

मन वश मे नही वह डूबे । मन को वश मे करनेवाला तैर जाता है । इसके लिए प्रसन्नचद्र राजर्षि का उदाहरण पेश किया जाता है । क्षण मे सातवें नरक दलिक प्राप्त

करे । वाद में कैवल्य ज्ञान की नौवत वज गई । हुआ राजा श्रेणिक–अति प्रसन्न । आज के माँधाता भयंकर योजनाएँ लक्ष लोगों के नाश करने के लिए तैयार करते है । कहाँ जाएंगे वे पामर आत्मा । उनके सलाहकारों की वहाँ दुर्दशा न ? क्या उनको सद्बुद्धि होगी ? असल मे वात तो भव्य की चलती है । भवभ्रमण करते करते मनुष्य का जन्म पाया । वलिक–चांडाल कसाइ आखेटक के रूप में । फिर से नरकादि में । फिरसे मनुष्य भव में परन्तु यज्ञादि करनेवाले कुल में । फिरसे वही दशा । फिरसे असंख्यात–अनंतकाल के वाद मनुष्य । वह भी जैन कुल में देव—धर्म—गुरु का योग मिल जाय । धर्म श्रवणेच्छा हो जाय । सुने–विचारे—सद्दहे और शक्य अमल भी करे । तव उसकी भव्यात्मा की गाडी कुछ लाईन मे आवे । उसी मे आगे वढने पर मुक्ति में या देवगति में । देवगतिमें से मनुष्य । साधुत्व पालन और मुक्ति । यह तो है सिर्फ अति स्थूल दिशा सूचन । यह सारी प्रक्रिया एक अलग ग्रंथ माँगे ।

ऐसी भव्यात्माएँ मुक्ति में पहुँच ही जायँ ऐसा ही नही । मुक्ति तक जायगा "भव्यात्मा" यह निश्चित । जो मुक्ति तक पहुँचनेवाला ही है, उनका विचार करेंगे । जव से एक 'पुद्गल परावर्त' काल मुक्तिगमन का शेष रहै वहां से सोचना । यह विचारश्रेणी स्थूल रूप में भी समझना चाहिए । इस समय में —प्रथम "शुद्ध यथाप्रवृत्तिकरण" वहुत से भव्यात्माओ के लिए शुरू होती है । देव—गुरु—धर्म का उपासक वनता है । सरलता, न्यायप्रियता, प्रामाणिकता पसन्द करता है । दया - दान को गुण बनाते है । क्रमिक विकास होगा । देव गुरु—धर्म के शुद्ध स्वरूप का अभी तक ज्ञान नहीं हुआ है । अगर वह

समझ सके, हृदय मे बैठ जाय तो, नव तत्वो की ओर ध्यान आकर्पित होता है। अभ्यास के वाद, आत्मा मे रत वनकर खेले। और सम्यक्त्व सुलभ हो जाय। सम्यक्त्व एक बार स्पर्श करे, तो आनन्द मगल हो जाय। ज्यादा मे ज्यादा अर्ध—पुद्गल परावर्त से भी कुछ कम समय मुक्ति गमन का रहे। इतना काल भी कव ? श्री तीर्थंकर देवकी, या श्री सघ की महा आशातना की हो। या साध्वी की ओर गेरनिस्त (शील का भग) प्रकट किया हो, फिर भी अनता पुद्गल परावर्त के पास। एक या आधे की क्या विसात ? करोडो के ऋण मे मुक्त हुआ। पाँच सौ या सहस्र की क्या गगना ? यह है भव्य आत्मा की भव्यता।

७० "काल गणना"

पूर्व शब्द पारिभाषिक है। चौरासी लक्ष को चौरासी लक्ष से गुणन किया करने एक पूर्व हुआ। ऐसे लक्षो से भी अधिक पूर्व के आयुप्य ये आज भी एक सौ पचास वर्ष के आयुप्य के उदाहरण हैं। करीव तीन सौ पचास वप का आयुप इस काल मे भी शक्य है। पुद्गल—परावर्त—एक वडी लम्बी गणना है।

अरवको अरवोसे अरवोसे गुणो गुणनफल आये वह 'परावत के पास छोटी समझो। वस उतनी समझ आवश्यक होगी। जैन शासन हर वात की वारीकी देता है। उतनी ही स्पष्टता। क्योकि सूक्ष्मातिसूक्ष्म पदाथ भापामे समझाना है। तत्वज्ञान वहुत गहरा है। वैसे ही वडी विशद उदारतासे भरा हुआ

है। सर्व जीवोंके प्रति करुणाभाव अत्यन्त है। अिसलिये हीं
'जैनं जयति शासनम्।'

७१ "कुदरतका प्रकृतिका गणित।'

जैनशासन छोटा सा वाड़ा नहीं। क्षुद्रदृष्टिवाला नहीं—अल्पदृष्टिका विधान नही है। मदमें या आवेशमे प्रकट किया हुआ यह कोअी संप्रदाय नही है। तीर्थंकर भी भवभ्रमण कर चुके हैं। साधनाकी उच्च भूमिकामें रह चुके हैं। घोर-ज्ञान-तप का आचरण कर चुके है। बादमे ही विश्ववंद्य तीर्थंकर देव बने है। यह व्यक्ति देव ऐसा नही। ऐसे गुणवाले देव-ऐसा ही। यह है स्पष्ट निष्पक्षपात और महान उदारता शासनकी। भगवन्त महावीर देवने स्वयम् जाहिर किया है। मैं भी दो बार नरक वास करके आया हूँ सम्यक्त्व प्राप्त कर चुकने पर ही। जाहिरात भी जाहिर समवसरणमें-अति दिव्य व्याख्यान महामंडपमें-कैसी निर्लेपता-कैसी निरभिमानता ?

७२ "कालका गतिमान चक्र"
(सायकल ऑफ टाइम)

उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी की एक दौडती हुअी साअिकल के दो पहिये हैं। यह बात पहले हो चुकी है। अब कितने सलाके है ? और उनके नाम क्या है ? अब देखेंगे। ये दोनों मिलाकर एक काल चक्र बनेगा। उत्सर्पिणी-उत्क्रान्ति काल

(१) दुखम् दुखम् (२) दुखम् (३) दुखम् सुखम् ४) सुखम्-दुखम् (५) सुखम् (६) सुखम् सुखम् ।

अवसर्पिणी अवक्रान्ति काल है उसका भी छ विभाग (१) सुखम् सुखम् (२) सुखम् (३) सुखम् दुखम् (४) दुखम्-सुखम् (५) दुखम् (६) दुखम् दुखम् । अब हम पाँचवे आरेमे है। दुखम हैं । प्राय दुखका ही प्राधान्य । सुख आटेमे नमक जैसा ।

इस अवसर्पिणी कालमे दूसरे आरेमे भाँति भाँति की मेघ वृष्टि इत्यादि बहुत हकीकते ह । तीसरे आरेमे तीर्थंकरो की उत्पत्ति हुवी । भगवन्त ऋषभदेव प्रथम तीर्थंकर हुए । चौथे में भगवन्त महावीर हुए । आखिरी दशके मे महावीरका अवसान हुआ । पाँचवा आरा इक्किस हजार वर्षका । पचीस सौ पूरे होते है । साढे अठारह हजार वर्ष बाकी है । वहाँ तक धर्मका अस्तित्व रहेगा । अंतम युग पुरुष दुप्पसहसूरिजी होंगे । बादमे भारतवर्षमे धर्मका विलय होगा ।

छठा आरा इक्कीस हजार वर्ष तक चलता रहेगा । बाद मे उत्सर्पिणी क्रम शुरू होगा । उस मे प्रथम तीर्थंकर पद्मनाभ भगवत महावीर जैसे होंगे । उसके तीसरे आरे मे ।

इस तरह सुख ही सुख । सुख । सुख और दुख । दुख से सुख कम । प्राय दुख । और दुख ही दुख । इस तरीके से नीचे आता और फिर छ से एक क्रमिक चढना क्रम । विश्व-साइकल वा कायम के लिए । पाँच भरत और पाँच ऐरावत मे चालू रहेगा । पाँच महाविदेह मे कायम के लिए

चौथे आरे का भाव वर्ते। वहाँ हमेशा के लिए मुक्ति का मार्ग खुला रहता है। महाभाग उच्च कोटि के आराधक। इस भूमि से सीधा विदेह में मनुष्य होकर मुक्ति में पहुँचे। या बीच में देवलोक का विश्राम करके-विदेह में जाकर साध्य साधना है। इसलिए आज मुक्ति मार्ग बंद है ऐसा नहीं है। इसलिए आज भी शक्य उत्कृष्ट धर्म ही एक शरण है।-सहारा है। आलंबन और मुक्तिदाता भी है।

दिन-रात्रीकी गणना देवलोक में नही है। सूर्य चंद्र के प्रकाश की वहाँ जरूर नहीं है। वहाँ का निवास-विमान ही दिव्य प्रकाश देने वाले है। ये सब बातें रेडीयम-युग में तद्न युक्ति गम्य हैं। इसलिये ही दुगुना श्रद्धेय है

ऐसे अनंत चक्रों की बीचमें आत्मा पीसाता-कष्ट भोगता चला आता है अपितु चौराशी के चक्र में से उद्धार नहीं हुआ है। यह सान-भान इस कालचक्र के ज्ञानमें से मालूम होना चाहिये न ? कोई भी पदार्थ के ज्ञान की पीछे ध्येय होना है। हेतु और आदर्श होता है, ज्ञान ही उसी का नाम। ज्ञान ही उसी का नाम है, जिससे राग और द्वेष और मोह का अंधकार आत्मा परसे दूर हो जाय। अपने ही आत्मा में अनंत ज्ञान और अनंत सुख शक्ति का भान हो जाय। उन प्रकट करने के मार्ग पर प्रस्थान शुरु हो जाय। वही है ज्ञान की महत्ता। नहीं तो।

जहा खरो चंदण भार वाही, भारस्स भागी नहु चंदणस्स।
एवं खु नाणी चरणेण हीनो, भारस्स भागी नहु सुग्गइए॥

"गर्दभ चन्दन के काष्ट ढोता हो, अपि तु वह सुगंध या चन्दन का अधिकारी ही नही। सिर्फ बोझ ढोनेका। ज्ञान है लेकिन चारित्र हीन है, वह लोगो मे ज्ञानी माना जायगा लेकिन उस की सदगति नही है।

इसलिए ही जीवविचार, नवतत्त्व, छ पदार्थ, कालचक्र, काल की गति इत्यादि ज्ञान का हेतु। उन पदार्थो को जानकर, ससार की असारता और भयकरता समजने का है। मुक्ति के शुद्ध हेतु से धर्म का आराधन करना है। ज्ञान इस तरह समार से पार करता है। अगर तो वही ज्ञान डूबो देता—है।

७३ 'विश्व भौगोलिक व्यवस्था"
(चौदह राजलोक)

आख के सामने खडा छ खण्डो से — एशिया युरोप, अमेरिका, आफ्रिका और आस्ट्रेलिया इत्यादि खडोसे बनी ह। सचमुच, ऐसे बहुत से महाकाय प्रदेश विश्व मे है। जैन शास्त्र उसका हूबहू स्पष्ट वर्णन करता है। क्योंकि सर्वज्ञ वाणी से प्रकट है। निस्वार्थ बुद्धि से परोपकार के लिए स्वरुप प्रकट हुआ है। क्रमबद्ध समजाने के लिए सरल होगा। सारा विश्व चौदह राज प्रमाण है। काल मे जैसे "पूर्व" गणत्री का नियम निश्चित है। वैसे विश्वमोजणी मे 'राज' एक विशाल नियत-स्टाडर्ड माप है। एक पुरुष अपने दोनो पैर विस्तृत खुला करके खडा है। दोनो हाथ के पजे कुक्षी पर रखे है। इस तरह की आकृति को लोक पुरुष कहा जाता है।

७४ "सात नरकादि के स्थान"

आखरी भूमिमे छ राजलोकमे सातमे लेकर दो तक नरक

भूमिकाएँ हैं। सातवें राजलोकमें पहली नरक है। भुवनपति-व्यंतर-वाण व्यंतर-तीन पातालवासी देव-देवता अिसी विभाग में है। मनुष्य और तीर्यंच भी उनमें। ज्योतिष देव, सूर्य चन्द्रादि सातवें राजमें। प्रथम भूमिका पृथ्वीका नाम है-रत्नप्रभा। वहांकी समभूमिसे उपरके नौ सौ योजनमें मनुष्य और तीर्यंच भी रहते है। आठ से बारहवें पांच राजो में बारह विमानिक देव लोक। तेरह और चोदह राजमें नौ ग्रैवेयक और पांच अनुत्तर विमानके देवोंके स्थान हैं। वहाँ से थोडी दूरी पर सिद्धशिला है ? वहाँ से बहुत थोडी दूर पर सिद्ध भगवंत रहते है। जिनके मस्तक प्रदेश समश्रेणी पर अलोकको स्पर्श कर रहे है। यह सारी व्यवस्था क्रमिक रीति से विचारणा करने से मालूम होगी।

७५ "सात नरकका वर्णन"

(सातनरक) पृथ्वीके नाम-इसके गुण-सात नरकोंका नाम-

(१) रत्नप्रभा-रत्नो अधिक-घम्मा.

(२) शर्कराप्रभा-ककड अधिक, प्रकाश कम होता जाता है- वंशा.

(३) वालुका प्रभा-रेती अधिक-शैला.

(४ पक प्रभा—कीचड अधिक-अजना.

(५) धूमप्रभा धूम अधिक-रिष्टा.

(६) तमःप्रभा—अंधकार अधिक-मधा।

(७) तमःतमःप्रभा-गाढ अंधकार प्रकाश कम होता जाय-माघवती!

इन नरकोमे एक से तीन मे परमाधामीकृत्-क्षेत्रकृत्-परस्परकृत् वेदनाओका पार नही । चारमे सातमे परमाधामी-कृत वेदना नही है। कमसे कम आयु दश हजार वर्षकी। ज्यादामे ज्यादा तेतीस सागरोपम । इस वेदना के उदाहरण-रूप । वहाँ के जलने अग्निमे लाकर (वह कल्पना सिर्फ है, जो कि वह असम्भव है।) यहा की लोहे की भट्ठी मे रखा जाय उस जीवको ठड लगेगी । वैसे ही शीत वेदना को भी समजा जाय। अर्थात् इन वेदनाओ का शाब्दिक वर्णन अशक्य है ।

७६ "भुवनपति देव"

पहली रत्नप्रभा पृथ्वीका माप एक लाख अस्सी हजार योजन है । उपर निम्न के हजार हजार छोड दो । शेषमें तेरह प्रतर। उसके बारह आंतरे । उसमे नगर जैसे आवासमे मडप जैसे आवासोमे भुवनपति रहते है। सुन्दर, तेजशोभित, दीप्तिमान होने से "कुमार" कहा जाता है । उसके प्रकार दश हैं । असुर-नाग-सुवर्ण-विद्युत-अग्नि-द्वीप-उदधि-दिशि-पवन और मेघकुमार।

७७. व्यंतर-वानव्यतर

उपर के छोड गये हजार योजना मे उपर के और नीचे के सौ-सौ योजन छोडने पर आठ वदने आठसो म व्यतर रहते है। वैसे ही उपर छोडे हुए सो योजनमे उपर और नीचे के दश दश बाद करते शेषमे वानव्यंतर रहते है ।

व्यंतरो के नाम	वान व्यंतरोके नाम
१ पिशाच	१ अण पन्नी
२ भूत	२ पण पन्नी
३ यक्ष	३ इसिवादी
४ राक्षस	४ भूतवादी
५ किन्नर	५ कंदित
६ किंपुरुष	६ महा कंदित
७ महोरग	७ कोहंड
८ गंधर्व	८ पतंग

ये विचारे कतीपय अपनी कुआदत के कारण भ्रमण करते है। मंत्रादिसे या प्रबल पुन्य से वशीभूत होकर मनुष्यों की नौकरों के समान सेवा करते है। कर्म की गति न्यारी है। इसमें भी कमसे कम आयु दश हजार वर्ष की होती है। सबसे उपर के सर्वार्थसिद्ध अनुत्तरवासी का ३३ सागरोपम होती है। इस तरह अधोलोक सम्पूर्ण होता है !

७८. 'तिर्च्छालोक का वर्णन"

तिर्च्छालोक के मध्य में मेरू पर्वत (जवुद्वीपका) उसके मूल की भूमि को समतल पृष्ठ भूमिको "समभूतला" ! कहतें हैं। प्रत्येक शास्त्रीय माप वहाँ से शुरु होता है। इस समभूमिसे नव सौ (९००) योजन उपर-नव सौ (९००) योजन नीचे इस तरह अढारह सौ (१८००) योजन का तिर्च्छालोक है !

७९. "ज्योतिष्क देव"

नीचे और उपर मनुष्य और तिर्यंच रहते हैं ! उपर के सात सो नव्वे (७९०) योजनके बाद ऐक सौ दश (११०) योजन में ज्योतिष्क देवो के विमान हैं।

प्रारभ मे "तारा" के विमान। दस योजन के बाद *"सूय" के विमान । बाद मे अस्सी (८०) योजन पर "चद्र"* के विमान । बादमे चार (४) योजन छोडकर नक्षत्रो के विमान। इसके बाद सोलह (१६) योजन छोडकर ग्रहो के विमान है । ये सब "चर ज्योतिष्क" है। ढाई द्विप पर आये हुए हैं। मेरू पर्वत के आसपास घूमते फिरते रहते हैं। ढाई द्विपके बाहरके स्थिर रहते हैं । पाँच चर और पाँच स्थिर इस तरह ज्योतिष्क दस माने गये हैं।

८०. "वैमानिक देव"

यहाँ से थोडो उँचाई पर उर्ध्व लोक शुरु होता है। दक्षिण दिशा मे सौधम देवलोक, उत्तरमे इशान, उपर सनत्कुमार, माहेन्द्र दक्षिण और उत्तर मे ३-४ के उपर बीचमे पाँचवाँ ब्रह्मलोक। उसके उपर छट्ठा लातक। उपर सातवाँ महाशुक्र । उलके उपर आठ वाँ सहस्रार । फिर नव वा आनत दक्षिणमे। दश वाँ प्राणन उत्तर मे। उपर ग्यारहवा आरण दक्षिण मे। बारहवाँ अच्युत उत्तर मे।

बादमे ९ ग्रैवेयक लोक पुरुषकी ग्रीवा-गरदन के स्थान पर। तीन उपर तीन इस तरह है। नौके नाम (१) सुदर्शन, (२) सुप्रतिबद्ध, (३) मनोरम, (४) सर्वतोभद्र, (५) सुविशाल (६) सुमनस (७) सौमनस (८) प्रियकर और (९) नदिकर।

उसके बाद एक समतल भूमि पर पाँच अनुत्तर विमान है। (१) विजय, (२) विजयन्त, (३) जयत, (४) अपराजित (५) सर्वार्थसिद्ध। सर्वोथसिद्ध विमानके देव नियमा

एकावतारी होते है। मनुष्य जन्म प्राप्तकर उसी भवमें अवश्य ही मुकित को प्राप्त करेंगे।

ग्रैवेयक और अनुत्तरदेव कल्पातीत है। तीर्थंकर देवों के कल्याणक आदि में जानेका उनका आचार नहीं है। सब अहमिन्द्र होते हैं। राजादेव, नोकर देव ऐसी व्यवस्था ये दो कल्पातीतोंमें में हैं नहीं। जब कि दूसरे देवलोकमें यह सब व्यवस्था है। इस लिए ये सब कल्पोपपन्न कहे जाते हैं।

८१. ६४ "इंद्रों की गणना"

भवनपतिके १०x२=२०, व्यतर—वानव्यंतर १६x`=३२ ज्योतिष्कके सूर्य और चंद्र (२) वैमानिक ८ तक के ८। नवदश—१। ग्यारह बारह—१=६४ इन्द्र। भगवंतो के पाँचों कल्याणकों में प्रायः हाजिर रहे। महामहोत्सव करे। आत्मा आनंदित बने।

८२. "लोकांतिक देव"

पाँच वे देवलोक के ये देव प्रभु श्री अरिहंतकी दीक्षा अवसर की जानकारी देनेवाले प्रायः एकावतारी होते हैं। सारस्वत आदित्य-वह्नि-वरुण-गर्दतोय-तुषित-अव्यावाध मरुत-अरिष्ट इस तरह नौ। पुन्य का यह भी एक उत्तम प्रकार है न?

८३. १० "तिर्यग्जृंभक देव

तीर्थंकर भगवान के गृहवास में इन्द्र के आज्ञाकांक्षी कुबेर की अगुवानी के नीचे अन्न-जल-वस्त्र-धन इत्यादि से भकित करने वाले हैं। वे व्यंतर निकाय के हैं।

८४ "तिच्छीलोक"

इस लोकमे अढाई द्विपमे विशेषत मनुष्यो की विचारणा जायेगी। उसके पार मनुष्यो के जन्म-मरण नही है। आजकी दीखती दुनिया भरतक्षेत्र का एक छोटा सा टुकडा है। भरतक्षेत्र जम्बुद्वीप मे आया है। जम्बुद्वीप के मध्यभाग मे मेरु पर्वत है। उस मेरु की दक्षिण में भरत-क्षेत्र है। उसके बीचमे वैताढय पवत है। जिससे भरतक्षेत्र का उत्तर-दक्षिण विभाग पड जाता है। उसके पूर्व पश्चिम महा गगा महासिधु बहती है। इस तरह कुल छ विभाग-खड भरतक्षेत्र के हैं। सामान्यत ऐसा कहा जाता है कि उस मध्यखड के कई विभागमे आजकी दीखती दुनिया अन्तर्गत आ जाती है।

मेरू के उत्तर में भरतक्षेत्र जैसा ऐरवत क्षेत्र है। मेरू के पूर्व और पश्चिम मे महाविदेह क्षेत्र है। १६ विजय पूर्व में १६ पश्चिम मे एक-एक विजय भरतक्षेत्र से बडी कही जा सकती है। जबुद्वीप के आसपास लवण समुद्र और उसके बाद धातकीखड है। जिसमें २ भरत, २ ऐरवत, २ महाविदेह हैं। धातकी खड द्वीपके चारो ओर कालोदधि समुद्र है। बाद मे पुष्करावर्त द्वीप है। आधे मे २ भरत, २ ऐरवत, २ महा-विदेह हैं॥

८५ १५ "कर्मभूमि" । मानुषोत्तर पर्वत"

यह पुष्करवरद्वीप आधे को घेर कर मानुषोतर पर्वत आया हुआ है। इस तरह ढाई द्वीप मे ५ भरत, ५ ऐरवत,

५ महाविदेह इस तरह १५ कर्मभूमिकाएँ हैं । क्यों कि असि मषि और कृषि के व्यापार वहाँ होते हैं । असि शब्द से शस्त्र युद्ध इत्यादि समझना है । मषि शब्द से हिसाब चोपडे, वाणिज्य, व्यापार समझ लेना । कृषि से पृथ्वी, खेत, खेतीकाम आदि व्यवहार की व्यापकता समझ लेना ।

८६. "३० अकर्मभूमि"

३० अकर्मभूमि मे असि मषि-कृषि के व्यवहार नही है । जीव कम कषायवाले और अल्पविषयी होने से वहाँ से मरकर देवलोकमे ही जाते हैं । उनके रूपका, स्वभाव का और मुख्य गुण सरलतादि के विस्तृत वर्णन शास्त्रो में दिये गये हैं । जिसे पढने से ऐसा मालुम होता है कि देव जैसे प्रायः सुखी है । आयुष्य भी लम्बा होता है । प्रायः रोगादि की पीड़ा नही है । वहाँ के पशु पंछी का भय मानव को नही । मानव का भय पशु पंछियों को भी नही । कैसी अच्छी मानवता ।

जंबुद्वीप में हिमवत-हरिवर्ष-हिरण्यवंत-रम्यक-देवकुरु उतरकुरू । इस तरह ६ (छ) अकर्मभूमिकाएँ है । + १२ घातकी में + १२ अर्धपुष्कर में = ३०अकर्मभूमिकाएँ समझना चाहिए ।

१५ कर्मभूमिकाएँ, ३० अकर्मभूमिकाएँ, ५६ अंतरद्वीप लवणसमुद्र में = १०१ इस तरह स्थल की ओर-१०१ भेद मनुष्योके होते है । (१०१ x २-संमूच्छिम और गर्भज अपर्याप्त, उसमें गर्भज पर्याप्त १०१ मिलानेसे ३०३ भेद हो जाय)

८७ "संमूच्छिंम मनुष्य"

यह एक चर्मचक्षुसे अदृश्य बात है। अतिशय ज्ञानी आनद से देख सकते जान सकते हैं। गर्भज मनुष्यों का विष्टा मूत्र-कफकी लीटे-नासिका के मेल-वमन-दुर्गंधयुकत प्रवाही-(परू) लहू-मैथुन=वीर्य-पित्तश्लेष्म-वीयके सुखे पुद्‍गल (भीग जाय तो) शहरकी गटर, मृतदेह शव इत्यादि स्थान जो-जो अशुचि के हो उनमे समूच्छिंम मनुष्य पैदा होते हैं। चार इन्द्रियो तक सब तिर्यंच समूच्छिम होते हैं। पचेन्द्रिय तिर्यचोमे कई समूच्छिंम और गर्भज होते है। वर्षाऋतु से वारिशकी बौछारोके बाद यकायक पखवाले उधइ जैसे जीव उडने लगते है। थोडी देरके बाद पख तूट जाने से मर जाते है। ये सब समूच्छिम कोटिके समजना चाहिए।

८८. "पर्याप्त अपर्याप्त"

उत्पन्न होते देह-इन्द्रिय-मन इत्यादिओकी शक्तिया जिनकी पूर्ण हो वे पर्याप्त और पूण न बन पावे वे अपर्याप्त जितनी साधारण समज काफी होगी ?

८९ " नन्दीश्वर द्वीप"

मानुपोत्तर पर्वत के बाद शेप भाग अर्धपुष्करावर्त पीछे एक समुद्र, एक द्वीप। इस तरह आठवाँ द्वीप वह नदीश्वर द्वीप। जहाँ देव, पांच, कल्याणक और ६ अट्ठाअियोका महोत्सव मनाते है। इसके प्रतिकके रूप मे जिनालयो मे और तीर्थस्थानो मे नन्दीश्वर द्वीप की रचना सुन्दर जिनबिम्बोको

स्थापना की गई है। पालीतानेमें श्री गिरिराज पर श्री उजमफूइकी की जगहमें (टुंकमें) यह रचना की गई है। अमदावादमें दोशीवाडाकी पोलमें प्रवेश करते ही अष्टापदजी देरासरमें भी है।

९०. "स्वयंभूरमण महासागर"

नन्दीश्वर द्वीपके बाद असंख्य द्वीप समुद्र हैं। उसमें आखरी स्वयंभूरमण समुद्र है। गंभीरतामें और मर्यादामें "स्वयंभूरमण" को याद किया जाता है। "सागरवरगंभीरा" सिद्ध भगवन्तोंकी वरसागर स्वयंभूके साथ तुलना की गई। तिर्च्छालोक का वह अन्त है।

९१. "महाविदेह क्षेत्र"

पाँचों महाविदेहमें चौथे आरे के भाव प्रतिदिन वर्तते है! प्रत्येक महाविदेहमें चार तीर्थंकर देव विचरते है। अभी बीस (२०) विहरमान जिनेश्वरदेव विश्व को पावन कर रहे है। २ कोटी कैवल्यज्ञानी और (२०००) दो हजार कोटी साधुओं को नमस्कार हों!

९२. "१७० श्री तीर्थंकर भगवन्त"

ऐसी भी एक उत्कृष्ट परिस्थिति का सर्जन होता है। जब जिनेश्वर भगवंत एक ही साथ विश्व को पावन करते हैं। ५ महाविदेह की ५x३२=१६० विजय, ५ भरत, ५ ऐरवत= १७० स्थलों में कृपासिन्धु भगवंतो के दर्शन हो सके। नवकोटी कैवल्यज्ञानी जीवनमुक्त महात्मा। नौ सहस्त्र कोटी संयमधर समता सागर महात्माओ, उन सबको वन्दना।

-उन उन भूमिकाओ की विशालकाय लबाइ-चौडाइ और उनके प्रमाणका जन सख्या का प्रमाण। ये सब सोचते कोई भी सख्या आश्चर्यमुग्ध न कर सकेगी। ये सब रागद्वेष मोहसे बीलकुल पर सर्वज्ञकथित है। उन उन कालो के जीवोकी सरलता और विवेक सयम सन्मुख बना दे वह स्वाभाविक है। आज के महाभयकर,-विपर्यास और विलास के युग मे भी सुखी रूप-गुण सपन्न, कहे जाने वाले शिक्षण प्राप्त किये हुए युवक-युवतियाँ सयम के कठीन पथको सख्यावद्ध कहाँ स्वीकारते नही ?

६३ "सिद्धशिला"

४५ लक्षयोजन प्रमाण ढाई‌द्वीप की समभूमितल के उपर सिध्धशिला उज्ज्वल स्फटिकरत्न जैसी देदीप्यमान है। बीचमे स्थूल और चौडी और अतमे मक्खी की पख जैसी है। वहाँ से उससे एक योजन उपर समश्रेणी पर अलोकको स्पर्श करती अनतासिध्धो की श्रेणी बसी है।

ये अनादि कालीन वस्तुएँ है। विश्वका कर्ता कोई नही हैं। सम्पूर्ण विश्व आँख के सामने देखा नही जा सकता है। हाँ नकशे की मददसे अनावृत चर्म चक्षु को प्रज्ञा द्वारा देखा जा सके। शेप तो किसी भी व्यक्तिने घुमेघुमाकर सम्पूर्ण दुनिया देखी नही है। बाउन्ड्री घुमनेसे सम्पूर्ण देख ली ऐसी बात अगर कहते हो तो एक अनोखी बात है। वेभी छोटी दुनिया मुख्य स्थलो की मुलाकात लेनेकी बातसे कहते हो तो वह भी एक अलग बात है।

जब कि सर्वज्ञ-सर्वदर्शी-कथित सिद्धपदार्थो मे आज शब्दपडितो को शका होती है। जो शुक्र चन्द्र के प्रदेश खोज

में उन प्रदेशों के विशिष्ट वैज्ञानिक और संस्थाएं शंकाशील होते हैं। उसे मानने के लिए शब्द पंडित तैयार। बल्कि सिर्फ सर्वज्ञकथितमें ही "ना" ! और अश्रध्धा।

अरे मोहनीय के महामिथ्यात्वसे पिड़ित वे आत्माएँ सर्वज्ञ की सर्वज्ञता ही मानने के लिए तैयार नहीं है। हूबहु विश्वव्यवस्थाका युक्तिगम्य चित्र पेश करने वाला सर्वज्ञ नही। यह भी एक महाअज्ञान की पराकाष्टा है न ? सद्‌बुद्धि हो जाए तो अच्छा परंतु संभव नहीं है।

१४. "युगलीआ"

यह विश्वव्यवस्था की बिलकुल साधारण रूपरेखाएँ हैं, और तो विभाग-पेटाविभाग-अन्तरप्रदेश पर्वतोंकी हकीकत विस्तृत है। इन सबों की मान-लबाइ चौडाइ-गहराइ-उंचाइ वगैरहोंकी स्पष्ट वर्णन श्रद्धा को बढा देते है। ऐसे है।

५६ अन्तरद्वीप के मनुष्य लवण समुद्र में कहे गये वे युगलीआ ही होते है। उनको प्रत्येक तीसरे दिन आहारकी इच्छा होती है। (७९) दिन संतानों का पालन करते हैं। शरीर की उंचाइ (८००) आठ सौ धनुष्य (एक निश्चित माप) प्रमाण होती है। आयुष्य पल्योपमका असख्यातवाँ हिस्सा होती है। उनके रुप लावण्य और सुकोमलताका वर्णन है। उसी तरह सरलता बीलकुल कम कषाय, परिग्रह सज्ञा भी कम ! इत्यादि आंतरगुण वर्णन भी है। मातापिता के मृत्यु के बाद पतिपत्नी का व्यवहार रहता है ! मृत्यु के बाद देवलोक निश्चित होता है।

९५ "ग्रह नक्षत्रादि"

जहाँ एक चन्द्र एक सूर्य होते हैं वहाँ ८८ "ग्रह २८ नक्षत्र ६६९७५ कोटी के कोटी नक्षत्र होते हैं। ग्रहो के विमानो मे प्रथम बुध का बाद मे क्रमश शुक्र बृहस्पति (गुरू) मगल और शनैश्चर के विमान उपरोपरी होते हैं।

९६ "किल्निपिक देव"

उन उन देवलोक म वे चाडालतुल्य माने जाते है। अपनी स्थित मर्यादा से बाहर के उन उन प्रदेशो मे उनका प्रवेश नही होता है। कर्मानुसारी परिस्थिति में ही उनको रहना पडता है। मर्यादा भग की कृति प्राय नही उत्पन्न होती है। अगर उत्पन्न हो तो इन्द्रादि की आना के पास प्राय वह रह सकती नही है। कर्मसत्ता के वशानुगामी आत्माएँ पाप पुन्य भुलने मे तो शिक्षा ही पाते है न? पाप पुन्य के तत्त्व को दृष्टि के सामने रखे! प्राप्त परिस्थिति को अपने कर्मानुसार समजे! सतोषपूर्वक समवृति से रहे उनका भविष्य का उद्धार शक्य है न? नौकरदेव, रक्षकदेव वहा होते ही हैं।

९७. "लोकवृत्ति"

असल मे तो वदर की जाति हो, मदिरा अगर पिलाई जाय! बाद मे अगर बिच्छु डग दे। स्वहस्त से परेशानी खडी की न! प्रकृति के मार्ग से च्युत कराकर गलत राह पर ले जाने से क्या समाज पर बडा अपकार ही होता है न? उस मे मे अशान्ति धावली-मारामारी-पक्षतांडव-लूट-चोरी-

डकैती-नशाखोरी-व्यभिचार-खुन करके मारण क्रिया के सिवा ओर कया हो सकता है? किस प्रकार की आशा रखी जा सके? असंतोप की अग्नि की ज्वालाओं में से और क्या उत्पन्न हो हो सकता है ? कौन समजायेगे ये सब सुखप्रद बाते भारत की भव्य प्रजा को ? सिवा के गिने गिने निःस्पृही महात्माजन ?

१८. धन के पीछे की जंगलीयात-पागलपन"

संसार व्यवहार के कार्यों में धन की आवश्यकता तो होती है। परतु वह तो प्राप्त होती है भाग्यानुसार ही न ! किसी को कम मजदूरी से, किसी को विशेष मजदूरी से, किसी को बिना मेहनत और थोडी भी चिन्ता के बिना अनायास भी। रजत के चमच से दूध पीता, रजत के घूघरू से खेलता बडा होता है। पुन्य के कारण अत्यंत बडे धनराशी का स्वामि बन जाय। शानदार सही रास्ते पद चले। दु:शील हो तो दु:ख के पर्वत अपने ही लिये खडा करता है। वह लक्ष्मी द्वारा ही बहुत से अत्याचार और पापप्रवृत्ति के पीछे पागल बनता है।

धनके लिये अपने को भी भूल जानेवाले भी है। कुल की कोई कीमत नही। कीर्तिनाश में ही अपना चातुर्य समजे। भयकर पाप कर्म करने मे बीलकुल अशांति या अफसोस व्यकत न करे। प्राचीन काल मे भी अैसे थे परन्तु परन्तु आज तो वर्ग बढ गया है। और वे वर्ग के पीछे कम ताकत और कम पुन्य वाला वर्ग भी पागल बनने लग गया। पुन्य भी कुछ सहायक नही बन जाता है। गलत कार्य छोडता नहीं है। कार्यसिद्धि नही होती है। पाप सिर पर पडे ही

पड़े । रातदिन चिन्ता कुतरती जाती है । शरीर क्षीण बने, मन कमजोर हो जाय । विचारों का युद्ध हो जाय । क्रोधादि सवार हो जाय । आरोग्य निष्फल बन जाय । टी. बी अस्थमा दम) लकवा हर्टफेइल का दर्द हाजिर हो जाय । धर्मरूप औषध है नहीं जिससे शांति पा सके । वैद्यकीय उपचार करने के लिये पैसे नहीं है । होने पर भी उपाय करने में सफलता प्राप्त नहीं होती है । अपमृत्यु, आत्महत्या उसका परिणाम । यह है सिर्फ धन के पीछे की पागलता । आज की सुसस्कृत दुनिया की । उसका चेप स्पर्श लगा है भारतवर्ष की आर्य प्रजाको भी । धनके पीछे जा रही है अनार्यता की ओर । सस्कार भूमि सफाचट हो गई है । बुरी आदतों का अन्त नहीं ॥ पाप का डर नहीं । पुन्य गाठ में है नहीं । बोधशिक्षा अच्छी लगती है नहीं । वे सुनने को भी तैयार नहीं । सन्त भी क्या करे ? हृदय पीगल जाता है । करुणा तो छोर तक भरी है । परन्तु सुने, समझे और हृदय मे ग्रहण करे उनके लिये न ?

६६ "कृत्रिम दिखावा"

यह पागलपन जन्मा कैसे ? सभी को अच्छा और बड़ा होने का दिखावा अच्छा लगता है इसलिए ही ? सब को कार चाहिये, सब को बगला चाहिये । अपने पास तो पाँच सौ भी नहीं । पचास हजार का फलेट लेने की इच्छा है । पाँच सहस्र की नहीं बल्कि पांच लक्ष की पेढ़ी करनी है । पचास हजार की लेनदेन करनी है । भोजन भी लेता नहीं है । अपनी गाठ में होगा-बचेगा तो धन देंगे । नहीं तो जायगा उसके बाप का । हम तो बादशाही ठाठ से रहेंगे ।

दूध-भात में सक्कर डालकर भोजन ले। अगर न पहुँचे तो हमारी कमजोरी है ! धन वापस देने में अैसा कह देंगे। फर्नीचर अच्छा खासा रखेंगे। शणगार आकर्षक। पार्टी भी देता रहे। हमारी वाहवाह वोली जाय न ? अपकीत्ति तो होगी तब होगी ! वीना कुछ किये धनवान बन जाने की ख्वाहीश क्या बन सकेगी ? क्या प्रकाश में आये विना हमारी प्रतिष्ठा बढ़े ? बस दौडधूप किये जाओ। इस प्रकार के उन्माद में जरुरीयात का कोई ठिकाना भी नही ? एक सौ पचास की आमदानी पर दो सौ पचीस का खर्च। तीन सौ की आमदानी पर बढाकर साढे चार सौ का ? लांच रिश्वत धोखा तो होता ही है। कोर्ट में पेशगी चले न ? कोर्ट में मुकदमो के ढेर लगे रहे। सरकारी जोहूकिम चले हो न ? चलने दे क्या ले जा सकेंगे विचारे ? साइनबोर्ड बदल डालेंगे।

यह बनावटी दिखावा—कृत्रिम दिखावा लोहे के टोप के समान सिर पर है। जो क्रोध और पाप का प्रतिक है। कीर्ति नष्ट हो जायगी। जप्ति की ज्वाला। रात की नींद हराम। गोलियाँ खाते रहो। हार्टवीक बने। सीक बन गये। जीवन प्रवाह का नी:तेज। न मिले शान्ति की लहर। यह है कृत्रिम दिखाने की' अपसगुन की छींक।

१०० "आत्मा और देह"

देह की सौंदर्यतामें भयकरता का जन्म होता है। देह को ही सर्वस्व मान लिया। उसकी सेवा लालनपालन और उसका पुर्णतः पोषण। आत्माका हुआ सोषण उस रीतिमे आत्माही भूलाये गये। आत्मा भूले जाने से तो ! खाद, पिब, मोद.

ड्रीन्क, डीलाइट, बोमेरी "ऋण कृत्वा घृत पिब"। ऋण करो अपितु उजले आनद में रहो। यह भव बहूत अच्छा है। परभव किसने देखा है ?

आजाय आखरी स्थान पर। परमेश्वर है कहाँ ? और धर्मतो एक धतीग ही चल रहा है। साधु बनने वालोने खडा किया है। मरने के बाद डर किस का ? हाजिर आजकी बाते करो। बायदा—भविष्य की होनेवाली बातो को छोड दो। प्रत्यक्ष का पक्ष करो। आगामी भव की बात अरुचीकर लगे, पुन्य पापो की बातें बनावटी किसीने उत्पन्न की होगी। पचभूतोमे से देह बनी। नष्टे देहे भव नष्ट। गरीब और धनवान कैसे ? बिमार स्वस्थ कैसे ? मूर्ख और पडित कैसे ? राजा और रक कयो ? एक प्रधान बने, अन्य चपरासी एक साहब, अन्य नौकर, एक न्यायाधीश, अन्य प्युन। उत्तर नही है, समाधान नही है अपितु कहना है समाज व्यवस्था की अपूर्णता—भूल ! भाई ये सब तो सब देशो मे है। सुधर गये गिनातेवालो मे भी गिनती पानेवाले धनकुबेर अमरिका मे भी कया बोले ? वह तो होना है ऐसी बाते मत करो। सिरदर्द न होने दो। आनद मे जीने दो।

आनद है नही। मस्तक बिगडा हुआ है, भविष्य मे मस्तक मिलेगा नहि। कयो ? आँख का उलटा उपयोग आँख नहीं। जिसका दुरूपयोग वह चीज भवान्तर मे प्राय नही। परन्तु आत्मा और परलोक मानता नही है। देह यहाँ माताके उदर मे पैदा हुआ है। अग्निमे जल जायगा या मिट्टीमे मिल जायगा। आत्मा को नर्क मिलेगा। नीग्रच के भयकर दुख सहने पडेगे। पछतावा भी नही मुक्त करेगा। सज्जन पुन्यवान

की चिन्ता है ही नहीं। किल्विपिक देव और देवलोक की समाज व्यवस्थामे से लोकवृत्ति आदि की घटना सोची अब ही देवलोक मे जिनालय और जिनबिम्बों की संख्या व्यवस्था जान ले।

१०१. "शाश्वत जिनालय और जिनबिम्ब'

शाश्वतका अर्थ है सदाकालिन। निम्न पृथ्वीतलके भवनपति देवलोक में हर आवास मे जिनचैत्य होते है। उनकी संख्या सात कोटी बहत्तर लक्ष की है। प्रत्येक चैत्यमें एक सो अस्सी प्रतिमाएँ होती है। व्यतर और ज्योतिपिमें शाश्वत बिम्ब होते हैं। उसके शाश्वत नाम भी है। ऋपभ, चन्द्रानन, वारिपेण और वर्धमान ये चार।

पहले देवलोकमें ३२ लक्ष विमानों मे ३२ लक्ष चैत्य हैं। दूसरेमें २८ लक्ष, तीसरेमें १२ लक्ष, चौथे मे ८ लक्ष, पाँचवेमे ४ लक्ष, छट्ठे मे ५० हजार। सातवें में ४० हजार, आठवें में ६ हजार नवम-दशममे ४००, ग्यारह बारहवे मे ३१८ और ५ अनुत्तर के मिलकर ८४ लक्ष-९७ सहस्त्र २३ जिन चैत्य है। उन प्रत्येकमे १८० जिनबिम्बों का प्रमाण है।

तीनो लोकमें शाश्वत चैत्य जिनालय ८ कोटी, ५७ लक्ष २८२ है। शाश्वता बिम्बों की कुल संख्या १५ अरब, ४२ कोटी, ५८ लक्ष ३६ हजार ८० है।

ये सब जिनचैत्य और परमात्मा की प्रतिमाओं को प्रणाम करे, वह है पुन्यवान। श्रद्धा उत्पन्न होती है। बोधिबीज बोया जाय। सम्यक्त्व को प्राप्त करे। संयम स्वीकार करके

मुकित मे मगलप्रवेश करे । अमगल हमेशाके लिए नष्टप्राय ॥
जिसका अनंतसिद्धोमे हुआ वास ।

१०२ "देवलोक की सामान्य परिस्थिति"

देवो के शरीर वैक्रिय पुद्गल पमाणुओके बने होते हैं। उसमे किसी भी प्रकार की मल मुत्रादिक अशुचि होती नहीं है । वृद्धावस्था नही प्राप्त होती है । हमेशा यौवन जीवन्त रहता है । उनकी भी आयुष्यमर्यादा समाप्त होती है । छ मास पहले फूलकी माला मुरझा जाती है । देवीयो, नौकर परिवार आज्ञा न माने । वगेरह चिन्ह दिखते हैं । दुःखी परेशान होते है । महस्र लक्ष वर्ष भोगे गये सुख दृष्टि के सामने आते जाते हैं । विलाप भी करते हैं । परतु कर्मसत्ताके पास क्या चले ? उसमे भी खबर हो जाय कि पशु आदिमे जन्म लेना है । तो हताश बन जाते हैं । जो कि मानव स्त्री के गर्भमे जाना वही उसको कम्प पैदा कर देता है ।

ऐसी परिस्थितिमे भी जो सम्यक धर्मतत्वको समज सका है, वे आनदमे रहते है । उल्टा विशेपत आनदी बना रहता है । मनुष्यभव मे सयम की प्राप्ति अवश्य हुई मुक्ति साधना हो सकेगी इस लिए । क्यो कि देवभवमे भी प्राय विरागी होते हैं ।

वहा मनुष्यो की तरह अन्नादिका कवल आहार नही है । क्षुधा जब लगे तब वे पुद्गल परमाणु शरीरमे सक्रमण होते है । क्षुधा शात बन जाती है । हाजत, पेशाब, लेट्रीन की होती नही है । प्रस्वेद होता नही है । कमाने की चिन्ता नहीं । स्फटिकमय आलयोमे रहने का है । परतु जो परिस्थिति

उत्पन्न होने समय थी वही रहेगी । वडे या विशिष्ट देवों का ठाठबाठ इच्छा करने पर भी न प्राप्त हो । दूसरा प्रयत्न वहाँ चलता नहीं । इर्षा, असंतोप की ज्वाला हंमेशा जलती रहे उसको । जो प्राय: यहाँ की दुनियामें उसी प्रकार आदत पडी होती है । शंका और वासना क्या न करावे ?

आयुष्य पूर्ण होते पर चाहे जहाँ हो उनका च्यवन हो जाता है । शरीर के पुद्‌गल विखर जाते है जो मनुष्य या तिर्यचगतिमे जानेका कर्म बन्धा होता है, वहाँ पहुँच जाता है।

वडे हिस्से के देव आनंद प्रमोद, संगीत और देवीयों के सहवास में मस्त रहते हैं । सम्यक्‌दृष्टि देवों को भोगोपभोग में रति नही होती है । चाहे भले ही भोगोपभोग करते हों । जिनेश्वर देवोंके कल्याणको में आनंद आता है । तीर्थंकर देव या केवलीदेशना सुनने के लिये तत्पर रहते है । सती स्त्रीयां या धर्मिष्ठ तपस्वी आत्माओंको सहाय करने में उत्साही बनते है । मित्र वर्ग के साथ भी संसार की विचित्रिता और असारता की बांते वहाँ चलती हैं ।

वहाँ स्त्रीयों के अपहरणकी विक्रिया कई बार होती रहती है । परन्तु उसकी सजा भी बहुत होती है । अवधिज्ञानादि होने से अपनी अपनी मर्यादाके अनुसार अमुक प्रदेश तक देख सकता है, समज भी सकता है । अति प्रेमके कारण कोइ संवन्धी को मिलने के लिये इस दुनियामें आता भी है । अति द्वेप के कारण दु:ख भी देता है । संक्षेप में एक विशिष्ट शक्ति धारण किया हुआ एक वर्ग है । आयुष्य लम्बा और काया अशुचिरहित होती है । अपितु मृत्यु निश्चित है । आगामी

भवोमे भी कर्म के फल भोगने पडेगे ही। कई नौकरोको, देवो को मालिक की इच्छा होने से वाहन के लिए शेर-घोडा आदि बनना पडता है। कम की कठिनाई सर्वत्र बाधारूप होती है।

कल्पोपपन्न देवोमे सामानिक सामान्य व्यवस्था निम्नरीति से होती है। इन्द्र सामानिक (इन्द्र के समान होनेवाला) त्रायस्त्रिशक (गुरुस्थानिय), पार्षद (पर्षदामे बैठने वाले) आत्मरक्षक (बोडीगार्ड्झ) लोकपाल (दिशापरत्वे) अनीक (पायदल) प्रकीण (प्रजाजन जैसे) आभियोगिक (नौकर स्थानिय) किल्बिषिक (चाडाल कोटिके ढोल आदि बजाने वाले ढोली) इन्द्र के हुक्म से बड हिस्से के देव, तीर्थकर देव आदिके प्रसगोमे हाजिर रहते हैं। कोइ आत्माकी (अपनी) भक्तिसे, कोइ हुक्मसे, कोइ स्त्री के आग्रहसे कोइ मित्रोको सहकार देने के लिये तो कोई कुतूहलसे।

देवो को प्राय बाह्य दृष्टिसे सुखमे ही विलासी रहनेका होता है। जान बूझकर ईर्षा, असतोष मे, चिन्ता, उपाधि खडे करे तो कौन रोक सके ? और तो कोई सासारिक चिन्ता नही होती है।

यह सब सासारिक सुख नाशवन्त है। जीवन निश्चित नही। सुख दुख पुन्या पापाधिन है। किये हुए कर्म देवो को भी भोगने पडते हैं। ये बिचारे भी विषय-कषायके पास पामर हैं। इस लिये हे आत्मन्! तू चेत। तेरे स्व-स्वरूपको पहचान। इसे पहचानने के लिए धर्मका शरण स्वीकार कर लो। धर्म जिनेश्वर देव की आज्ञामे ही है। इत्यादि समज कर आत्म सन्मुख होने के लिए ज्ञानकी प्राप्ति कर लेनी है।

१०३ "१२ चक्रवर्ती"

२४ तीर्थंकरों के समय मे १२ चक्रवर्ती होते हैं। भरतक्षेत्र में छः खंडों में उनका आधिपत्य होता है। विजय कूच में सब भेट सौगाद लेकर शरण में आते है। अगर कोई सामना करता है तो सेनापति आगे जाकर हराकर पीछे हटाता है। नमा देते है। किसी का भी राज्य नहीं लिया जाता है। अपितु हंमेशा के लिये उसका रक्षण होता है ! वह राजा निश्चित बन जाता है।

चक्रवर्ती को देवों का सांनिध्य होता है। देव पुन्य-आकर्षण से सेवा में उपस्थित रहते है। और वे आनंद से रहते हैं। चेतन और जड रत्न सेवा में होते हे। स्त्रीरत्न, सेनापतिरत्न चर्मरत्न इत्यादि ये सब पुन्य के प्रकार क्रमशः जानने योग्य हैं। और समजने भी योग्य है !

बारह में से दो नर्क में गये है। विश्वव्यवस्था और कर्मसत्ता का वह अडग नियम है, जो चक्रवर्ती छः खंडों की खुशियाँ, सुखचैन भोगकर अन्त में साधु बने है। वे स्वर्ग मे या मुक्ति में गये है।

७२ हजार नगर, ९६ कोटी गाँव, ३२ हजार मुकुटधारी राजा, ६४ हजार अंतेउरी, ९, महानिधि, चौदह रत्न, हाथी, घोडे, रथ, प्रत्येक ८४ लक्ष के अधिपति हैं। आज्ञा का कोई उल्लंघन नहीं कर सकता है। ऐसे सत्ताधारी को भी समज न ले तो नरक उसके लिये भी तैयार। कर्म की नचाने की गति बड़ी विचित्र है।

१०४ "९ वासुदेव-प्रतिवासुदेव"

तीन खड के स्वामी प्रतिवासुदेव को हराकर चक्ररत्न धारी वासुदेव बनते है। देवसानिध्य हाता हे। उनके समय मे तीर्थ कर से दूसरे नबरमे शारीरिक शक्ति होती है। परतु मर कर नियमा नरकावास मे ही जाना पडेगा। क्यो कि पीछले भव मे धर्म की आराधना अच्छी करने पर भी साधुत्व-स्वीकारके भी, अन्त मे धर्म को वेच देता है। विक्री कर देता है। मेरे इस धर्म तपका फल यह मिलो। इस तरह नरक को जानेवाला चक्रवर्ती भी नियाणु करके आये हुए हैं। सवा कोटी का रत्न एक रूपये के लिये दे दे, एसा ये खेल है।

१०५. "९ बलदेव"

उच्च कोटी के पुन्य को लेकर आनेवाले। वासुदेव के बडे भाई। बल अपार और छोटे भाई वासुदेव पर का सासारिक प्रेम भी बहुत (मोह का एक प्रकार) दुनियामे ऐसे प्रेम का नमूना नही मिलेगा। उसके दुख से दुखी उसके सुख से सुखी। राज्यगद्दी पर वासुदेव ही होता है। वासुदेव को प्रत्येक कार्य मे बलदेव की सलाह सहचार बिना चैन नही आता है। लक्ष्मण वासुदेव के बडे भाई राम, लक्ष्मण का मृत्यु को मानने के लिए भी तैयार नही। छ मास देव के बहुत कष्ट प्रयत्न के बाद जागृति आइ।

परन्तु बलदेव साधक पक्के। साधुतत्व का ही स्वीकार कर ले। और स्वर्ग में या मोक्ष मे ही जाय। इस तरह २४+१८+१२+९ कुल ६३ शलाका पुरुष माने जाते हैं। जो

नियमा मुक्ति मे ही जाते है। कोई पहले वही भव में और कोई आगामी भव मे। क्यों कि सम्यक्त्व का स्पर्श हो चुका था। ये सब महानुभाव आत्माएँ है।

विभाग ३ तीसरा

१०६ "श्री प्रतिक्रमण सूत्र"

ये पवित्र मंगलमय सूत्रो गांभोर्य से पूर्ण है अर्थ सभर भरे हैं। तारतम्य वहुत उच्चकोटिका है। रहस्य आत्मसात् होते ही मुक्तिका मार्ग खुल जाता है।

१. नमोअरिहंताणं

नमस्कार महामंत्र चौदह पूर्व का सार। अरिहंत-सिद्ध-आचार्य-उपाध्याय और साधु पचपरमेष्ठी। उनको नमस्कार सर्व पापो का नाश करता है। विश्व का सर्वोत्कृष्ट मगल।

२. पंचिंदिय

श्री आचार्य तीर्थंकर देवके प्रतिनिधि। शासन के सुकानी। उनके मुख्यत ३६ गुणों का वर्णन। ५ इन्द्रियों पर कावु। ९ ब्रह्मचर्य की सीमा से परिरक्षित। ४ कषायों से मुकत। ५ महावृतों का पालन। ५ आचारों में समर्थ। ५ समितियाँ-३ गुप्तियो से रक्षित ऐसे ३६ गुणयुक्त आचार्य गुरुदेव है।

३. इच्छामि खमासमणो

साधु महात्माओं की आज्ञा लेकर, पाप व्यापार का त्याग करके, यथाशक्ति वदना होती है। इसे पंचांग खमासमण कहा जाता हैं। दो पैरों के जानु, (ढीचंण) दो हाथ, मस्तक, पाँचो भूमि से स्पर्श करे। अष्टांग का निषेध है।

४ इच्छकार :—

गुरुदेव को रात्रि, दिन सम्बधी सुखशाता पूछने है। सयमयाना की देखभाल करते हैं। आहार पानी गोचरी के लिए आमन्त्रग देने हैं।

५ इरियावहियम् :—

इरियापथिकी। रास्ते चलते जीवो की बनी हुई विराधना का मिथ्यादुष्कृत क्षमायाचना) दी या जाता है। १ से ५ इन्द्रियो वाले को तरह तरह की रितिसे जो किलामन-दु ख या मरणात कष्ट हुआ हो उसी की।

६ तस्स उत्तरी :—

विशेष शुद्धि के लिए सूत्र है। प्रायश्चित की खोज लगाकर, उस दोप को निकालने के लिए सल्यरहित करना। माया-निदान-मिथ्यात्व तीन शल्य है। शरीर का शल्य प्राण ले। ये शल्य भवोभव आत्मा को दुखी बनाते है।

७. अन्नत्थ :—

कायोत्सर्ग मे प्रकृति रीति से हो जाने वाली या समाधि की क्रिया को धारण किये जानेवाली प्रवृति को वाद करके कायोत्सर्ग करने मे आता है। जिससे प्रतिज्ञाभग का दोप न लगे। आत्मा घिट्ठा न बन पावे। छीक, खासी, बगासा इत्यादी आते समय या सर्पादि के भयमे प्रवृत्ति करनी पडे।

८ लोगस्स —

चतुर्विंशतिस्तव। वतमान २४ तीर्थकरो के नाम लेकर

स्तुति की है । वाद मे विघूतरजमल कर्मरज और पाप मल को जिसने नाश किया है । इत्यादि गभीरार्थ विशेषणों द्वारा स्तवना है । नौवाँ सुविधिनाथ भगवंत का पुष्पदंत एक विशिष्ट नाम दिया गया है ।

९. करेमिभंते :-

साधु-श्रावक दोनों के लिए थोडे परिवर्तन के साथ हंमेशा का उपयोगी सूत्र । संसार त्याग की ४८ मिनिट के लिए, १२ या २४ घंटो के लिए और साधुत्वमे सारे जीवन भरकी यह प्रतिज्ञा अद्भुत है । अन्य स्थल पर मालूम भी नहीं होती है । वडी आश्चर्य युक्त है । मन-वचन-कायासे पाप न करूंगा, न करवाउंगा और साधु तो अनुमोदन भी न दे ।

१०. सामाइयवयजुत्तो :-

सामाईक पालते वख्त श्रावक श्राविकाओं को बोलने का सूत्र । सामाईक से अशुभ कर्म का विभेदन हो जाय । सामाईकमें साधु जैसा श्रावक माना जाता है । इसलिए बारबार सामाईक करना चाहिए । कैसा सुन्दर उपदेश ? और कैसा सायिन्टिफिक युक्ति-गम्य सत्य ? उपरांत गुरूगम्य विधि तो अद्भुत ही है । श्रावक पूछता है, "गुरूजी ! सामाईक पारूं ? गुरूजी उत्तर देते है पुनः करने योग्य है । कर ऐसा नही कहते हैं । सामने से "यथाशक्ति" आवाज मिलता है । श्रावक फिरसे जाहिर करता है । सामाईकपाला । उत्तर मिलता है । आचार (सामाईक करनेका) मत छोडो । सामने से "ऐसा ही होगा" । जैनशासन बहत सी खूबीओंसे भरा है ।

११ जगचिंतामणि :-

भगवतके वचन पर की अतट श्रद्धा से महालब्धि निधन गणधर भगवत गौतमस्वामी अष्टापद पर पधारते हैं। वहा यह चैत्यवदन मे २४ भगवतादि की स्तुति शुरु करते हैं। चिनामणि-नाथ-गुरु-सार्थवाह सर्व भाव जानने वाले-कर्माष्टिक-नाशक- अप्रतिहत शासनादि गभीरार्थ विशेषणो से स्तवन करते है।

वादमे १५ कर्मभूमिओ मे किये सब १७०, उत्कृष्ट काल के जिनेश्वरो को उनके ६ कोटी केवली भगवतो को और ६००० कोटी साधु महात्माओ का स्तवन करते है। साप्रत कालमे महाविदेहोमे विचरते २० जिनेश्वर देवो की २ कोटी केवली २००० कोटी साधु महात्माओकी स्तवना करते है। (थुणिज्जइ निच्च विहाणि) स्तवन होता है प्रत्येक सुवहमे।

शेत्रुंजे पर के श्री ऋषभदेव भगवान का गीरनार के, प्रभु श्री नेमिनाथ का, सत्यपुरी के श्री महावीर देव का, भरुच के श्री मुनिसुव्रतस्वामि का और मुहरी पार्श्वनाथ का जयजयकार बुलाते हैं।

चारो दिशाओ और ६ विदिशाओ के, अतीत, वर्तमान अनागत सर्व जिनेश्वरो को वदना करते हैं। ८ कोटी ५७ लक्ष २८२ शाश्वत चैत्य-जिनालय तीनो लोक के उन्हे वदना करते हैं। १५४२ कोटी, ५८ लक्ष, ३६०८० शाश्वत जिनविम्बो को प्रणाम करते हैं।

१२ जंकिंचि :-

स्वर्ग, पाताल और मनुष्य लोक के तीर्थमात्रको और सभी बिम्बो को वदना की जाती है।

१३. नमुत्थुणं :–

शक्रस्तव इन्द्र के द्वारा भगवंतकी की हुई स्तवना। अरहृत, भगवंत आदिकर, तीर्थंकर स्वयंसम्बुद्ध, पुरुपोत्तम, पुरुपों में शेर, पुंडरिक कमल, गंध हस्ति, लोकोत्तम, लोकनाथ, लोकहित, लोकप्रदीप, लोकप्रद्योतकर, अभय, चक्षु, मार्ग, शरण बोधिको देनेवाले धर्मदाता, धर्मसार्थी इत्यादि बहुत से सार्यक विशेपणों से स्तवना की है। ललित विस्तरामे विशद विवेचन है। आखरी गाथामें भूत भविप्य के सिद्धों को और वर्तमानमे होते हुए सिद्धो को त्रिविध नमस्कार है।

१४. जावंति चेईयाइं :–

उर्ध्व-अधो-तिर्च्छा लोक के सर्व चैत्यो को यहाँ से वंदना है।

१५. जावंत के वि साहू :–

भरत-ऐरवत-महाविदेह के मन–वचन–काया के दंडोंसे विरत, साधु–महात्माओं को वंदना की है।

१६. नमोऽर्हत् :—

पंच परमेष्ठि को एक ही साथ नमस्कार किये है।

१७. उवसग्गहरम् :—

उपसर्गहर स्तोत्र आत्मा पर के अनादि कालसे उपसर्ग–दु:खो को नाश करनेवाला है। कर्म के समूह से मुक्त श्री पार्श्वनाथ भगवान की इस स्तवना से सम्यक्त्व संप्राप्ति, संप्राप्त का दृढीकरण, उसके द्वारा अजरामरत्व निश्चित बनता है। हृदय आज्ञा से विभोर और श्रद्धा युक्त बनना चाहिए। इसलिये ही भवोभव बोधि दिजीये। इस तरह श्री पार्श्वनाथ प्रभुजी को प्रार्थना की है।

- ऐहिक दुन्यवी किसी भी पदार्थ की आशा के बिना प्रतिदिन एक नोकारवाली विधिपूर्वक शुद्ध भाव से गिनो। सुन्दर और आल्हादक क्षयोपशम प्रगटेगा। आत्मा मे सम्यक्-ज्ञान की एक ज्योत प्रकट होगी। क्या प्रकट करना चाहते हो न ? सचमुच यह सम्यक्त्व प्रकट करनेवाला स्तवन है।

१८ जयवीयराय —

प्रार्थना सूत्र। जय बोलनी वीतराग की। जय होगी आत्मा की। वीतराग की जय वोलने से वीतरागता प्रगट होगी ही। इसलिए भवनिर्वेद मार्गानुसारिता और इष्ट फल की सिद्धि की माग की गई है। इसके लिए गुरुपूजन, परोपकार सद्गुरु योग अत्यत जरुरी है।

'नियाणु' धर्मफल की माग का विरोध किया गया है जैनशासन मे। परन्तु प्रत्येक भव मे नाथ का शरण। शरण मांगने मे नियाणु नही है। उसी ही शरण मे दुख क्षय, कर्मक्षय, समाधिमरण और बोधि प्राप्त होगे। और इसलिये ही जैनशासन सर्व मगलो मे रहा हुआ मागल्य है। सर्व कल्याणो का कारण और सर्व धर्मों मे मुख्य है।

१९ अरिहंत चेईयाण :—

अरिहत चैत्यो की आराधना कार्योत्सर्ग द्वारा की गई है। वदना, पूजन, सत्कार, सन्मान बोधिलाभ, निरुपसर्ग वगैरह के लिए और श्रद्धा, मेधा धृति-धारणा, अनुप्रेक्षा (भावना) इन सभी तत्वो मे वृध्धि पाता हुआ यह कायोत्सर्ग है। "गागर मे सागर मिला दिया है।"

नाथ के नाथ का स्तवन करने की यह भी एक उत्तम रीति है।

२०. कल्लाणकंदं :—

विशिष्ट प्राकृत भाषा में स्तुति है। प्रथम गाथा में श्री ऋषभदेव-शान्तिनाथ-नेमिनाथ-पार्श्वनाथ-महावीर प्रभुजी की स्तवना है। दूसरी में सूरवृंदवंदित सब जिनेश्वरो के पास मुक्ति मांगी गई है। तीसरे में जिनमत (आगम) को नमस्कार है। निर्वाणमार्ग का वरयान (रथ) कुवादी दर्पहर, बुधों का शरण तीनो जगत में मुख्य जिनमत है। चौथी स्तुति में वाग्-ईश्वरी श्री सरस्वतीदेवी की दीलहर स्तुति है। श्रुत देवताकी तरह देवी की प्रसन्नता माँगी गई है। जुइ-मुगरेका पुष्प, चाद, गायका दूध वर्फ जैसे श्वेतवर्णवाली है। कमलस्था, हस्त में सरोज कमल है। दूसरे हाथ में पुस्तकों की ग्रन्थमाला का समूह है। वह हमारे आत्मसुख के लिए प्रसन्न हो। स्तुति अच्छी है।

२१. संसारदावानल :—

याकिनी सूनु-सुविहित शिरोमणि, श्रीमद् हरिभद्रसूरीश्वर ने १४४४ ग्रथो की रचना की है। ४ ग्रंथ शेष रह गये थे। अतिम समय आ गया था। १४४४ ग्रन्थ पूर्ण किये थे। ऐसी किंवदन्ति है। भवविरहवर 'विरह' शब्द से उनकी यह कृति है। ऐसा अवश्य कहा जा सकता है। अति गंभीर अपितु सरल सस्कृत मे है। संस्कृत और प्राकृत दोनो भाषाओ में समजाया है।

प्रथम शासनपति भगवान श्री महावीरदेव की स्तुति । ससार महादावानल उसीका दाह प्राणियो को दु ख देता है । प्रभु नीर-जल है । सभोह, अज्ञान कर्मरज के ढेर लगे है । प्रभु उसके लिए पवन है । मायारूपी पृथ्वी विदारने के लिए तीक्ष्ण हल प्रभु श्री है । मेरुसम धीर वीर को वदन । दूसरो मे देव-देवेन्द्र वदित जिनवरो के चरणो मे शीर नँवाया है ।

वीर के आगम समुद्र का आदरपूर्वक सेवन की बात विशिष्ट विशेपणो से सूचित है । अगाध वोध, सुपदनीर, अविरत लहरी अहिंसा, चूलावेल, बडे पाठ रूप मणिआ से पार उतरना मुश्किल । घटमान करके समजना पडे ऐसे विशेपण है ।

'ससारदावानल' शब्द से शुरुआत करके सारे ससार का स्वरूप एक शब्द मे खडा कर दिया है । और चौथी मे उसका 'विरह व्यक्त किया है । क्या अद्भुत है न ? वानी सदोह देह हे श्रुतदेवता 'भवविरह'का सारभूत वरदान दे । ऐसा कहकर श्रुतज्ञान क्यो पढना उसका गूढार्थ भाव तद्न स्पष्ट कर दिया है ! आधी गाथा के एक ही विशेपण से कुदरत का सारा मौन दे दिया है । दृश्य चित्र खडा कर दिया है ।

२२ पुक्खरवरदीवड्ढे —

ढाई द्वीप के १५ क्षेत्रो के धर्म आदिकर तीर्थकरो की स्तवना करते है । धर्म के सार को प्राप्त कर कौन प्रमाद करेगा ? प्रश्न करके भव्यात्माओं के लिए वडा जय घोप किया है । धर्म भी कैसा ? अज्ञान अन्धकारनाशक । सुरेश्वर, नरेश्वरपूजित-मर्यादाधारक-मोहजाल को तोडनेवाला । जन्म-

वृद्धावस्था-मरण-शोक विनाशक, वहुत कल्याणकारक और सुखका वाहक । ऐसा सारभूत है धर्म ।

और आखरी गाथा में तो सारा शासन वहुत सा भरा पडा है । शासन सिध्ध है । किसी भी प्रमाण की आवश्यकता की जरुरत नही है । संयमवृद्धि उसी का बडा लक्षण है और ध्येय भी है । देवो में वडे मस्त–नाग–सुवर्ण–किन्नरादि कुमार । ऐसे भी सद्भाव से पूजते है । सारा लोक जिस में प्रतिष्ठित है । लोकस्थिति का आधार जिनमत है । यह जगत भी वही प्रभाव से–शासन से टीका हुआ है । त्रैलोक्यमय जगत में मृत्युलोक असुरलोक भी है ही । ऐसा धर्म वृद्धि करता रहो । शाश्वत्-विजयवंत वने रहो । क्रमशः वृद्धिवंत वनो ।

विश्वकल्याण की यह विशाल भावना है । भावकरुणा का प्रवाह है । उच्चकोटि की दयाका स्वादिष्ट झरणा है । छोटे अगर प्राप्त करे उसी का भी कल्याण हो जाय ।

२३. सिध्धाणं बुद्धाणं

लोकाग्रस्थित सर्व सिद्धो को नमस्कार हो सदैव । देवेंद्रों से पूजित महावीर देव को मस्तक नमाकर वंदन करता हूँ । संसारसागर से तैरने के लिए एक भाव नमस्कार वर्धमान जिन को किया हुआ समर्थ है । गिरनारगिरि पर दीक्षा–कैवल्य निर्वाण पानेवाला धर्मचक्रवर्ती अरिष्ट नैमिको में नमस्कार करता हूँ । अष्टापद पर ४–८–१०–२=२४ तीर्थंकरों को नमस्कार ।

त्याग किया है । १८ दोप रूप दुश्मनो का जिन्हो ने । परमार्थ को प्राप्त किये हुए मिध्य मुझे सिद्धि दो ।

२४ वेयावच्चगराण :–

सम्यग्दृष्टि आत्माओ का शाति ममाधि कारक वैयावृत्य कर देवताओ को याद करके उनके निमित्त कायोत्सर्ग करने मे आता है ।

२५ भगवानह –

इस मित्र और अरिहन भगवान शब्द मे अन्तर्गत पांचो परमेष्ठि की उपासना है ।

२६ सव्वस्सवि देवसिअ –

ठवणा-स्थापना सूत्र है । ओघा या चरवले पर मुष्टि को रखकर वोला जाता है । दिन या रात सम्बन्धक दुष्ट चिन्तवन भाषण-चेष्टा का मिथ्यादुष्कृत दिया जाता है ।

२७ इच्छामिठामि :–

दिन रात्री सम्बन्धक किये हुए दोषो के अतिचारो का प्रमार्जन होता है । कायिक वाचिक मानसिक भिन्न भिन्न बातो मे ! उत्सूत्र भगवान की आज्ञा से विरुद्ध वोलने मे उनमार्ग सेवन से, दुर्ध्यान अनाचार इत्यादि । श्रावक को योग्य नही वैसी । कर्तव्य मे ज्ञान-दर्शन चारित्राचारित्र (देशविरति) सूत्र-सामायिक,-तीन गुप्ति,-चार कषाय, पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत चार शिक्षाव्रत आदि के बारे मे, लगे हुए दोषो का मिथ्यादुष्कृत ।

२८. अतिचार गाथा :-

इस मे ८ गाथा पंचाचार की है। पंचाचार का वर्णन है। काउस्सग में इस आचार का चिन्तवन करना है। आचार विरुद्ध बना हो तो सावधान बनना है। इसलिये अतिचार गाथा कही जाती है। ये ८ गाथाएँ जीवन का आधार है। इसलिए ठीक से विस्तार से समजना चाहिए।

१ ज्ञानाचार :-

काल जो नियत काल हो तब सूत्रादि पठन करना।

विनय—

गुरु का ज्ञानी का विनय-वंदनादि से। विनय के विना विद्या नही।

बहुमान—

हृदय का प्रेम ज्ञानी और गुरु पर तथा ज्ञानादि के साधनो पर।

उपधान—

विशिष्ट तप द्वारा विधान किये हुए सूत्रों का अभ्यास।

अनिन्हवणे —

जिस गुरुसे शिक्षा प्राप्त की हो उसका नाम जाति न छीपाना।

व्यंजन —

शब्दका जैसा हो वैसा उच्चार!

अर्थ —

सच्चा स्पष्ट अर्थ करना। और उसका उपयोग रखना।

तदुभय —

शब्द-अर्थ दोनोकी मर्यादा की संभाल रखना!

२ दर्शनाचार :-

निस्संकिअ —

देव-गुरु-धर्म और वीतराग की वानी पर पूरा पक्का विश्वास ।

निक्कंखिअ —

किसी भी अन्य मिथ्या धर्मकी इच्छा न करना ।

निव्वितिगिच्छा—

पूज्य साधु साध्वीजी के मलिन-वस्त्र गात्र देखकर दुर्गंच्छा न करनी चाहिए । त्यागीओका वैसा आचार ही होता है ।

अमूढदिट्ठि—

मिथ्याधर्म का कोई चमत्कार देखकर मोहित न हो जाना

उववूह—

उपवृंहण-सम्यग्दृष्टि-साधर्मिकत्ताके गुणोकी प्रशंसा करना ।

थिरीकरण—

तथा प्रकार के संयोगों में धर्म से चलित होते हुए चलितको बाहर की मदद और धर्म की गहरी समज देकर धर्म में स्थिर करना चाहिए । यह बड़ा गुण है ।

वात्सल्य—

साधर्मिक प्रत्येका आंतरबाह्य धर्म प्रेम ।

प्रभावना—

बहुत से आत्मा धर्माभिमुख हो जाय वैसी प्रवृति, जिससे शुद्ध सनातन जैन धर्मकी सब प्रशंसा करे ।

३. चारित्राचार –

पणिहाणजोगजुत्तो-प्रणिधान–पारिभापिक-टेकनीकल शब्द है। जहाँ तक ध्येय निश्चित न हुआ है, यहाँ तक उस वस्तुमे मन–वचन कायासे एकाग्रता नहीं पैदा होती है। आचारोंका–संयमोंका पालन–आत्माको अनंत सुख देने वाली मुक्ति के लिए है। यह ध्येय है। बादमें पाँच समिति और तीन गुप्तियोंका पालन सुकर बन जाता है। अष्ट प्रवचन माताके परमानंददायी परम आशीर्वाद आत्मा पर उतरते हैं।

तपाचार—

कर्म निकाचित अति दुःख देते है। उस तप का बहुमान करना चाहिए। बाह्याभ्यंतर बारहों प्रकारके अग्लानत्व से मनके उत्साह से करना चाहिए। अणाजीवी किसी भी सांसारिक पदार्थ की इच्छा बिना किया हुआ 'तप' वोही तप कहलाता है। मान कीर्ति, लालच ये ससार में भ्रमण कराते है। संसार को बढाने वाले क्रूर पदार्थ है। जो गणवेषधारी साधुओं को भी चक्कर में डाल देते हैं।

वीर्याचार—

बल और वीर्य को गोपाव्ये बिना धर्म करना है। वह भी जो तीर्थंकर देवोने बताया है। शास्त्रोक्त विधि विधानके अनुसार। बल शारीरिक है। वीर्य आत्मा का उत्साह है। दोनों का यथाशक्ति धर्म आराधना में उपयोग करना वहीं वीर्याचार है।

२९. सुगुरुवन्दन :—

यह द्वादशावर्त वन्दन के लिए सूत्र है। गुरु की महत्ता जैन शासन में विशिष्ट स्थान सूचित करता है। विनय गुण

की विविधता बतलाना है। हे क्षमाश्रमण। मैं आपश्री को वन्दन करना चाहता हूँ। ऐसे जाहिर करके गुरु आज्ञा प्राप्त करता है। जैन शासन मे आज्ञा प्रधान है। वही उसकी बडी महत्ता है। वही उसीकी परमाथ से भग विशिष्ट लक्षण है। यथाशक्ति वन्दन करेगे परन्तु पाप व्यापार का त्याग करके। मन की शुद्धिके विना धर्म कैसा ?

गुरुजी को वन्दन साढे तीन हाथ की दूरी पर मे करनेका विधि है। स्वय नजदीक जाना चाहता है। गुरु पाद स्पर्श करना है। इसलिए 'अणुजाणह' कहकर अनुज्ञा प्राप्त करता है। पैरो को मस्तक से स्पर्श करता है। ऐसा करते समय गुरुजी को यदि थोडी भी भी ग्लानि हो गई हो। तो उसकी क्षमायाचना चाहता है।

बाद मे पूछता हैं। क्या आपका दिन समाधिपूर्वक व्यतीत हुआ ? गुरुने कहा वैसा ही है। आपकी सयमयात्रा ? गुरु सामने से पूछते है। 'तुब्भं पि वट्टए' आपको भी वैसा हो है न ? फिरसे शिष्य पूछता है। इन्द्रियोने—नोइन्द्रियो मे (मन) से क्या आप अबाधित है न ? वैसे ही है।

अब प्रक्रिया शुरू होती है। आवश्यक क्रियामें चरण-सित्तरी-करण सित्तरी मे जो अतिचार लगे हो इससे शिष्य पीछे हट जाता है। दिन मे गुरु सम्बन्धी ३३ आशातनाओ मे जो कुछ हुआ हो उस प्रतिक्रमता है। निन्दता है। गरहता है। निन्दा आत्मसाक्षि की—गर्हा गुरु साक्षि मे।

३० आलोचना सूत्र –

रात या दिन सम्बन्धि-कायिक वाचिक-मानसिक दोषों का मिथ्याकार।

३१. सात लक्ष :–

८४ लक्ष जीवयोनि मे जिस किसी को स्वयं मारा हो, या दूसरों के द्वारा हत्या करायी हो, या हत्या करने वाले को अच्छा माना हो उसका मिथ्याकार ।

३२ अठारह पापस्थानक :–

अठारह पापस्थानकोमें मे जो पाप का सेवन किया हो अन्य द्वारा सेवन करवाया हो, सेवन करने वाले को अच्छा माना हो, उसका मिथ्याकार । वही पापसे पीछे हठ जाता है । 'आत्मा' ।

३३. सव्वस्सवि :–

प्रथम के प्रतिक्रमण स्थापन सूत्र के अर्थानुसार गुरुका आदेश मांगने में आता है ।

३४. वंदित्तु :–

सारे श्रावक आचार का वर्णन है । भूल का पश्चाताप है । बारह व्रतों का व्रतों मे लगता अतिचार महों का स्पष्टीकरण है । वंदित्तु सव्वसिद्धेसे प्रारंभ किया, अजायबी का काम किया है । सारे धर्मकर्तव्य का लक्ष्य–ध्येय सिद्धावस्था है । वह स्पष्ट बता दिया है ।

ज्ञान–दर्शन–चारित्र्य ये तीनों का बना हुआ मोक्षमार्ग है । यह बात दूसरी गाथा में स्पष्ट की गई है । गृहस्थावास पापयुक्त बहुत आरभोसे हिंसात्मक कार्यों से भरा है । तीसरी गाथा का यह ध्वनि है । चौथी गाथा में अप्रशस्त कषाय और रागद्वेष पाप बंध के कादण है । उसी का वर्णन है । छठवीं गाथामें सम्यक्त्व के अतिचारों की आलोचना है । कुलिंगीका

परिचय मात्र निषेध है। सातवीं में स्व के लिए परके लिए या उभय के लिए भोजन बनाना पडता है। उसी की निंदा की गई है।

ससार की कोई भी क्रिया चाहे इतनी जीवनम आवश्यक हो अपितु वह पाप क्रिया ही है। यह एक समझने के योग्य महत्त्वकी जरूरी बात है। आवश्यक है इसलिए पाप नहीं ऐसा नहीं समझना। इसके बिना किये नहीं चलना है। ऐसा करना पडता है।

यह एक अलग बात है। पाप क्रिया पाप ही है। नहीं तो गुडागीरी-लूट-खसोट करनेवाली व्यक्तियों को ये अच्छी लगती है। तो उन्हे क्या गुन्हा नहीं समझना चाहिए? जैन शासन कहता है, ८ वर्ष की उम्र के बाद ससार मे रहना पडना है यह धर्म की कठिनाई है। इस बात मे श्रद्धा रखनेवाला प्रत्येक क्षण डरता रहे उस मे क्या आश्चर्य? साधुत्व का तलसाट जीवत रहे न? उस मे क्या आश्चर्य है?

बाद मे बाह्य ग्रन्थों मे अतिचारों की आलोचना है। उस मे प्रशस्त-अप्रशस्त के भेद किये है। 'अप्पसत्थेहिं' शब्द है। ससार के स्वार्थ के लिए जो किसी दोष का सेवन किया है उसी की आलोचना है। धर्मकार्य मे इसरके आत्मकल्याण की आलोचना मे विवेकबुद्धि से शास्त्रीय मर्यादा मे रहकर-गृहस्थ प्रायोग्य कीये हुए कर्म की आलोचना नहीं है। किसी साधी स्त्री के शील की रक्षा के लिए गृहस्थों को क्रोध या हिंसा भी करनी पडे न? इस मे भी माया-रीति-प्रशसा की भावना न होनी चाहिए। रहस्यपूर्ण बात है। धर्म सूक्ष्म बुद्धि की विचारधारा की अपेक्षा रखता ही है।

सुहिएसु-दुहिएसु गाथा में अनुकंपादान भी रागद्वेष की वृत्ति को छोडकर करने के लिए सूचन आकर्षक रीति से दिया गया है। वैसी ही चरणकरण युक्त साधु-महात्माओं को, साधन होने पर भी नहि प्रतिलाभ में भी दोप बताया गया है। यह सचमुच कर्तव्य की सीधी सूझ करवाता है। यह लोक या परलोकका फल धर्म करके, पाने की इच्छा नही करना। तो फिर मॉगने की तो वात ही कहॉ ? सुख में लम्वे समय तक जीन्दा रहने की इच्छा। दुःख में मृत्यु की इच्छा कामोपभोगो की इच्छा नही करनी चाहिए।

सम्मदिट्ठिजीवो—गाथा मे सुन्दर स्पष्टता की गई है। ससार मे गृहस्थआश्रम मे रहे हुए आत्मा को विना इच्छा पाप करना पडता है। परंतु उसी का पाप-वंधन-शिथिल और कमजोर मालूम होता है। क्यो कि दिल में क्रूर परिणाम नहीं है। परंतु कोमलता मृदु है। जिस की दृष्टि सच्ची बन गइ है, वे ऐसे ही होते है। देह और आत्मा के भेद समजनेवाले पाप से दूर ही रहने के लिये प्रयत्न करे।

पाप ही शाप है। पाप ही दुःख और पीड़ा है। परको पीडा उत्पन्न करना ही पाप है। ससार से मुक्ति पावे और मुकित मिले, वही ध्येय है। इस के लिए ही प्रयत्न। प्रयत्न भी जिन आज्ञाके अनुसार। रागद्वेष सर्जित आठें कर्मों को आलोचना और निदासे नष्ट करता है। जिस तरह पेटके विषको वैद्य मंत्रो से नष्ट कर देता है।

चिरसचित पापो का नाश करने वाली, लक्ष भवों को रूकावट डालनेवाली २४ जिनेश्वर देवोमे से प्रटक हूओ कथाओंमें मेरे दिन व्यतीत हों। कैसी सुन्दर भावना !

प्रतिक्रमण किस लिए ?

१ जिसकी न करने की फरमाइस की गई हो वैसे कृत्य किये गये हो इसलिए।

२ करने योग्य कर्तव्योका पालन न किया हो इसलिए

३ जिनेश्वरोके वचनो म अश्रद्धा की हो इसलिए।

४ जिनेश्वर सवज्ञ देवो के वचनोसे विपरीत उपदेश किया हो इसके लिए। ये चारो से बचे वे चारो मे न भ्रमित हो। सदाचार इनके विचारमे आवे। भाग्य का चार भी ऊँचे बने।

अन्तमे सर्व जीवो की क्षमापना करते है। सर्व जीवो की क्षमा याचना मागते है। सर्व जीवो के प्रति मैत्रीभाव धारण करते हैं। वैर कलह को भूल जाते हैं। मन-वचन कायामे प्रतिक्रमण करते हुए—पापो से पीछे हठ करते हुए पवित्र हुए आत्माएँ २४ जिनेश्वरो को वन्दना करते है।

३५. अब्भुट्ठिओमि :–

गुरुखामणा सूत्र ! विनय विवेककी बडी उच्च भूमिका। खान-पान-वैयावच्च-भक्ति-आलाप-सलाप-उच्चासन-समानन, बीच मे बोलने से जो कुछ अविनय किया हो, गुरु को ज्ञान है, शिष्य को ज्ञान नहीं है। उस का मिथ्या दुष्कृत दिया जाता है।

३६ आयरिअउवज्झाए –

आचार्य-उपाध्याय-शिष्य-सार्धमिक-कुल गुणो के साथ किये हुए कषायोकी क्षमा याचन होती है। गरल श्री श्रमण

बिना क्रिया के ज्ञान नही । "सम्यग ज्ञानक्रियाभ्याम् मोक्ष" ज्ञान क्रिया की ज्योति ही है । क्रिया ज्ञानका रक्षक है । पोपक तत्त्व है । चौदवे स्थान पर निष्क्रिय बनेगा । बादमे किसी भी योगम नही । क्रिया नही । निष्क्रिय बननमे भी क्रियाएँ अति आवश्यक है ।

१२७ "क्या सिर्फ अकेला ध्यान नहीं चलेगा ?"

कैवल्य ज्ञान प्राप्त करने के लिए ही ध्यान आवश्यक है न ? धर्मध्यान शुकलध्यान ,दो, शास्त्रोने बताये हैं । और उन शास्त्रोने ध्यान की सभी भूमिकाएँ बतलाई हैं । केवल नाक दबाकर, पद्मासन लगाकर बैठ रहनेसे क्या ध्यान की प्राप्ति होगा ? मन-वचन काया का नियतन वही ही है प्राथमिक ध्यानकी भूमिका न ? वही है योगका प्रारभ ही न ? मन चचल भटकता फिरे और ध्यानकी बात कहाँ ? आलबनमे मनको स्थिर होने दो । बिना शुभ प्रवृत्ति के मनकी स्थिरता कहाँ ? शुद्ध आशयकी प्रवृत्ति, निवृत्ति ला सकेगी ।

लक्ष्मी का ही केवल ध्यान करते रहो, व्यापारके लिए जाना मत ? नौकरी की गुलामी भी मत करना । इसीमे भूखा रखने की बात ही कहा है ? यह तो सिर्फ कोरे ध्यान को आलम्बन देने की बात है । इसलिए सिर्फ कोरी ध्यान की बातोमे मोहविलसित न बनना । जिनदेव की आज्ञानुसार सब किये जाओ । ध्यान की भूमिका पर ध्यान स्वयम् आ पहुँचेगा । अनोखा आनद मिलेगा ।

देवाधिदेव चरम तीर्थपति भगवंत महावीर का ध्यान तो आश्चर्य जनक है न ? परिषह उपसर्ग सह लिये। कैसे भयंकर। अपितु अडिग रहे। तप साढे बारह वर्ष का। शिरको धुनादे वैसा। क्या है, वैसी शक्ति ? और पिछले भवोंकी रे नंदन राजर्षि के भवों की आराधना ? तप-सयम बिना शुद्ध आचरण के और आराधन के, ध्यान की वातें दंभमें और आत्माकी छलमें न परिणमे तो आत्मा का कल्याण।

१२८. "आज श्री तीर्थंकर देव कहाँ हैं ?"

वर्तमान कालमें पाँच महाविदेहों में २० तीर्थंकर भगवत चराचर विश्व को देखते, जानते, इस विराट विश्वभूमि पर विचर रहे है। प्रत्येक महा विदेहमे ३२ विजय। (१ विजय= करीब एक भरतक्षेत्र। होता है।) उनमें से चारोमें चार तीर्थंकर देवों का आज अस्तित्व है। अर्थात् पाँच महाविदेहोंमें २० जिनेश्वर देव महा ज्ञानका प्रकाश फैला रहे हैं। उक्त क्षेत्रमें सदैव चौथे आरे के भाव होते है। वहाँ धर्मका और तीर्थंकर देवों का विरह नहीं होता है।

उन बीस तीर्थंकर देवों के दो कोटी कैवल्य ज्ञानी महात्मा है। दो हजार कोटी साधु महात्मा आत्म साधना कर रहे हैं। अगर कोई उच्चकोटी के देव की सहाय या प्रसन्नता प्राप्त हो जाय तो, परमात्माके सदेह दर्शन आज भी कोई पुण्यशील आत्मा कर सके। इसलिये ही प्रत्येक सुबहमें प्रतिक्रमणमें सीमंधर स्वामीका चैत्यवंदन करते है। महामहोपाध्यायजी को तत्कालीन प्रवर्तमान परिस्थिति संघ की देखकर आघात पहुँचा है। श्री सीमधर स्वामीको १२५ गाथाओं के स्तवनमें प्रथमकी दो कलहों मे मार्मिक विनंती की है।

'स्वामी सीमंघरा विनती, सुनो मेरी देव रे।

श्री सीमंधर स्वामिने पुष्कलावती विजयमे जन्म पाया है। पिता श्रेयांस राजा, सत्य की रानी माता । १७ वाँ कुंथुनाथ और १८ वाँ अरनाथ भगवत के बीचके समय मे प्रभुश्रीका आविर्भाव हुआ है । २० वाँ श्री नमीनाथ भगवान के अतरमे प्रभुश्रीने सयम् लिया । आगामी चौवीसी के श्री उदय प्रभु और श्री पेढाल स्वामीके अतरमे सीमधर स्वामि सिद्धपद प्राप्त करेंगे ।

१२६ "भालतिलक की भव्यता"

पूजा करनेवाला भक्तजन अपने भाल पर तिलक करना है । केसर चदन मिश्रित केसरिया चाल्ला जैन की पहचान करावे अर्थात् जैन जिनकी आज्ञा और क्रियाओकी अडिग श्रद्धा रखता है, और शक्ति अनुसार पालन भी करता है ।

"तिलक करे तारक नाम का, जिन आज्ञा सिर पर धरे ।' यह, तो है, सर्वज्ञ भगवन्तको प्राप्त करने के लिए गौरवपूर्ण तिलक। यह गौरव तीनो गारवदोषो का नाशक है । अकार्य करते समय रुकावट करनेवाला पेहरगीर ।

परन्तु इसके अलावा भी गले, हृदय और नाभि पर, इस तरह तीनो स्थान पर, तिलक करना, पूजा करनेवाले के लिए आवश्कक है । बोलना-उच्चार करना जिनाज्ञाके अनुसार । व्यवहारमे दिल साफ है, ऐसा बोला जाता है। इसलिए दिलमे जिन आज्ञा धारण करना और श्रध्धा-धमप्रेम-तत्वज्ञान भी अधिक गहरे घोर नाभि मे स्थित हो जाना आवश्यक है ।

इस के सिवा, इसके पीछे, आत्म कल्याण के हेतुसे तन-मनके वैज्ञानिक प्रयोगोका तत्व भी बैठा हुआ है। पूर्व पुरुषोने

आयोजित की हुअी क्रियाओंमें पीछे गुप्त रहस्य भी भरा पडा है। जैसे कि पाटले पर बैठकर भोजन लेनेकी गृहस्थकी प्रक्रियामे, उनके आसन पर बैठने की साधु की प्रक्रियामें, ३-३॥ (साढे तीन) हाथ दूर द्रष्टि रखकर चलनेकी प्रक्रियामें स्वपर कल्याणकी सुदर रेखाअे अंकित हुई है।

१३० "आरती मंगल दीप"।

'अरतिको उतारती है आरती'। रति-अरति, आनंद-खेद के द्वन्द्वको दूर करनेके लिए श्री नाथकी आरती उतारते हैं। पाँच बत्तियोंका संकेत पाँचों ज्ञानकी प्राप्ति सूचित करता है। महद् अंशोमें, बोलनेकी आरतीकी पाँच कडियाँ होती हैं। आत्मा भक्तिमें सान भान भूल जाते हैं। तल्लीन बन जाते हैं। वाजित्रों-वाद्योंसे वातावरण शुध्ध बन जाता है। छोटे बच्चों पर सुकोमल संस्कार सिचन होता है। धर्मभावना जागृत होती है।

तीन जगतके नायका मंगल दीप है। कैवल्य ज्योति जग रही है नाथके आत्मामे। उसीका प्रकाश झिलना है, उपासकोंको। प्रकाशका प्रतीक है, शुध्ध घृतका दीपक। घी के दीपक और उसकी रोशनी स्वच्छ वातावरण और द्रव्यभाव स्वास्थ्यकी द्रष्टिसे अति जरुरी है।

'तीन जग दीपक नाथ, तू देना हमें साथ।'

१३१ "चामर ढालना"

यह है, एक सुखद राज प्रतीक देवेंद्र चामर दोनों ओर ढालते हैं। अपनेको कृतकृत्य मानते है। नृत्यके साथ चामर पूजा

अद्भुत रितिसे होती है । आज तो महत् अशोमे, चामर देखने भी योग्य नहीं होते है । अति नाटे श्याम और पीले बने हुए । क्या ? क्या भक्ति का भाव चला गया है इसलिये ? त्रिजगत्पतिके परमोपकार को नही पहचाना है, क्या इसलिए ? स्वच्छ सफेद जुईके फूल जैसे, श्वेत-विकसित । देखते ही आँखो को आकृष्ट करदे वैसे दो मूल्यवान चामर-जिनकी दोनो ओर काच जडित पेटी हो । सुन्दर चाँदी की जजीर, जो जरा लम्बी रसी हो । चामरो की देखभाली होनी चाहिये । मैले न होने पावे न इधर-उधर भक्त जन रख दे । देखते ही चामर झुलाने की इच्छा हो जाय ।

हे स्वामिन्, ठीक ऊपर से नीचे आकर नमते हुए चामर सचमुच जीवत बन गये हैं वैसे लगते हैं प्रेरणा दे रहे हैं । जो नाथ के भी नाथ को विश्वोद्धारक को विश्ववन्दनीय तीर्थ कर देवो को नमन करते है, वे शुद्ध भाव से परिपूर्ण आत्माएँ शीघ्र ही ऊर्ध्वगामी बनेगे । एक समय के काल में सिद्धशिला आवास करेंगे । तीनो जगत मे आत्मा की सुगध का फैलाव करेगे ।

१३२ "श्री जिनेश्वर देवों के पाँच कल्याणक ।"

कल्याणक शब्द, बहुत गहरा हेतुपुरस्स का है । वहाँ आधुनिक 'नव्य' शब्द योजित नही हो सकता है । तीनो जगत का कल्याण करने का अद्भुत सामर्थ्य, जिन-तीर्थंकरो में ही होता है । वही शक्ति तीर्थ कर के भव से पिछले तीसरे भव मे आविर्भूत हो जाती है । मस्तक कपने लगे ऐसी उत्कृष्ट धर्म-आराधन से । उक्त आराधना देवलोक में भी महा-वैराग्यवान रखती है । कदाचित् कवचित् नरक गामी हो जाय, तो भी उच्च कोटी का प्रशम अनुभवता है ।

(१) देवलोक में से च्यवे तो भी, नन्दीश्वर दीप में 'कल्याणक' आराधना अठ्ठाई महोत्सव भी देव करते हैं। क्यों कि तीन जगत के सुयोग्य आत्मा के उद्धारक, माता की कुक्षी में पधारे और तीर्थंकर की हैसियत से चौदह बड़े स्वप्न माता देखती है। इसलिए ही च्यवन से ही तीर्थंकर देवो के तीर्थंकरत्व की पूजा देव गुरु ही कर देते है।

(२) स्वामि जन्म लेते है। ५६ दिग्कुमारी शुचिकर्म करे। उस वक्त, बडे शान–शौकत से, सोत्साह ६४ इन्द्र मेरु गिरि पर हाजिर हो जाते है।

प्रथम देव लोक के इन्द्र, बाल प्रभु को लेकर मेरु पर जाते है। भक्तिपूर्ण हृदय पाँचरुप धारण करता है। छत्र स्वयम् रखते हैं। दोनो ओर स्वयम् चामर ढालते है। स्वयम् आगे वज्र उछालते है। हृदय के पास, दोनों हाथो में रखकर प्रभुश्री को धारण स्वयम् करते है। अभिषेक महोत्सव याने स्नात्र महोत्सव—रत्न—स्वस्तिक रत्न—आरती—मंगलदीप—नमुत्थुणं– शक्रस्तव। देवों का हर्षनाद—नृत्य—दौडधूप। आनंदकी कोई सीमा—छोर नहीं।

फिरसे इन्द्र प्रभुजीको माताके पास रख दे। रत्न–गेंद और दुकूल वस्त्र युगल। रक्षा घोषणा—नंदीश्वरद्वीप में अट्ठाई महोत्सव। सब कुछ सत्य से पूर्ण। महापुण्य का प्राकृतिक फल। बिलकुल आश्चर्य नहीं। अतिशयोक्ति भी नहीं। कितना लिखा जा सके।

(३) प्रभुजी के दीक्षा समय को एक वर्षकी अवधि शेष है। लोकांतिक देव, हर्षपूर्वक आकृष्ट होने से आते है, विनति श्री नाथसे करते है। तीथ प्रर्वतावोजी। हे नाथ! जगत्

उध्धार के लिए संयम अवसर यह समझो जो। अवधिज्ञानी प्रभुश्रीतो जानते ही हैं। परन्तु अपना शुभ आचार देव कैसे भूल जावे।

वर्षीदान बारह-बारह मास तक सुवर्ण-सिक्के। अच्छे, वजनदार और घट्टा। ऊपर नाम, उपकारी माता पिताके। कोई भी ले जाँय-ले जाँय। ३८८ कोटी उपर अेंसी लाख के दीनारका दान। सब त्याग। देवेन्द्रोने पालकी उठाई है। शोभायात्रा!। अशोकादि वृक्षके नीचे पचमुष्टि लोच महा भीष्म प्रतिज्ञा। "करेमि सामाइअ," । देवेन्द्र की शांति के लिए घोषणा।

४ अनेक परिसह—उपसर्गो, समतासे पूर्णध्यान, राग-द्वेप का सम्पूर्ण नाश। मोहकी कायमी विदाय। तेरमा गुणस्थानक सर्वतोमुखी सपूर्ण ज्ञान। ६४ इन्द्रोका आगमन समवसरणकी रचना, शासन स्थापना, चतुर्विध सघ व्यवस्था चतुर्मुख उपदेश दो धर्मका चार प्रकारका उपदेश वि वि

५ राजा-महाराजा, नगरशेठ, उपदेश, सुणे, जाग्रत होवे खडा होवे, सयम स्वीकारे।

देशविरतिधर बने। सम्यक्त्वका उच्चारण करे श्री प्रभु मुखसे मार्गानु सारी-सत्य नीति-प्रामाणिकता जीवनमें लाते है। जगत् उद्धारक आयुष्य पूर्ण होने पर, आखरी जन्म समाप्त करते हैं। अजन्मा बनकर सिद्धि स्थान पर अनत अव्याबाध सुखके भोक्ता बनते हैं। धन्य स्वामि ?

पाँचो कल्याणकके, देव नदीश्वर द्वीपमे मनाते हैं। विद्याधर वैताढ्य के, भी नदीश्वर उत्सव मे मनाते सम्मिलित होते हैं। मनुष्य अपने अपने गावमें नग मे देवालयोमें या स्वगृहोमें मनाते है। आज भी पाचो कल्याणको की यत् किंचित् विधि ऐहमेशावादमे सुरक्षित रही है। पाँचो कल्याणको की रथयात्रा निकलती है।

कल्याणकों के दिन पर दर्शन-पूजन-महापूजन-जप-तप-त्याग इत्यादि द्वारा मुक्तिमार्गकी आराधना आज भी होती है।

आराधता कल्याणक पांच, प्राप्त करे भव पार ।"

कल्याणक इनकी रीति के अनुसार मनाते हैं। शास्त्रोंमें उनकी रीति बतलाई गई हैं। उलटी रीति धर्म से च्युत कर देनेवाली है। वह धर्म ध्वंसक, शास्त्र को हत-प्रहत करने की रीति है। युक्ति-प्रयुक्ति है। आत्म कल्याण करे "कल्याणक"।

१३३. "चौदह स्वप्नोंका रहस्य"।

प्रत्येक तीर्थंकर की माता प्रभुजीके आत्मा को गर्भस्थ बनते समय चौदह स्वप्न देखती है। आनेवाले महान् आत्मा के सर्वोत्तम गुणों की आगाही है। पुण्य प्रकर्ष की प्रकृति सर्जित चिह्न निशानी है।

(१) ऊँचा सफेद हाथी :-

चार दांत चतुर्विध धर्म कहेगे। ऐसा सूचित करता है। मोह के बडे किले पर निडर बनकर दौडनेवाले है। चार गतियोंका स्व पर के लिए अंतक बनेंगे।

(२) सुरूप वृषभ :-

सयमका बोझ वहन करेंगे। भरतक्षेत्रमें भव्य जीवों के दिलमे बोधिबीज बोएँगे। उन्नत ककुद प्रभुश्री के उच्च-गोत्र-वंश को सूचित करता है।

(३) शेर (सिंह) :-

भव्य जीवोंका रक्षक बनेंगे। कुतीर्थिक रुप हिंसक पशुओंसे। परिषह रुप हस्तिको चीर डालने वाले। किसीकी भी मदद नहीं। बिलकुल डर नहीं।

(४) लक्ष्मीदेवी :-

वार्षिक दान देगे। जिनपदरुप लक्ष्मीजी को वरेंगे लक्ष्मी

चचला, चपला, होती है । ईसी को भी कीर्तिस्थानमें स्थिर बना दी ।

(५) पुष्पमाला :–

त्रिभुवन के लोग प्रभुश्री की आज्ञा शिरोधार्य करेंगे । सारा जगत यशकी सौगधसे सुवासित वन जायगा । '

(६) चद्र '–

प्रभु के सहचार्यसे सब कोई अकलंकित दशा प्राप्त करे, चद्र को भी निष्कलक बनने का मन होता है न। भविकुमुद प्रभुश्री के दर्शन मात्रसे ही विकसित होते हैं ?

(७) सूर्य –

अधकार को दूर करनेवाला । श्री नाथ अज्ञान को दूर कर फेंक देते हैं । सूय से कमल विकसित होते हैं । भव्यात्माएँ भगवत कृपामे खिल उठे । प्रभुश्री के पास प्रतिदिन प्रकाशित सूर्य भी घूधला वन जाता है ।

(८) ध्वज '-

प्रभु श्री कुलके ध्वज । कैवल्यज्ञानके वाद धर्मध्वज इन्द्रध्वज आगे ही आगे वढता रहेगा । ध्वज भी सूचित करता है कि त्रिभुवनमे सव श्रेष्ठ महन्त यह एक ही है ।

(९) कुंभ –

रत्नत्रयी का वना हुआ महाप्रासाद । इस के कुभ-कलश -शिखर महाप्रभुश्री हैं ।

(१०) पद्मसरोवर '–

नव कमल-सुन्दर-सुहावना-मृदु नवनीत जैसे, सुवर्ण के देव रचते हैं । उन पर पाद रखकर मगल प्रस्थान होता रहेगा। ज्ञान-जल-कैवल्यज्ञान के तीर पर ही कमल ताजे ही देखते होगे न ?

(११) क्षीरसमुद्र :-

गुण रत्न गभीर प्रभुश्री । क्षीर समुद्र जैसे मिष्ट स्वभाव वाले, प्रभुश्री का अभिषेक स्वनीर से हो ऐसा समुद्र चाहता है।

(१२) विमान :—

चारों निकाय के देव प्रभुजी की सेवा करेंगे ।

(१२) रत्नराशी :—

वार्पिक दानमें ढेर के ढेर दान मे देगे । देवरचित तीनों गढ पर बैठकर स्वामीश्री देशना देगे ।

(१३) निर्धूम अग्नि :—

कर्मरुप काष्ठोको भस्म कर देगे । स्वामीका आत्मा कर्म रहित शुद्ध कचन जैसा बनेगा । वहुत भव्यों को शुद्ध बनाअेगे । प्रशम में क्या कभी धूम होता है ? नही होता है सचमुच ।

चौदह स्वप्नोंका एकत्रित फल—स्वामि चौदह राजलोक पर सिद्धशिला के स्थान पर बैठगे । चौदह स्वप्न विशद गुण लक्षण युक्त और तेजस्वी होते है । ऐसे नाथ के श्री नाथजी की बराबरी करना, वह है सिर्फ बालिशता न ? आज्ञा पालक ही सार्थक बनेगा न ?

१३४ 'प्रभुजी गृहस्थ जीवन कैसा व्यतीत करें ?

कर्म की गति अद्‌भुत है । तीर्थंकर देवों को भी शेष बचे हुए कर्मो को उदासीन भाव से भी भोक्तव्य कर्म भुगना पडता है । इसलिए पुण्य भी एक प्रकार की संसार की जजीर है । भगवन्त ऋषभदेवजी से इन्द्र प्रार्थना करते हैं, हे नाथ, व्याह कर्म-विधि करने का यह हमारा कल्प है, प्रथम

तीर्थंकर के लिए। स्वामि का मुखारविंद म्लान बन जाता है। दृष्टि नीचे गड जाती है। मन मे कर्म सत्ता के विचारो का मण्डल बन जाता है। हम तीर्थकर बनेंगे, इसी ही भव में। अवधिज्ञान साथमे लेकर आते तब भी ये अशुचि भोग हमे घसीरते ही रहें ? भोगावली कर्म भी बडे जोरदार !

मौन मे सम्मति मनाई। लग्न क्रिया समाप्त हुई। परतु प्रभुजी का वैराग्य बढता ही जाता है। देह भोगोपभोग मे आ जाता हैं। दाक्षिण्य से कतिनय बन विहारादि क्रियाएँ होती रहती हैं। परन्तु मन वैराग्य से तरबतर हो रहता है। समय की राह देखने हैं। समय पर त्याग वही है ध्येय।

ऐसे प्रभुजी औचित्य की दृष्टि से, ससार व्यवहार-सगे सबधीओ के साथ सबध का पालन भी करे। ६४ कलाएँ पुरुषो की ७२ कलाएं स्त्रियो की सीखाये। वह तो है ही अपेक्षाकृत धर्म-प्रवर्तक औचित्य की आचरण कला न ? प्रथम तीर्थकर धर्मशासन प्रवर्तावें। उसके पहले अनभिज्ञ लोगो को औचित्य व्यवहार भी समझाना पडता है न ? नहीं तो भीतर क्लेश ककाश कर बैठें और मर भी जावें। क्लेश-द्वेष के बधन के कारण दुर्गति में भी जाय। इसलिए तीर्थकरो के औचित्य से बनते हुए कार्यों को उपादेय के समान बलात्कार पूर्वक मान लेना नही चाहिये।

भगवत श्री महावीर देव ने गर्भ मे अभिग्रह धारण किया—माता पिता की भक्ति के कारण, परन्तु इस के पीछे औचित्य पालन और अनौचित्य परिहार सुझाऐ कार्यों की शिथिल परिस्थिति इत्यादि। बातें क्या विचारणीय नही है क्या ? अनुकरण न होने पर भी औचित्याचरण करना ही हो,

तो प्रतिज्ञा करो कि माता पिता के स्वर्गस्थ होने के बाद, तुरन्त ही संयम लिया जाय। क्या कैसा है अनुकरण ? आगे का अनुकरण साढे बारह साल का कठिन घोर तप और ध्यान। प्रारम्भ में ही वर्षीदान, ये बाते भूल जाने ही दीजिये। शक्ति के बाहर की बात कहोगे। वसा ही बनता है। प्रभुश्री का जीवन, ज्ञान-जीवन उपयोगात्मक उच्च कोटी का वैराग्यशील जीवन है।

१३५ "प्रभुश्री का दीक्षित छद्मस्थ जीवन।"

दीक्षा के बाद प्रभुश्री परिषह उपसर्ग सहन करते हुए ध्यानस्थ रहे। पलांठी लगाकर या जधा जमीन पर टेक कर बैठते नही। खडे कायोत्सर्ग मुद्रा में रहे। गाय दोहन की क्रिया के तरह उत्कट आसन रहे। कैवल्यज्ञान की प्राप्ति तक खडा रहे। निद्रा भी कभी कभी परेशान करती रहे। बारह वर्ष का छद्मस्थ काल श्री महावीर का २ घटी का पर्यन्त का सिर्फ काल आयी हुई निद्रा का। प्राय: हमेशा मौन सर्वथा। प्रभु श्री ऋषभदेवजी स्वामि का एक हजार वर्ष का छद्मस्थकाल। एक अहोरात्री का समय निद्राका भिक्षा में भी कोई समझता भी नही है। चार हजार साथी, तापस बन बैठे। परन्तु प्रभुश्री भिक्षा विधि बताते नहीं है। परोक्षरीति से भी भिक्षा मार्ग किसी को भी समझाते भी नहीं है। चाहे, मास के पीछे मास बीतते चले। अन्तमें तेरह माह बनते चले।

वडोंका संकेत बडे पहचान सकते है। अरव के अरब वर्ष बीत गये। परन्तु वर्षी तप सूर्य के समान तपता ही रहा। एकांतर एकासना अगर बेसना करके। परन्तु ये उदाहरण और प्रतीक तो

हैं, श्री नायके तपका न ? लब्धी भी कैसी ? चाहे इतना आहार-पानी हो, सिर्फ अजली मे समा जाय । शीखा हो जाय । परन्तु एक कण या विन्दु नीचे न गिरने पाये । अपितु विषम कालकी विषमताको पहचान कर भगवन्त महावीरने सपात्र धर्म स्थापित किया है ? शास्त्र ही मार्गदर्शक बन सकता है । मुँहके गप्पे नही । गलत अर्थघटन भी नही । पूर्वापर सम्बन्ध रखते हुए आत्माका हिताहित सोचकर अथका विधान होता है ।

चार ज्ञानोके मालिकके जीवनको, जीवोको इच्छाके अनुसार अर्थ करने वाले महा गुनहगार बनेगे । परम प्रभुश्रीके मार्गके, आगम ज्ञानके, प्रकृति तन्त्रके, शुद्व सही गणितके उलटा अर्थ करनेवालोको सख्त नसीहत भुगनेके लिए तैयार ही रहना पडेगा । नर्क नही है या अष्टमी भी नही है । बोलनेवालोंको वहाँ ही सब प्रकारकी समझ पडेगी ।

१३६ श्री तीर्थंकर देवोका उपकारक आचरण

मुनीसुव्रत स्वामी घोडेको बोध देने के लिए सारी रातमें योजन के योजन काटके पधारे । भगवन्त महावीर रात ही रातमें अपापापुरी पधारे । उनके लिए कोई आगमकी मर्यादा नही होती है । अरे ! स्वामिकी आज्ञाके मर्मको पहचानने वाले आगम विहारी श्री वज्रस्वामि भी विद्याका उपयोग शासन प्रभावना के लिए करे । शासन प्रभावनाका अर्थ ? आत्माओको शुद्ध —सनातन—सन्मार्ग पर ले चलनेका न ? मुक्तिपथकी ओर अग्रसर ही कराना न ?

भगवन्त महावीर किसीको भी नही । राजा श्रेणिक जैसा परम भक्त को भी नही, परन्तु एक श्राविका सुलसाको

"धर्मलाभ" कहलाते हैं। ७०० शिष्य के अधिपति अंबड तापस के साथ। इसके पीछे, अभी श्रावक बने हुए, अंबड को दृढ करने की भावना होगी न ? और वही श्राविकाका श्रद्धा धन कितना उज्जवल ? क्या उसकी दृढताको इन्द्र भी परास्त कर सके ?

महाज्ञानीओं का गर्भित आशय भी समझ में नहि आ सकते हैं। फिर कवल्यज्ञान के मालिक की तो बात ही कहाँ ? चराचर विश्व को हस्त-जल को भाँति, निर्मल दृष्टि से देखते श्री तीर्थंकर देवों की वात ही क्या करें।

१३७ 'आगम वाचन के लिए बंधन क्यों ?"

वन्धन तो हित के लिए ही होता है न ? चोट पहुँचे हुए पैर को मलम पट्टी अच्छी न ? भगे हुए हस्त को गले में झोली अच्छी न ? भयकर खूनी को लोहे की जंजीर जनहित के लिए ही न ? जानवर के लिए क्या खूंटा अच्छा न ? शाम के समय खुंटे पर आनेवाले को घास-चारा पानी मिले न ?

नौकरी में वन्धन ? व्यापार में भी नियमों का वन्धन ? डोकटर वनने के लिए डिग्री का बन्धन ? पर राज्य में जाने के लिए परमीट का बन्धन ? बस जहाँ देखो वहाँ बन्धन ही वन्धन ?

क्या न चाहिये सिर्फ धर्म में ही बंधन ? क्या न चाहिये बंधन आगम वाचन में ?

दवाइयाँ डॉकटर के प्रीस्क्रिप्शन के अनुसार ! हक-दावा अरजी वकील की सलाह के अनुसार। मालीश-उस्ताद

की आज्ञा के अनुसार। कुस्ती मल्ल की सूचना के अनुसार। क्या सिफ धर्म मे ही गुरु आज्ञा की आवश्यकता ही नहीं। शास्त्र आज्ञा मानना ही नही, "वहाँ अच्छी चीज सबो, के लिए" की मूर्ख की वडबडाट सक्कर जैसी मीठी लगती है। अगर खाने दीजिये टाईफोड के दर्दीको। क्या परिणाम होगा ? नीबू गुणप्रद है, परन्तु दीजिये फुले हुये दर्दी को ? क्या होगा ? मिठाई अच्छी है, अपितु दीजिये बुखार के दर्दी को ? क्या होगा ? सन्नीपात। बुखार बढ जाने से सन्निपात हो जायगा।

वस ! आज चारो ओर सन्निपात हो गया है। बिना अधिकार के अभ्यासके कारण। बिना गुरु के दिशासूचन, चाहे जैसा हो, चाहे जमो पढते का भी हो, अपितु उसमे से उद्भव होगा सिर्फ बडबडाहट का उत्पात का ही। यह है सिर्फ पागलपन का चिह्न, केवल आत्मा की पागलता। त्रिकाल-दर्शी सर्वज्ञ भगवंतो के शुद्ध सिद्धांतो का अपलाप। कहाँ तकता ? सर्वज्ञ नही है, सर्वज्ञ नही हो ही सकता।

अगर सर्वज्ञ होगा, तो अबके पीछे के कालमें। धर्मास्ति-काय नही है। अधर्मास्ति काय नही है। जबकि सापन्स इधर के गहरे धर्मा की वार्ते कर रहा है। 'महाविदेह' भी नहीं है। शास्त्रमे सब गप्पे। आजके जमानेमे अंधश्रद्धा का हमारा अघापा ही सच्चा। गप्पे सही हैं, तद्दन सही बातें सच्ची नही। ए अनधिकृत आगम पठनका मारक-घातक-भेदक

फल । यह है, आजके शब्द पंडितों की पागलपनसे भरी पंडिताई ।

सही बात जरा समझ लें । साधुजन आपकी कक्षाके अनुसार आपको सब कुछ समझानेके लिए तैयार हैं । ४५ आगम समूह समझाने के लिए तैयार है । उत्साह भरे हैं । पात्र आत्मानंद अनुभवते है । परन्तु, ना, हम तो अपनी रीतिसे ही पढेंगे । मन मोजीला उडांग उटाँग–उल्टा अर्थ निकालेंगे-लोगोकी श्रद्धा तोडनेके लिए यत्न करते रहेंगे, उनके गलत पथ पर ले जायेंगे । युगका विष पान कराअेंगे, दुर्गतिमें जायेंगे अपने साथ बहुतोंको भी ले चलेंगे ।

नहीं तो आत्मा और पुद्गल । चेतन और जड । चेतन पर जड़ की तीव्र पकड । उसीमेंसे छुटकारा पानेका सन्मार्ग । सन्मार्ग पर जाने के वाहक–साधक वाहन–साधन उनके प्ररुपक सर्वज्ञ–भगवंत–मार्ग प्रचारक अतिशयज्ञानी गणधरादि सूरि पुरदर ! मार्गस्थ महात्मा उन सबोकी हँसी–मजाक अभावजनक शब्दोका भी उच्चारण भी हो सके ? निःस्वार्थता मानकीर्तिका अभाव । सिर्फ जन कल्याण की शुद्ध भावना । ऐसे उच्च गुणों के मालिक । जिसमें, 'ना' कही उसमें एकांत हित, ऐसा क्यो न माना जाय ?

आगमों में से, उद्धरे हुए विवेचन युक्त प्रकरण ग्रथ, तैयार है । क्या पढने चाहते हैं ? रे ! यह तो है सद्गुरुजी को हलकी कोटीमें ले जाने की युक्ति, अज्ञानीजनोंमें ! जीवविचार या नव तत्त्वोंका सामान्य अभ्यास भी नहीं करना चाहता है । ठीक । सद्बुद्धि प्राप्त करो ऐसे जीव, और आ जाओ सन्मार्ग पर ।

सूर्यका प्रकाश अंधेरेको दूर करता है। समझ पूर्वकका ज्ञान अज्ञानको नाश करता है। शिक्षा या ने उत्थानकी सीढी। यह सीढी सडे हुए वांस (बम्बूकी) न होनी चाहिये। शिक्षा आत्माको अधो पथ पर लेनेवाली तो नही होनी चाहिये। क्या ऐसी शिक्षा शिक्षा कही जा सकती है? जिससे आत्मा या समाजका पतन होता है, वह तो केवल अंधकार-अज्ञान। अंधकारको प्रकाश नही कहा जा सकता। यह तो राग-द्वेष और मोहमें बडे जोरोंके साथ लपेट जाओगे। इस महा अंधकार अज्ञानको कोई चतुर जन शिक्षा न कहेंगे अगर वह कहे, तो प्रथम नंबरका मुर्ख कहा जा सकता है।

इसलिए शिक्षा माने नम्रता। आटेकी कणक जैसी पानी से नम्र बनाती है। वैसे रोटी नम्र मुलायम बनेगी और मधुर बन पायेगी। वैसे ही बालक या युवक जैसे जैसे शिक्षा अधिक से अधिक लेते चले, वैसे ही वैसे उनमें सरलता, नम्रता और विवेकपूर्ण मधुर बाणीका भण्डार पूर्ण बनता रहेगा। नागरिकताका पूर्ण आदर्श बनेगा। परको सहायक, गरीबोंको सहायक, दीन-दुःखियोके प्रति दयालु बनेगा ही। आर्य संस्कृति तों उसके दिलमें होगी ही। आर्य संस्कृति समझना हो, तो उसको दृष्टांत के रुपमें प्रतीक समझना।

ऐसी शिक्षाका विरोध साधु न करे। साधु या ने समाजका कल्याण चिन्तक! साधु माने शुद्ध तारक बुद्धिका प्रवंतक। साधु चरणों में वन्दना!

विभाग ५ वाँ

१३६. "जैन शासनका साहित्य"।

साहित्यका अर्थ होता है 'साधन'। यह अर्थोमे पुस्तकों को भी साहित्य कहते है। आत्माका मुख्य गुण ज्ञान है। ज्ञान के साधनमे पुस्तके सम्मिलत हो जाता हैं। इसलिए पुस्तके, पोथियाँ, ये भी साधन हैं। परन्तु यदि वे आत्माके ज्ञान—गुण को विकास करने वाले हो तो। यह ग्रहण करने योग्य है यह कार्य नही करना चाहिए। ऐसा विवेक उत्पन्न करने वाला ही ज्ञान है। और शेष सभी मिथ्या ज्ञान है। आत्मा को डूबा देनेवाला ज्ञान।

श्री जैन शासनमे ज्ञानग्रन्थ विपुल प्रमाणमे भरे पडे हैं। ४५ आगम तो हैं ही। हस्तलिखित और छपे हुए। सुवर्ण स्याहीसे रौप्य स्याही से भी लिखित है। निर्युकित ग्रन्थ भी वैसे ही आलेखित हुए प्राप्त हैं। भाष्य तो लाखो श्लोको अधिक से अधिक प्रमाण मे उपलब्ध हैं। चूर्णिकाएँ भी हाजिर हैं। सटिक ग्रन्थ—आगमके भावोको स्पष्ट करते, बहुत है।

इस के अलावा व्याकरण-छन्द-चम्पू-गद्य पद्य-प्राचीन-न्याय नव्य न्याय का साहित्य बहुत विशाल और विशद है। लक्षणो के वडे विधानो सिर भी धूना ? वैसे सुरम्य ज्ञान गभीर हैं। जैनाचार्यो ने किसी भी विषय मे विद्वता पूर्ण महान ग्रन्थ लिखे हैं। दार्शनिक क्षेत्र मे भी छ दर्शनो की विशद समीक्षा कर के ज्ञान वताया है। ज्योतिष-यन्त्र-तन्त्र मे

भी कुछ भी छोड नही रखा है। विज्ञान-खगोल-आकाशी पदार्थो के पुस्तकों का भाँडार भरपूर है।

इन सबों के पीछे ध्येय सिर्फ ज्ञान प्राप्त कर के आत्मा को संसारमोह से पर बनाने का है। मुक्तिमार्ग का मुसाफिर बनाने का है। अजन्मा-अनन्त शांति का भोक्ता बनाने का है।

१४०. "श्री ज्ञान पंचमी पर्व।"

यह महा पर्व ज्ञान की आराधना का है। कार्तिक सुदी पचमी। द्रव्य से भक्ति करो। अष्ट प्रकारी आदि पूजा पढाने पर, रुपये मुहर—मोती हीरा इत्यादि भेट देकर भाव से पूजन कीजिये। नया ज्ञान प्राप्त करने का संकल्प कर के पूजन करो। साधु—साध्वीजी, सार्धमिकों को धार्मिक अभ्यास की अनुकूलता कर दीजिये। जो कुछ साधन चाहिये हाजिर कर दीजिये। आगम—पुस्तके लिखवा कर सुयोग्य स्थल में सुरक्षित कीजिये।

१४१ "श्री मौन एकादशी पर्व"

मागशीर्ष सूदी ११। १५० कल्याणकना महापर्व। अविरत श्री कृष्ण वासुदेवने भी आराधन किया था। श्री सुव्रतसेठ सुश्रावककी आराधना अद्‌भुत है। त्याग वैराग्यकी बोछारोंसे पूर्ण यह कथा साहित्यका अंग बन चुका है। उपवास-पौषध —मौन—१५० नोकारवाली आदिकी आराधना आत्मतारक और मनोरम्य भी है।

१४२ "श्री पोष दशमी पर्व"

मागशीर्ष वदी १० (मारवाडी पोष वदी १०) श्री पार्श्वनाथ भगवंतका जन्म कल्याण व्यापक पर्व है। ६

तीन एकासणा । ९ मे सिर्फ सक्करका जल पीना । १० में खीरका एकासणा ११ मे पूर्ण भोजन । प्रथम दो प्रायः ठाम चोवीहार २० नोकारवाली सुबह-शाम प्रतिक्रमण तो किसी भी आराधनामे होगा ही न ?

१४३ 'श्री मेरुतेरस" ।

पोष वदी १३ हमारे इस कालके आदि बाबा श्री आदीश्वरजी दादाने उस दिन पर निर्वाण पद प्राप्त किया । उस दिन पर देरासरो मे मेरुपर्वत का प्रतीक रखा जाता है । आयबिल एकासणासे आराधन होता है ।

१४४ । "श्री अक्षय तृतीया" ।

जैन शासनमें जगप्रसिद्ध त्योहार १३ माह के उपरातका, एक दिन के बाद उपवास । ऐसे दीर्घ तपका पारणा बडे हिस्से मे पालीतानेमे करते है । गन्ने के रससे वैशाखकी सुदी ३ के दिन पर । आखरी दिनोंमे २ ३ ४ ८ आदि उपवास करते हैं । तारक गिरिराज पर चढे । भावना बढे । कर्म पीछे हठ करते जांय । श्री आदीश्वरदादाकी आराधना करे, मोह-राजा कम्पे । आत्मानदका सगीत गु जन हो जाय ।

कनई श्रद्धालु दिल्ही के पास हस्तिनापुर पहुंच कर वहाँ पारणा करते है । श्री आदीश्वर दादाने वहाँ पारणा किया था । उक्त मान्यताके आधार पर श्री श्रयास गन्नेका रस वहोरावे, श्री प्रभुजी को 'पारणा' भावसे कराते हैं ।

भेट सोगादोका छोर नही । भाई और बहनों का उत्साह अन्यत-अमीमित । 'पारणा' करावे और धर्मपसली भी दे । सगे-सबधी भी दोडते आ पहुंचे । कोई दर्शनार्थे और कोई

सुखशाता पूछनेके लिए आते है और अपने दिलमें आनंद मनाते है ।

१४५ "श्री दीवाली का पर्व"

दीपावलीमें प्रत्येक गृहमे दीपक प्रगटते है । ये, तो है, आत्मा की ज्योत । हमारे शासनपति मोक्ष सिधारे। भावदीपका अस्त हो जाने पर द्रव्यदीपकका प्रतीक प्रकटाते है । प्रकाशसे श्री नाथ की तारक आज्ञाको पहचान लो । मोहको मारो । श्रद्धाका प्राकटय करो । संवर भावमें आओ। आश्रवको दूर करो । मुक्ति की भावना भावो ।

छठ्ठ करे भाविक । 'गणणु' गणना करे श्रावक । रातमें देववन्दना होती है । नोकार वाली ६० गिनते है । श्री नाथ का जय जय उच्चार करते है । दुनिया के रंग राग विसर जाय ।

१४६. "नया वर्ष का प्रथम दिन"

कार्तिक सुदी प्रथमा १ नये वर्ष की नवलिका । श्री नाथ का शरण । आज्ञाका पालन । पवित्र विचार । ससार का स्पर्श नही । अब मुक्ति हाथवेत मे । श्री नाथ का नाम हृदय में धारण कर लो । हो जाओ बुद्धि का सुधार । देव-दर्शन-परस्पर का जुहार-प्रणाम । साधर्मिक वात्सल्य की विकसित भावना ।

बडी सुबह नवस्मरण-श्रवण । लब्धिनिधान-गुरु गौतमका रासा सुने और आनन्दे । श्री महावीर प्रभुश्री के प्रथम गणधर । 'अणहूंतु दिये' जिस को दिक्षा दे, उसी को कैवल्यज्ञान प्रकटे । श्री गणधर देव को वह प्रकट हुआ था । श्री नाथ के विरह-

विलाप से कार्तिक सुदी १ के दिन । वह था बहुत मननीय दिन ।

१४७ ।। "तिथियॉ-पर्व तिथियाँ"

सबल-सुयोग्य-आत्माकी धर्म आराधना सर्वदा-सर्व काल। वही कक्षा है, साधु साध्वीजी सस्याकी । सुश्रावक शक्य रीतिसे भावात्मक आराधना प्रतिदिन करनेके लिए उत्साही बने रहे। बाह्य तपादिक प्रतिक्रमणादिक-पौषधादि सामायिक सर्व कोई सदैव न भी कर सके। आराधना के बिना जीवन व्यर्थ, मानव-जीवन सर्वांगी सर्वविरतीके स्वीकारके लिये शक्य न बना सका। इसलिए ही श्रावकत्वमे शक्ति अनुसार शास्त्राज्ञा अनुसार विधिपुर आराधना करनेका भाव तो होता है न ? अगर सदैव न कर सके तो पर्वतिथि पर तो सही न ?

द्वितीया-पचमी-अष्टमी-अेकादशी-चतुंदशी-पूर्णिमा-अमावास्या-इत्यादि बारह तिथियाँ। जिनेश्वरदेवोकी कल्याणककी आत्म कल्याणक तिथियाँ । इन दिनोमे प्रतिक्रमण पौषध-एकासणा तप करनेके लिए श्रावक लालयित हो जाता है । ब्रह्मचर्य पालन तो होता ही है ।

इसके अलावा अपनी प्रथम महान् यात्राका दिन । उपधान तपका या सघ यात्रा दिन उत्सवदिन समकित या बारहमे से किसी भी व्रतका उच्चारणका दिन । इत्यादि दिनाकी आराधना, पुण्यात्माएं आराधना करके भव पार करना चाहते हैं । जीवनको सफल करते है । इसके सिवा छ अट्ठाईकी आदि आराधना सुप्रसिद्ध है । सिध्ध बननेके लिए। जमानेकी हवाने, आंग्ल अेज्युकेशनके वातावरणने, आराधनमे कमीना ला दी है । अवश्य, मातापिताकी बेदरकारी जिम्मेदार तो है ही । बचपनसे ही संस्कार सिंचन न करनेका परिणाम

है । अपितु ज्ञान-चक्षु खुलते नहीं हैं । रे, समझते हुए, बे-ध्यान रहते है । बहुत दूषण उद्‌भव हुए है । व्यवहार भी विगडा है । चारित्रका भी ठिकाना नहीं रहा है । अपितु बच्चोंको, यह विशिष्ट तिथिके आराधनमें संम्मिलित करनेकी इच्छा नहीं होती है । काल ! तेरी भी बलिहारी है न ?

१४८ "पच्चक्खानमें क्या आता है ?

तिथिके दिन पच्चक्खान आवश्यक माना गया है । प्रत्याख्यान संवर भावका है । आश्रव-आनेवाले कर्मोंकी रुकावट करनेका अमोघ उपाय है । अमुक-समय मर्यादा तक अमुक चीज-वस्तु की त्याग भावना रखना । कतइयोंकी मर्यादा लिमिट भी बन्धा जाती है ।

सूर्योदयके वाद ४८ मिनिट तक अशन पान-खादिम-स्वादिम चारोंका त्याग समझ पूर्वका वह त्याग नोकारसी । समय हो जाने के वाद मुष्टि बन्द करके तीन नोकार गिनकर पच्चक्खाण पारे ।

पोरसी—सामान्यतः सूर्योदयसे तीन घन्टों तकका—चार आहारोंका त्याग । चार आहार इस तरह—

अशन—दाल, भात, रोटी, शीरा, चाय, दूध-भाखरी इत्यादि ।

पान—निर्मल पानी-या भाँति भाँतिके पानी ।

खादिम-वादाम, काजू, पिस्ता, अखरट, आदि मेवे आदि ।

स्वादिम—तज, अेलायची, ताँवूल, लवंग, इत्यादि ।

सार्धपोरसी-४।। (साढे चारह घन्टोंके वाद) पुरिमुड्ढ छः घन्टोके बाद । निश्चित समय अर्ध दिनमान । सूर्योदयसे सूर्यास्त तकके समयका आधा हिस्सा । अवड्‌ढ-सूर्यास्त पहले

प्रथम पहरमे ।

वैसणा-दो समय पक्का ही भोजन लेना । आसन पर बैठके । पानी उबला हुआ-एकासणा-सिर्फ एक ही बार । आयबिल-सिर्फ भुंजा हुआ अनाज एक ही बार खाया जाय । तैल, घी, आदि विगयकी चिकनाहट न ले । दूध दही-सर्कराका अभाव । हरि सब्जी आदिका तो त्याग ही होता है । न धनिया जीरा, मरी मसाले मिर्च इत्यादि । आज कल मरी उपयोगमे लेते हैं । बलवन-पक्का निमक उपयोगमें लिया जा सकता है । उपवास-रात्रि-दिनका चार आहारोका त्याग वही है चौवीहारा । सूर्यास्त पहले पानी पीया जाय तो तिविहारा । छट्ठमे दो उपवास । अट्ठममे तीन । अट्ठाअीमे आठ उपवास करे ।

छट्ठ याने छ समयका आहार छोड दे । अट्ठममे आठ बार का । किस तरह ? प्रथम एकासणा । बादमे तीन उपवास । पारणे एकासणा-३×२=६+२=८ । अपितु सिर्फ तीन उपवासोको भी रूढीगत रीतिसे अट्ठम कहा जाता है ।

ये सब पच्चक्खाण अभग रहे, अखड रहे, किसी भी भूल हो जाने पर भी । इस मर्यादाको पच्चक्खानके आगार कहते है । मनके भाव सच्चे अखडित रहनेके कारण ही ।

'अन्नत्यणाभोगेण' ख्याल ही न रहा । भूलसे, हमेशाकी आदत के अनुसार कोअी भी चीज मुंहमे डाल दी, पीछे याद आ गया । तुरन्त ही याद आने पर विसर्जन कर डाले । देरी हुए याद आ जाय ऐसा भी बने । गुरुके पास शुद्धि करावे । 'सहसागारेण' यकायक बारीशकी बूंद मुंह मे गिर गई इत्यादि । 'महत्तरागारेण'-कोई भी श्री सघ आदिके-शासनके महान कारण के अनुसार गुर्वादिकी आज्ञासे पच्चक्खाण में परिवर्तन करना पडे । "सव्वसमाहिवत्तिआगारेण"-आत्माकी

भयंकर असमाधि होती हो। भयंकर रोग, पागलपन–उन्माद आदिके कारण। ये है मुख्य चार आगार। जिन प्रसंगोंमें पच्चक्खाणका भंग नही होता है। लगी हुई अतिचारकी, गुरु आज्ञाके अनुसार तप-स्वाध्याय आदिसे शुद्धि अवश्य करनी चाहिये।

अन्य आगार—वैसणाका एकासणेका–उपवास आदिके होते हैं। गृहस्थ आते–स्थलांतर इत्यादि। पैर ऊँचा नीचा करना पडे।

गुरुजीके आने पर भावसे खडे हो जाय। किसी भी कारणवश गोचरी शेष रह पाओ और उसीका उपयोग भी करना पडे। पहला और आखरी आगार खास करके साधु–साध्वीजी के लिए है।

आयंबिलके आगार लेपित आहार आ जाय। गृहस्थ संसृष्ट उत्क्षिप्त विवेक पडुच्चमृक्षित–पारिट्ठावणिया।

जलके–लेपित अलेपित–अच्छ–बहुलेपित्त–कणीयायुक्त। अल्पकणिया–युक्त। पाणहार–पच्चक्खाण शामको लीया जाता हैं? सिर्फ पानीका आहार मुक्त था, वह बन्द हो जाय। शामके वक्त चोविहारमें चारों आहारका विशेष त्याग होता है। तिविहारमें तीन आहार बन्द। पानीका उपयोग आवश्यकता होने पर हो सकता है। उक्त जल भी रात्रीके बारह के बाद बन्द किये जानेकी प्रणालिका है। अन्य मुढसी–वेढसी इत्यादि सुन्दर पच्चक्खाण भी है। खा पी लेने के बाद मुष्टि बन्द करके जहाँ तक नवकार न गीनूं वहाँ तक सब कुछ बन्द। वेढसीमें अँगुलीका एक अँगुलीसे दूसरी अँगुली तक घुमा जानेकी समय मर्यादा है। किसी भी रीतिसे जीव–आत्मा त्याग-तपके पंथकी ओर अग्रसर हों। अनादिकालकी आहार संज्ञा–सर्व दुःखका मूल, कम हो जायें। यह है योजना

पच्चक्खाणमें महर्षिओकी ।

१४६ "कर्म बंधके हेतु"

पच्चक्खाण आश्रवको कर्मबंधनको मिटाते हैं । कर्मबन्धन के मुख्यत चार हेतु हैं । मिथ्यात्व, अविरति, कषाय, योग ।

मिथ्यात्व—

सत्यको असत्य मानना । असत्यको सत्य मानना संसारको सुखकर या अच्छा मानना । सुदेवादिको न मानना कुदेवादिको मानना । मोहमे फँसे रहना ।

अविरति—

त्याग बुद्धिसे त्याग करने योग्यका त्याग करना संसार मात्र त्याज्य । उसमे अभक्ष्य अपेय अकार्य विशेषत त्याज्य । उसीका त्याग न करनेसे कर्म बन्धन होता ही रहे न ? यह सब त्याग न करना वे है अविरति ।

कषाय—

बहुत हडा कर जाने वाले । क्रोध-मान-माया-लोभ चारोकी चांडाल चौकडी । सारे विश्वको हैरान-परेशान करने वाले । आत्माके अनादि कालके शत्रु । ढोंगी मित्र बनकर बैठे हुए । उत्पातीया और संहारक कैसे कर्म-बन्धन करावे ?

योग—

मन-वचन-कायाका दुरुपयोग । गलत विचार । गलत ध्यान । अघटित बोलना । बना कार्य भाषण । शरीरका उपयोग परको परेशान करनेमें । बिना प्रयोजन चलना या बैठे रहना । इत्यादि, समझ न रखे तो प्रत्येक क्षणमे बन्धन होते रहते हैं ।

१५० "कर्मकी रुकावट करनेका उपाय-साधन" ।

'संवर भावसे रहना रे साधुजी ! ।' पाँच समितियाँ, तीन गुप्तियाँ, १० यति धर्म—२२ परिषह सहन करना । बारह भावना भावते रहना । बारह प्रकारका तप करते रहना । इत्यादि कर्म निरोध करने के कारण है । पालन करे, वह प्राप्त करे, माननेवाले जागृत बनेंगे । सग्राममें शस्त्रधारी और बलवान ही विजयी होते है न ? अनादिके शत्रु महा मोह और उसका परिवार-राग-द्वेषादि । शस्त्र भी उनके लिए तीव्र और तेजस्वी होने चाहिये न ? परमप्रभुश्री महातारक अरिहंत देवोंने बताये है ।

१५१ "छः लेश्या" ।

लेश्या है आत्माके परिणामकी अध्यवसायकी सूचक तीव्र दुर्भाव है, या उच्च कोटिका भाव है । यह सामान्यतः बाहरकी प्रवृत्ति परसे ही समझा जाय न ? एक उदाहरण समझ लें । छः मानव वनमें आये । जॉबून वृक्ष देखा । क्या जांबून खानेकी इच्छा न हो जाय । क्योंकि खानेकी आदत तो अनादि कालकी है ।

(१) कृष्णलेश्या—

महाक्रूर-दखनेमें भी काला कलूटा मानवी । कहता है, लगाओ कुल्हाडा मूलमें-गिरा दो वृक्षको नीचे । खाओ जाँबून ! आनन्द मनाओ ।

(२) नीललेश्या—

पहले से ठीक । परन्तु बुद्धि का बैल । बडी बडी शाखाऐं काटनेके लिए कहता है । लगाओ ढेर ।

(३) कापोतलेश्या—

थोडी सी दया युक्त । रे भाई ! छोटी शाखाऐ काट डालो । ढेर के ढेर तो उन ही पर भी हैं ।

(४) तेजोलेश्या—

जितने झुमखे हैं । उन सबको झिकट्ठे करके-करो ढेर । और मोज उडाओ जाँबूनोकी ?

(५) पद्मलेश्या—

अरे ! भाई । आवश्यक झितने झुमखे गनिमन हैं । सबोको तोड डाल कर क्या काम है ?

(६) शुक्ललेश्या—

देखो भाई । खानेका काम है । सुन्दर पक्के जाँबून जितने चाहिये गितने पेडके नीचे पडे हैं । खाकर तृप्त बनो । बिना कारण महापापसे क्या ?

ये छ विचार धाराएँ बहुत कुछ कह देती हैं । अन्यके अध्यवसायकी अच्छी—बुरी तीव्रताके प्रतीक है । कमसे कम पापोसे जीवन जीनेकी कला बतलाते हैं ।

आजके यह भयकर और क्रूरताके युगमे, विशेपत यह उपयोगी दृष्टात है । मौज शौकके कारण अहिसा तत्त्व बिलकुल भुला गया है । दयाभाव विलुप्त हो गया है । भयकर कर्म बन्धन आत्मा पर हो रहा है । बचे गे वे बलिष्ठ । बच सके उनकी बहुत प्रशसा भी ।

१५२ '१० प्राण ।"

"हान करे जो प्राण हत होगे" ५ इन्द्रियाँ, मन-वचन-काया, श्वासोश्वास और आयुप १० प्राण हैं । उनमें से एक को भी नुकसान पहुँचाया जाय, तो हिसा । अिन दसोके सहारे आत्माका ससार व्यवहार चलता है ।

एक इन्द्रियको ४-प्राण स्पर्शेन्द्रिय, कायबल, श्वासोश्वास, आयुष्य ।

दो	,,	६	उपरके	+ जीभ और वचन बल ।
तीन	,,	७	,,	+ नाक
चार	,,	८	,,	+ आँख
असंज्ञी पाँच	,,	९	,,	+ कान
संज्ञी	,	१०	,,	+ मन

आयुष्य बल-आयुष्यके कर्मदल परमाणु पूर्ण होने पर एक क्षण भी आत्मा देहमें रह ही नही सकती है ।

लोगोकी कहावतमें 'धनको पैसेको' ग्यारहवाँ प्राण कहा गया है । वह पैसे को, मर्यादा से भी अधिक प्रेम सूचित करता है । ऐसे अतिमोही जीवके, पैसे जाते ही उसके दसों प्राण भी नष्ट हो जाते है । मृत्यु हो जाती है । आत्मा शरीरका त्याग कर चला जाता है ?

इन सभी जानने योग्य बातोंसे, 'रागद्वेष-मोह' के त्रिदोष में से मुक्त हो जानेका ध्येय है । सम्यग् ज्ञानदर्शन-चारित्र औषध ही रामबाण है ।

१५३ "६ पर्याप्ति" ।

प्राणोके साथ ही पर्याप्ति पर विचार कर लेना चाहिये । पर्याप्ति उन उन वस्तुओंके पूर्ण की हुई शक्ति । ये शक्तियाँ जीवन जीनेमें उपयोगी है । उनके छ. प्रकार है ।

(१) आहार पर्याप्ति—

आहार योग्य पुद्गलों लेकर रस और खलरुप बनानेकी आत्म शक्ति ।

(२) शरीर पर्याप्ति—

रसके पुद्गलोको सप्त धातुरुप बनाकर शरीररुपे करनेकी शक्ति ।

(३) इन्द्रिय पर्याप्ति—
इन्द्रिय प्रायोग्य पुद्गलोको इन्द्रियमे परिणमनकी शक्ति।

(४) श्वासोश्वास पर्याप्ति—
श्वासोश्वास लेनेकी और छोडनेकी शक्ति

(५) भाषा पर्याप्ति—
वचन या शब्द उच्चार करनेकी शकित।

(६) मन पर्याप्ति—
मनद्वारा विचार करनेकी शक्ति।

एकेन्द्रियजीव —आहार—शरीर—इन्द्रिय—श्वासोश्वास— ४ पर्याप्ति।

विकलेन्द्रि-२ से ४ इन्द्रियवाले— } ऊपरकी + भाषा
—असज्ञी पचेन्द्रियजीव } = ५ पर्याप्ति।

सज्ञी पचेन्द्रिय ऊपर की + मन = ६ पर्याप्ति।

कर्मसत्ता पूर्व पापादि का यह भी एक नकशा है। अपने प्रायोग्य प्राप्त किये पहले, भी जीवो को मृत्युशरण, गर्भावस्थामे ही जाना पडे। परकी शक्तियों, परके हमला का ही यह परिणाम न? प्रकृति तन्त्र बिलकुल न्यायी। जैसा करो वैसा फल भुगते रहो।

१५४ 'देवाधिदेव श्री तीर्थंकर देव"

इन सभी बहुत महीन बातोंको एवम् अत्यन्त आवश्यक बातें अनत उपकारी अरिहत तीर्थंकर देवो के सिवा और कोन कह सकते हैं? आठ कर्मो और १५८ निम्न श्रेणी के भेदोकी प्रक्रिया जो बिलकुल अजायबीसे पूर्ण वैज्ञानिक प्रक्रिया है। उनकी मेथेमेटीकल-सिद्धात पूर्वक गिनती की है। और

गिनती पुरसः परिणाम भी है । उदय-उदीरणा । उदीरणा-माने भविष्यमे आनेवाले उदयको तत्कालीन उदीयमान कर देना । एक कर्म का अन्य रुप में संक्रमण । पाप का पुण्य में और पुण्य का पाप में इत्यादि अजब प्रक्रियाँ । अद्‌भुत रासायणिक आत्मप्रयोग बतानेवाले सचमुच तीर्थंकर देव ही है ।

स्वतः बहुत सहकर घोरातीघोर दुःख सहकर, समतारसमें निमग्न रहकर, प्रशम की वायु से कषायों को दूर फेंक देनेवाले श्री तीर्थंकरों की आत्माएं है । देशनाशक्ति अनुपम और अनोखी-वेनमून होती ही है । परमोपकारिता निःस्वार्थता भी कमाल है । एकांत कल्याणकर मार्ग के प्रणेता । मामका-परकीय ऐसा नाम-निशान भी नही । विश्वविजेता सर्वजीव-त्राता, त्याग उत्कृट, विराग अत्यन्त अपार । समवसरण-ऋध्धि अन्य किसी के अन्य स्थल में नही । रत्न जडित सिंहासन पर बैठे श्री नाथ । देशना दे पूर्ण विराग । "कनक कमल पर पैर पडते जायें, परन्तु आसकित का नहीं कुछ नाम" ६४ इन्द्र सेवक रूपमें रहे । राग मात्र श्री नाथ ना धरे मुक्ति स्वयम् आकर खडी रह जाय सामने ।

१५५. 'ऐसे अरिहंतके मुख्यतः १२ गुण सर्वजगदृष्ट ।"

देवकृत भकित सुरभिमें से प्रकटते प्रातिहार्य-८ सर्व-जन आकर्षक गुण या विशेपताएँ ।

(१) अशोकवृक्ष-

अरिहत के शरीर प्रमाण से बारह गुना ऊँचाई का वृक्ष समवसरणमें ।

(२) सुरपुष्पवृष्टि-

समवसरण और उसके आसपास पंचवर्णवाले सुरभियुक्त

पुष्पो के ढेर लगे हुए ।

(३) दिव्यध्वनि–

वीना बाँसुरी आदि द्वारा श्री नाथकी 'मालकोष' राग की देशना मे पूरकता ।

(४) चामर—

भगवतको दोनो ओर चमर ढलुवाते

(५) आसन—

रत्नयुक्त सिंहासन श्री नाथ को बैठनेके लिए ।

(६) भामंडल—

भगवतके पीछे देवरचित तेजका वलय

(७) दुंदुभि—

आकाशमे बजती भेरी-वीणा । सबको जागृत और सावधान करती ।

(८) छत्र—

हीरा-माणिक-मोतीसे सुशोभित सार, तीन छत्रोंका अधिकार ।

(९) अपायापगमातिशय—

राग-द्वेष-अपाय दु ख है.। श्री नाथ उसका 'अपगम' नाश करे । अपने अपाय तो बीत चुके है । श्री नाथ जहाँ होते हैं, उनकी चारो दिशाओमे १२५ योजनमे न बीमारी, न महामारी-मरकी, न अकाल-दुकाल । परन्तु सर्वत्र हरियाली होती है । कारण क्या । कारण स्पष्ट है ही । पूर्वमे तीसरे भवमे, 'सवी जीव करूँ शासन रसी, ऐसी 'भाव-दया' दिलमे तरवतर भरी है । शासन रसी माने सर्वोत्कृष्ट समाधि-शांति सुखकी चाहना ।

(१०) ज्ञानातिशय–

चराचर विश्वके सभी पर्यायोको जाननेवाले और देखनेवाले ।

(११) पूजातिशय–

परमोच्च कोटीकी देवेन्द्र सेवा करते है ।

(१२) वचनातिशय–

३५ गुणयुक्त वानी । देव–मनुष्य तीर्यंच–सव अपनी अपनी भाषामें समझ सके । चार जोजन तक एक ही रीतिसे सुनी जा सके वैसी । "योजन गामिनी वानी मधुर" ।

१५६. "३४ अतिशय" ।

सबसे अनौखे उच्चे चिन्ह या आश्चर्यजनक ऋद्धि ।

४ जन्मसे प्राप्त–(१) शरीर अद्‌भुत मनोहर सुरभियुक्त–रोग अस्वेद रहित । (२) श्वास कमल-सा सुरभियुक्त (३) लहू– माँस –दूध जैसा श्वेत । (४) आहारनिहार–चर्म चक्षुसे न देखा जाय । बिलकुल देखनेमें भी न आवे ।

१९ देवकृत–८ प्रातिहार्यमें तेजमंडल और दिव्य–ध्वनिके सिवा (६) आकाशमें धर्मचक्र (७) रत्नमय हजार योजन ऊँचा धर्म ध्वज (८) नौ सुवर्ण कमल (९) रजत सुवर्ण–रत्नके तीन गढ । (१०) चतुर्मुख देशना, (११) काँटे उलटे बन जाय । (१२) वृक्ष नमन करते हैं । (१३) सानुकूल वायुका बहना (१४) पक्षी भी प्रदक्षिणा करें । (१५) सुरभियुक्त पानी की छिडक बनी रहे । (१६) मस्तक–दाढी–मुछ–बाल इत्यादि केश नखुन न बढने पावे । (१७) कमसे कम एक

कोटी देवगण सेवामे और उपस्थित रहे। (१८) ऋतुएँ सानुकूल बनी रहे। (१९)

११ कैवल्य ज्ञानके बादके—(१) एक योजनमे सर्व पर्षद कोटी गम भीतर आ जाय देव-मनुष्य-तीर्यंच। (२) सर्व अपनी अपनी भाषामे योजन तक सुन सके। (३) तेजोमडल (४) भगवतकी चारो दिशाओमे २५ योजन और उर्ध्व अधः १२॥ योजन रोगोत्पत्ति नही। (५) सवासो योगन तक वैर-जहर नही। ६ सात इति नही। (७) महामारी-मरकी नही। (८) अतिवृष्टि नही। ९ अल्पवृष्टि नही (१०) अकाल नही (११) स्वचक्र भय नही और परचक्र भय नही।

१५७ "३५ गुण वाणीके"।

सामान्य जनकी वानी हित-मिष्ट-मित-काय साधक होती है। तीन जगतके तारक और मोह मारक, अनिष्टोके घातक, आत्महितके साधक प्रभुश्री की बानीमे बढिये गुण होते है उसमें आश्चर्य भी क्या ? ईनमेसे-गुणोमेसे विशेषणो द्वारा बहुत सी वस्तुएँ जानने योग्य प्राप्त होती है। धर्मोपदेश और सामान्य बातचीतमे भी कैसी भाषामे बोलना-कैसे बोलना-वहाँ भी ध्यान देकर सीख लेने योग्य है।

(१) अक्षर आदिकी सस्कारवाली (स्पष्ट) (२) ऊँचे स्वरमे बोली जाती (३) शोभायुक्त (४) मेघ गभीर (५) प्रतिघोष करती हुई (६) सरल (७) मालकोष रागमे यह सात गुण शब्दोच्चारके है। (८) बडे अर्थ पूर्ण (९) पूर्वापर अविरोधी (१०) वक्ताकी विशिष्ठता प्रतिपादित करती हुई (११) बीना सदेह (१२) परके दूषणसे दूर (१३) मनको उलासती (१४) पद-वाक्य मिलावट करती (१५) अवसरोचित।

(१६) वस्तु के स्वरुपको प्रतिपादित करती (७) न त्रुटक या न अति विस्तृत। (१८) स्व-प्रशसा या पर निदाके बाहरकी (१९) कहने योग्य बातको उत्तम रीति से पेश करती। (२०) स्निग्ध, मधुर (२१) प्रशंसा मिल जाय वैसी (२२) किसीके मर्मको न प्रकट करती हुअी २३) उदार (२४) धर्म-अर्थ-सबध युक्त (२५) विभक्ति-काल-बचन-लिंग संमिलित (२६ विभ्रम-विक्षेप के बाहर की (२७) आश्चर्ययुक्त (२८) अपूर्व (२९) अविलम्बी (३०) वर्णन करने योग्य का वर्णन करती हुई। (३१) विशेषता बतलाती (३२) सत्त्वगुणी (३३) अक्षर-पद-वाक्य की स्पष्टता युक्त (३४) निश्चित ध्येय को सिद्ध करने पर मुक्ताक (३५) श्रोताजनो को आह्लादक।

१५८. "सिद्ध भगवंत"

संसार का अत करनेवाले। सिद्धशिला से परे विराजमान। अजन्मा बने हुए। चार अघातियों का भी अतक। एक ही समय में सात राज को पार करनेवाले। प्रतिदिन अनंत अव्याबाध सुख में विहार करनेवाले। अनंत सुख-शांति-गुण के आलिक।

मुख्य गुणों की गिनती करे तो आठ

अनंतज्ञान, अनंतदर्शन, अव्याबाध सुख, क्षायिक सम्यक्त्व चारित्र, अक्षयस्थिति, अरुपी, अगुरुलघु अवगाहना, अनंतसुख।

आठ कर्मो के सम्पूर्ण नाश होने पर ये गुण स्वाभाविक रीति से प्रकट होते हैं। सिद्ध भगवन्त हमारे लिए प्रेरणा स्थान हैं। आदर्श लक्ष्य है। अिस लक्ष्य के बिना धर्म करणीकी कोई विशेप कीमत नहीं है। मुक्ति प्राप्तिके बिना ध्येय की कोई भी क्रिया प्रायः साफल्य-फ़लवती नहीं है। व्रत-पच्चक्खान,-सामायिक-प्रतिक्रमण-जप-तप सभी प्रकारो की हमें उपयोगिता

है ही। परन्तु वह भी सिद्ध बनने की एक भावना से। यह भावना संसार सुख का त्याग कराती है। सुखों की क्षणिकता-मारकता-महारौद्रता समझाती है।

श्री तीर्थंकर देव, कैवल्यज्ञानी महात्मा, गणधर-सुरीश्वर, साधु महात्मा, साध्वीगण, श्रावकश्राविकागण, सिर्फ सिद्ध बनने के लिए इतने कष्ट उठा रहे हैं। सम्यग् श्रद्धापूर्वक प्रयत्नशील हर कोई महाभाग सिद्ध बन सकते हैं। और बनेंगे भी। सिद्ध भगवन जीवों के समक्ष श्रेष्ठ आदरणीय शिखर है।

१५९ "'तीर्थ' स्थानों की महिमा।"

तीर्थ याने संसार पार करनेका साधन। पार करे वही तीर्थ। किसने पार करे। संसार सागर से। किसको पार करेंगे। जिसको इच्छा होगी उसीको। संसार सागर में डूब जानेका जिसको भय लगेगा उसीको। जिसको ऐसा लगे कि मेरी आत्मा हैरान-परेशान हो रही है। उसीको। आधि-व्याधि उपाधिसे पूर्ण यह संसार बड़ा भयानक है। जन्म और मृत्यु आदिवाले महा रोग है। संयोग के पीछे वियोगका महादुःख खड़ा है। राग द्वेष और मोहका सन्निपात लगा है। जड़ पुद्गलोंकी माया जालमें फँसा हुआ है। जिस प्रकार का समझवालोंके लिए तीर्थ स्थान अनुपम प्रेरणा धाम है।

तीर्थोंकी तारकता असरकारक है। पारसमणि लोहेको सिर्फ लगाते ही सुवर्ण बना देता है। कोई पंक-मैल न लगा हो तो। तीर्थ आत्माको शुद्ध स्फटिक स्वरूप होनेका स्वाद चखाता है। कर्मों के बड़े बड़े ढेरोंको दूर कर देते हैं।

त्वके तेजका भान कराता है । सौम्य, सुन्दर, मनोहर आकृति जिन प्रतिमा प्रेरणाका पान कराते है । श्री नाथकी उत्कृष्ट आचरणका ख्याल होता है । समझ जागृत होती है । सत्यको खोजकी । दुष्ट आचरणकी रुकावट करता है । रणसंग्राम शुरु होता है । अनादि कालीन हठी कर्मो और सुरेख बने हुए आत्माके बीच ।

तीर्थंकर देवोके पांचों कल्याणकोंकी भूमिकाए-शत्रुंजय महातीर्थ जहाँ समोसर्या आदीश्वरदादा, पूर्व निन्यानवे दफे श्री गीरनारजी जहाँ दीक्षा, कैवल्य ज्ञान, ओर मोक्ष तीन कल्याणक श्री नेमिनाथके । और जहाँ भावी चोवीस तीर्थंकर मुक्ति पधारेगे । श्री शिखरजी-बीस तीर्थंकरोंकी मोक्ष गमन भूमि । सिवाय श्री शखेश्वरजी कुल्पाकजी आदि अनेकानेक तारक तीर्थ । कुल्पाकजीके प्रभुश्री भरत चक्रवर्तीजीके समयके ओर उन्होने स्वयम् कारित । ठीक नजदीक मे श्री भगवन्त महावीर का विशाल काय बिम्ब पीरोजी रग उनमे अनोखी चोकडियाँ । ऊध्व पद्मासन मे स्थित । भारतभरमें ऊध्व पद्मासन स्थित, अन्य प्रतिमा प्रायः अप्राप्त है ।

तीर्थ पावनकार । कर्मदाहक दावाग्नि । भावसे विधिसे पूजा की जाय वो परमात्माकी मूर्ति तारक तो होती है ही परन्तु उक्त भूमिका स्पर्श महौषधि है । वहाकी आबोहवा आत्म सुवास को खिला देती है । ऐसे पवित्र वातावरणको जमानने विषमें परिवर्तन करके पलटना शुरू कर दिया है । विलास और निमर्याद हावभावसे, पुण्यस्थानमें महामारक पापोका संग्रह होने लग गया है । तैरनेके स्थान पर डूब जानेका खेल शुरू हो गया है ।

उन जीवोका बडा गुनाह नहीं है, । भयकर वातावरणका जालिम असर है। माँ बापके अज्ञान और बेफिक्रीका यह परिणाम है। अज्ञान ही महापाप है। पूज्य मार्गानुसारी साधुओंका सम्पर्क नही। वाचन उच्च कक्षाका नही। मगर हो तो भी विस्कार प्रेरक और उन्मादक। उन्मादक विचारोमे मर्यादा नही टिक सकेगी। मर्यादाके सिवा आत्मा भटकते जानवर बनता जैसा है। तारक तीथ को छेदवाली नाव जैसा बना देता है। चेतनेवाले जीत जायेंगे।

१६०. 'छरी' पालता हुआ संघ।'

तीर्थयात्रा छ'री' का पालन कर के करनी चाहिये। पहले के समय मे और आज के काल में भी कोई कोई महाभाग सामुदायिक सघ यात्रा कराते है। उसमे छ मुख्य ध्यान देने योग्य बातें होती ह। और उनका पालन भी सविशेप होना है।

(१) भूमि पर सथारोकारी (२) नारीसग परिहारी (३) सचित्त परिहारी (४ एकन आहारी (५) पादचारी (६) उभय समय प्रतिक्रमणकारी।

इस तरह इन छ बातो मे करने योग्य करनेवाले, ताज्य योग्य का ताज्य करनेवाले, छ "री" पालन कहा जाता है।

(१) जमीन पर सिर्फ एकपटी गरम आसन (सथारा) और ऊपर चादर के स्थान पर उत्तरपट्टा बिछाकर सोना।

(२) स्वस्त्री का भी यात्रा दरमियान पूणत त्याग चेन-चेष्टा भी नही।

(३) सचित्त क्या ? जिस वस्तु में स्पष्ट-जीव शरीर का अस्तित्व है । जैसे कि वनस्पति अग्नि [illegible] और अनुभव है ? जैसे कि कच्चा पानी सचित्त है ।

ठीक अग्नि से परिपक्व बनकर अचित्त बन जाती है । फलादि के रस निष्पन्न हो जाने के बाद ४८ मिनिट के बाद अचित्त हो जाते हैं । सचित्त का उपयोग नहीं करने से स्वाद त्याग थोड़े से अंशो में हिंसा त्याग इत्यादि बहुत से लाभ हैं । त्यागवृत्ति सिद्ध होती है । यात्रा काल में सचित्त सर्वथा त्याज्य है ।

(४) एकल आहारी अर्थात् एक समय भोजन अर्थात् एकासणा जिसमें सचित्त तो त्याज्य ही होता है न ? क्यों कि पानी ठीक से तीन उबालों के बाद ही, उपयोग में लिया जाता है । साथ ऊणोदरी तो होती ही है न ? ऐसा नहीं कि एक समय का भोजन लेना है, इसलिये थोड़ा और दबाकर खा लें । ऊणोदरी के साथ एकासणा याने, तन-मन-आत्मा की प्रफुल्लता, धर्म आराधन में स्फूर्ति और सावधानी ।

(५) पादचारी : -किसी भी वाहन का उपयोग नहीं करना । पैदल ही चलना और वह भी जूते के बिना । निम्न दृष्टि से, साढे तीन हाथ की दूरी तक निगाह डालते हुए जीवदया के उपयोग के साथ । यह है महालाभ । 'आत्मवत् सर्वभूतेषु' । टेकसी मोटर या बस, ट्रेन में क्या ऐसा लाभ सुप्राप्य है ?

